आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 169, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में ओली ने ली शपथ 14

विक्की-एमी के साथ तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री 13

## कारोबारी ने की गोली मारकर आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मनोज कुमार (फाइल फोटो)

- लखीमपुर खीरी के मैगलगंज निवासी मनोज की सीतापुर के पिसावां में थी दुकान

**अमृत विचार :** सैरपुर इलाके में स्थित ओयो होटल ड्रिप इन में मनोज कुमार सोनी (34) ने खुद को गोली मार ली। मौके पर उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मनोज लखीमपुर खीरी के मैगलगंज के रहने वाले थे। मौके से एक तमंचा, एक कारतूस और सुसाइड नोट बरामद हुआ है। वहीं होटल के बाहर कार मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर के मुताबिक लखीमपुर खीरी के मैगलगंज निवासी मनोज कुमार सोनी सर्राफा कारोबार थे। उनकी सीतापुर के पिसावां के बरगवां बाजार में दुकान है। पिछले तीन दिन से वह सैरपुर इलाके के ओयो होटल ड्रिप इन के कमरा नंबर-10 में ठहरे थे। सोमवार दोपहर ढाई पुलिस को होटल के कर्मचारियों ने दिया कि मनोज ने खुदकुशी कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू किया तो कमरे में एक तमंचा, खोखा और एक कारतूस मिला। पास में एक सुसाइड नोट भी मिला। जिसमें मनोज ने सीतापुर की रहने वाली महिला मित्र पर कई गंभीर आरोप लगाये। उसकी की हरकतों से तंग आकर उसने खुदकुशी करने की बात लिखी थी।

### नौ बजे घरवालों को भेजी थी फोटो

प्रभारी निरीक्षक सैरपुर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मनोज के मोबाइल की जांच की गई तो कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना करीब 10-11 बजे के बीच की है। होटल कर्मियों ने वारदात के करीब तीन घंटे बाद पुलिस को सूचना दी। मनोज ने मोबाइल से नौ बजे के करीब परिजन के नंबर पर अपनी फोटो भेजी थी। इसी से अनुमान लगाया जा रहा है। इसके बाद ही खुदकुशी की थी। मनोज के दाहिनी कनपटी पर गोली लगी है।

## सब्जियों के दाम चढ़ने से थोक महंगाई डेढ़ साल में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

### जून में बढ़कर 16 महीने के उच्च स्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंची

- जून 2023 में शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी थोक महंगाई



खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी 2023 में 3.85 प्रतिशत थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि जून, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विनिर्मित वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि है। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। आलोच्य महीने में फलों की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत, अनाज 9.27 प्रतिशत और दूध की महंगाई दर 3.37 प्रतिशत रही।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जून, 2024 में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि व्यापक थी। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई, 2024 में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। नायर ने तेल की कीमतों के संबंध में कहा कि भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई, 2024 में अबतक काफी अस्थिर रही है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें चालू महीने में थोक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती हैं। ईंधन और बिजली की महंगाई दर 1.03 प्रतिशत रही।

### सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 145 .52 अंक की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 80,664 .86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 .2 अंक तक चढ़कर 80,862 .54 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84 .55 अंक की बढ़त के साथ 24,586 .70 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ।

### एक नजर

#### जेल में ही रहेंगे केजरीवाल नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी घोटाले से उपजे धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका सोमवार को 7 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की। हाईकोर्ट ने इससे पहले अधीनस्थ अदालत के 20 जून के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें केजरीवाल को मामले में जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा याचिका पर सुनवाई करने वाली हैं। उन्हें केजरीवाल के वकील ने सूचित किया कि ईडी ने रविवार देर रात अपने प्रत्युत्तर की प्रति सौंपी है और उन्हें जवाब दाखिल करने को कुछ समय चाहिए।

#### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को बढ़ा दी। सीबीआई और ईडी के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिकाएं 30 अप्रैल को खारिज कर दी थीं।

## भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा एएसआई ने हाईकोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

### हिंदू पक्ष ने किया दावा- सर्वे में ऐसे कई साक्ष्य मिले जो साबित करते हैं यहां मंदिर था

इंदौर, एजेंसी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने धार जिले में स्थित भोजशाला का वैज्ञानिक सर्वे पूरा कर अपनी रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच को सौंप दी है। अब 22 जुलाई को इस मामले पर सुनवाई होगी। एएसआई के अधिवक्ता हिमांशु जोशी ने 2,000 से अधिक पन्नों की रिपोर्ट उच्च न्यायालय के पंजीयक को सौंपी। चार जुलाई को उच्च न्यायालय ने एएसआई को आदेश दिया था कि वह विवादित 11वीं सदी के स्मारक के परिसर में लगभग तीन महीने तक किए सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट 15 जुलाई तक पेश करे। इस स्मारक को लेकर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विवाद है। इधर, हिंदू पक्ष के वकील की ओर से दावा किया गया कि सर्वे के दौरान कई ऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो साबित करता है कि यहां मंदिर था।



- 2000 पेज की रिपोर्ट, 22 जुलाई को मामले में फिर से होगी सुनवाई

मध्य प्रदेश के धार जिले में बने भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है , जबकि मुस्लिम पक्ष 11 वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नामक संगठन की अर्जी पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को इस परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। इसके बाद एएसआई ने 22 मार्च से इस विवादित परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया था जो हाल ही में खत्म हुआ।

भोजशाला को लेकर विवाद शुरू होने के बाद एएसआई ने सात अप्रैल 2003 को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के अनुसार पिछले 21 साल से चली आ रही व्यवस्था के मुताबिक हिंदुओं को प्रत्येक मंगलवार भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है , जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने अपनी याचिका में इस व्यवस्था को चुनौती दी है।

अधिवक्ता हरि शंकर जैन कहते हैं कि पहली याचिका जो हिंदुओं की तरफ से मैंने दाखिल की थी, उसमें महत्वपूर्ण सफलता मिली है। ये बात रिपोर्ट में साबित हो गई, कोई इसे काट नहीं सकता कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। दावा किया कि 94 से ज्यादा टूटी मूर्तियां प्राप्त हुई हैं। वहां सारे खंभों पर वेद-शास्त्रों के चिन्ह मिले हैं, श्लोक लिखे मिलें हैं। पुरानी कलाकृतियां मिली हैं। बहुसंख्या में इतनी सामग्री है, कि कोई भी देखकर कह देगा कि यह भव्य पाठशाला और मंदिर था।

### हमारा पक्ष मजबूत, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : हिंदू पक्ष

हिंदू फ्रंट ऑफ जस्टिस के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा है कि एएसआई की रिपोर्ट ने हमारे मामले को मजबूत किया है। हमने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के सामने कहा था कि यह परिसर एक हिंदू मंदिर का है। इसका इस्तेमाल मस्जिद की तरह हो रहा है। 2003 में एएसआई ने जो आदेश पारित किया था, वह पूरी तरह गलत है। देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है। हमारी याचिका पर हाईकोर्ट ने एएसआई को वैज्ञानिक सर्वे के निर्देश दिए थे। रिपोर्ट में हमारा पक्ष मजबूत हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की कार्यवाही पर स्टे दे रखा है। इस वजह से हम सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं।

## टिहरी बांध की तर्ज पर उप्र में भी बनेगा पंप स्टोरेज प्लांट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

- मुख्यमंत्री का निर्देश, रिहंद बांध व ओबरा जलाशय क्षेत्र में करें संभावना का अध्ययन

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की टिहरी बांध बिजली परियोजना की तर्ज पर प्रदेश में भी पंप स्टोरेज प्लांट लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग के अधिकरियों को रिहंद बांध, ओबरा जलाशय व आस-पास के क्षेत्रों का अध्ययन कर प्लांट लगाने की संभावना तलाशने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सोमवार को सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में ज्यादा से ज्यादा बिजलीघर लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किया जाय।

वर्तमान में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 तापीय परियोजनाएं चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20,062 मेगावाट की मांग थी, जो इस गर्मी में 30,618 मेगावाट तक पहुंच गई थी। आम लोगों की आवश्यकता को देखते हुए मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराया जाय।

### बकाया वसूली के नाम पर न हो उत्पीड़न

मुख्यमंत्री ने कहा कि मीटर जांच व उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के नाम पर उनका उत्पीड़न न किया जाय। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही बिल, समय पर बिल देना व उपभोक्ताओं से बिल वसूल करना है। यह सुनिश्चित किया जाय कि उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले। उपभोक्ताओं से संवाद बनाएं। इसके लिए वितरण निगम से लेकर फीडर तक सभी को ठोस प्रयास करना होगा।

### नए कनेक्शन शुल्क में एकरूपता लाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए बिजली कनेक्शन शुल्क तय करने को लेकर आमतौर पर लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें। अनावश्यक 'इंफ्रास्ट्रक्चर' चार्ज को कम किया जाय। आम लोगों की सुविधा और सहूलियत को प्राथमिकता दें। हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना जरूरी है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाय। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाय।

### 5 माह में तैयार हो जाएगा 594 किमी मार्ग

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर दिसंबर से भरें फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- घटेगी पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच की दूरी और देरी

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण का कार्य तेज गति से जारी है। इसके मुख्य मार्ग का काम महाकुंभ 2025 को देखते हुए दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मेरठ के बिजौली से प्रयागराज के जूडापुर दांदू तक 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच की दूरी और सफर का समय घट जाएगा।

प्रदेश के 12 जिलों से गुजरने वाला यह एक्सप्रेस-वे शुरुआत में 6 लेन का बनाया जा रहा है, जिसे आगे चलकर 8 लेन का किया जाना है। 120 मीटर चौड़ाई वाले एक्सप्रेस-वे को 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार भरने की नजर से तैयार किया जा रहा है।

शासन से साझा की गई जानकारी के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह ड्रीम प्रोजेक्ट किसी एक राज्य में बनने वाला अबतक का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा। उप्र. में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में गंगा एक्सप्रेस-वे मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। लगभग 7453.15 हेक्टेयर भूमि पर बन रहा यह एक्सप्रेस-वे राज्य के 518 गांवों से भी गुजरेगा। एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है। गंगा एक्सप्रेस-वे को चार ग्रुपों में बनाया जा रहा है। इनमें मेरठ-बदायूं 129.70 किमी, बदायूं-हरदोई 151.70 किमी, हरदोई-उन्नाव 155.70 किमी और उन्नाव-प्रयागराज 156.85 किमी का निर्माण हो रहा है। मुख्य कैरिज वे को पूरा करने का लक्ष्य 31 दिसंबर है, जबकि अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए नवंबर 2025 तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मेरठ-बदायूं के बीच गंगा नदी पर 960 मीटर और बदायूं-हरदोई के बीच रामगंगा पर 720 मीटर लंबा पुल भी निर्माणाधीन है।

### 14 मुख्य ब्रिज, 7 आरोबी और 32 फ्लाईओवर होंगे

यह एक्सप्रेस-वे 14 मेजर ब्रिज, 7 आरओबी और 32 फ्लाईओवर से होकर गुजरेगा। इस पर शाहजहांपुर के जलालाबाद के पास साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी भी होगी, जिस पर किसी भी आपात स्थिति में बड़े बोइंग विमान उतर सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे पर मेरठ और प्रयागराज में दो मुख्य जबकि अन्य स्थानों पर 15 रैम्प टोल प्लाजा होंगे। इसपर 9 जन सुविधा परिसरों की भी स्थापना होगा।

## नीट-यूजी से संबंधित याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित की गईं

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए की याचिका पर पक्षकारों को नोटिस, 18 को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। एनटीए के अधिवक्ता की नोटिस जारी करने की दलील पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया।

### 19 जुलाई को फिर होगा सीयूईटी-यूजी

**नई दिल्ली।** सीयूईटी-यूजी 2024 के नतीजों के इंतजार के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने उन छात्रों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है, जिन्होंने परीक्षा को लेकर शिकायतें दर्ज कराई थीं। जारी नोटिस में एनटीए की ओर से कहा गया है कि इन शिकायतों के आधार पर प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 19 जुलाई 2024 शुक्रवार को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। एडमिट कार्ड जल्द ही जारी किए जाएंगे।

## पंचायतों के खाली पदों पर होंगे उप चुनाव

### अधिसूचना जारी

**लखनऊ।** प्रदेश में पंचायतों की खाली पड़ी सीटों पर उप चुनाव कराए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। चुनाव कार्यक्रम के तहत जिला व क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम पंचायतों में प्रधान व सदस्यों के चुनाव कराए जाएंगे। प्रधान व सदस्य के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 22 जुलाई है। 23 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 24 जुलाई को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह मिलेंगे। 6 अगस्त को मतदान और 8 अगस्त को मतगणना होगी।

## दिल्ली पुलिस ने दाखिल किया पूरक आरोप पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

### संसद सुरक्षा चूक मामला

- सभी आरोपियों पर चलेगा यूएपीए के तहत मामला

दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में सोमवार को यहां एक अदालत में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। संसद की सुरक्षा में चूक की घटना पिछले साल 13 दिसंबर को, 2001 के आतंकी हमले की बरसी पर हुई थी। मामले के सभी आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मिलने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने बहस के लिए दो अगस्त की तारीख तय की और सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी।

इससे पहले सात जून को पुलिस ने सभी छह गिरफ्तार आरोपियों -मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत के खिलाफ लगभग 1,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया था। संसद पर पिछले साल 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की घटना हुई थी, लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए थे।

## तौकीर की नई सियासत... 23 हिंदू युवाओं का कराएंगे सामूहिक निकाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

### बोले- इस्लाम में हैं इन हिंदू युवाओं की आस्था, पहले से रह रहे हैं मुस्लिम लड़के-लड़कियों के साथ, निकाह कराने के लिए किया है आवेदन

**अमृत विचार :** अपनी सियासी पार्टी इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के बैनर तले मौलाना तौकीर रजा खां ने 23 हिंदू युवाओं का निकाह कराने का एलान किया है। उन्होंने आईएमसी की ओर से प्रशासन से इसके लिए बाकायदा अनुमति भी मांगी है। तौकीर रजा का कहना है कि इन हिंदू युवाओं की इस्लाम में आस्था है। उन्होंने धर्म परिवर्तन करने और उन मुस्लिम युवक-युवतियों से निकाह कराने के लिए आईएमसी को आवेदन भेजा है, जिनके साथ वे पहले से रह रहे हैं।

आईएमसी प्रमुख ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दो साल पहले दरगाह आला हजरत पर यह पाबंदी लगाई गई थी कि जो युवा किसी लालच में या इश्क के कारण इस्लाम कबूल करना चाहते हैं, उन्हें मुसलमान नहीं बनाया जाएगा, मगर पिछले कुछ दिनों से दबाव बहुत बढ़ गया है। उनके पास कई ऐसे हिंदू युवा आए हैं, जिनके दफ्तरों में साथ काम करने या दूसरे कारणों से संबंध हो गए हैं। इनमें से ज्यादातर धर्म परिवर्तन कर चुके हैं और तमाम युवा लिव इन रिलेशनशिप में हैं। मौलाना तौकीर ने कहा कि आईएमसी के पास इस वक्त आठ लड़के और 15 लड़कियों समेत 23 हिंदू युवाओं के आवेदन हैं जो इस्लाम कबूल करना चाहते हैं। एक मामला मध्य प्रदेश का है, बाकी बरेली और आसपास के जिलों के हैं। पहले चरण में पांच जोड़ों का सामूहिक निकाह खलील हायर सेकेंड्री स्कूल में 21 जुलाई को कराया जाएगा। मौलाना ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से अभी वह इन युवाओं का ब्योरा जारी नहीं कर रहे हैं। ऐसे युवक-युवती जो लिव इन में रहकर हराम काम कर रहे हैं, वह उन्हें इससे बचाना चाहते हैं।

### प्रशासन से मांगी है अनुमति, अभी नहीं मिला जवाब

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि 11 जुलाई को आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने सिटी मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर पहले चरण में 21 जुलाई को पांच हिंदू युवाओं का सामूहिक निकाह कराने की अनुमति मांगी है। सिटी मजिस्ट्रेट को दिए पत्र में बताया गया है कि इन हिंदू युवक-युवतियों की इस्लाम में आस्था है और वे धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम लड़के और लड़कियों से शादी करना चाहते हैं। उन्हें किसी तरह का प्रलोभन नहीं दिया गया है, न कोई दबाव डाला गया है। वे शपथ पत्र देने को तैयार हैं। मौलाना ने कहा प्रशासन से अभी कोई जवाब नहीं मिला है लेकिन उम्मीद है कि अनुमति मिल जाएगी क्योंकि वह कोई गैर कानूनी काम नहीं कर रहे हैं।

### 21 को पहले चरण में खलील स्कूल में पांच जोड़ों का निकाह

आईएमसी के संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने 21 जुलाई को सामूहिक निकाह के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया। मेरे स्तर से यह आवेदन जांच के लिए पुलिस को भेज दिया गया है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर आगे फैसला लिया जाएगा।

– राजीव शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट

### शहर इमाम बोले... सियासी मायनों का पता नहीं पर बिना जबर्दस्ती हो रहे हैं तो ये निकाह जायज

शाही जामा मस्जिद के शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने मौलाना तौकीर के एलान पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि आईएमसी के इस आयोजन के सियासी मायने क्या हैं, यह तो वह नहीं जानते। लेकिन यह सही है कि बिना निकाह के एक साथ रहना इस्लाम में पूरी तरह नाजायज और हराम काम है। उन्होंने कहा कि अगर बिना किसी जोर-जबर्दस्ती के सामूहिक निकाह कराया जा रहा है तो इस्लाम इसकी इजाजत देता है। शरई तौर पर इसमें कोई भी गलत बात नहीं है।

## एक नजर

### मोहर्रम पर सशस्त्र पुलिस बल की 165 कंपनियां तैनात

अमृत विचार,लखनऊ : मुहर्रम के जुलूस के दौरान उत्तर प्रदेश सांप्रदायिक सौहार्द और ताजियों की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र पुलिस बल की लगभग 165 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। प्रदेशभर में अलग-अलग तारीखों पर लगभग 89,000 ताजिया स्थापित किए जाएंगे और लगभग 35,000 अलग-अलग जुलूस निकाले जाएंगे। इन सभी में ताजियों और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## एमडीएस में दाखिला पाएंगे 692 अभ्यर्थी, 742 की मेरिट जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** नीट पीजी काउंसिलिंग के दौरान एमडीएस में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों की चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार को 742 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी है। इन अभ्यर्थियों को काउंसिलिग में मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी। जिसके बाद कॉलेजों में उपलब्ध पीजी सीटों के आधार पर दाखिले मिलेंगे।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मेरिट सूची के साथ ही विभिन्न डेंटल कॉलेजों में उपलब्ध सीटों का ब्योरा उपलब्ध कराते हुए सूची जारी की गई है। विभाग द्वारा 25 डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की 692 सीटों का ब्योरा उपलब्ध कराया गया है। नीट पीजी 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों के दाखिले के लिए 10 जुलाई से काउंसिलिंग शुरू हो चुकी है।

## एक साथ 125 अस्पतालों का निरीक्षण कर बनाया रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ कायाकल्प अवार्ड देने की प्रक्रिया के तहत हुआ सरकारी अस्पतालों का मूल्यांकन

**अमृत विचारः** कायाकल्प पुरस्कार के लिए प्रदेश में पहली बार एक दिन में एक साथ 125 सरकारी अस्पतालों का मूल्यांकन (निरीक्षण) हुआ है। हर अस्पताल के मूल्यांकन के लिए दो-दो असेसर(निरीक्षक) नियुक्त किए गए थे। इसके बाद इन्हीं अस्पतालों का भौतिक मूल्यांकन किया जाएगा और फिर उन्हें कायाकल्प अवार्ड मिलेगा।

वर्चुअल निरीक्षण कराने वाले ये 125 अस्पताल पहले चरण को पार कर चुके हैं। दूसरे चरण यानि सहकर्मी मूल्यांकन में संबन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम ) मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल के निर्देश पर प्रदेश के 75 जिलों के 125 अस्पतालों ने एक ही दिन एक साथ मूल्यांकन कराया गया। निरीक्षण कराने वालों में जिला महिला अस्पताल भी शामिल हैं। महाप्रबंधक डॉ. निशांत जायसवाल ने बताया कि दूसरा चरण पास करने पर इन सभी अस्पतालों को बाह्य मूल्यांकन से गुजरना पड़ेगा। उसके बाद इनको कायाकल्प अवार्ड मिल जाएगा।

### तीन चरणों में होता है मूल्यांकन

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ .निशांत जायसवाल ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड पाने के लिए हर सरकारी अस्पताल को तीन चरण के मूल्यांकन किया जाता है। पहला चरण में आंतरिक मूल्यांकन , दूसरा चरण में सहकर्मी मूल्यांकन और तीसरा में बाह्य मूल्यांकन किया जाता है। यह एक ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने की राष्ट्रीय पहल है जो स्वच्छता, सफाई व संक्रमण नियंत्रण के उच्च स्तर को प्रदर्शित करती हैं।

### इन जिलों के अस्पतालों का हुआ मूल्यांकन

मूल्यांकन कराने वाले जिलों में लखनऊ, आगरा, आजमगढ़, अयोध्या, अमेठी, अंबेडकरनगर, अमरोहा, औरैया, झांसी, जालौन, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, भदोही, प्रयागराज, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, बलरामपुर, गोण्डा, श्रावस्ती, अलीगढ़, हाथरस, चंदौली, चित्रकूट, कासगंज, बरेली, बदायूं, बुलंदशहर, हमीरपुर, बांदा, रामपुर, मुरादाबाद, इटावा, जौनपुर, हापुड़, हरदोई, फिरोजाबाद, जीबीनगर, फरुखाबाद, कन्नौज, संभल, गाजियाबाद, कानपुर, बागपत, मथुरा, महोबाद, मैनपुरी, मऊ, मेरठ, वाराणसी, बाराबंकी, बलिया शामिल हैं।

## बिना मान्यता प्राप्त किए चल रहे स्कूलों पर क्या की कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत बिना मान्यता लिये चल रहे प्राइवेट स्कूलों के बावत जवाब तलब किया है। इन स्कूलों में बेसिक और जूनियर हाई स्कूल दोनों प्रकार के प्राइवेट संस्थान शामिल हैं। न्यायालय ने सरकार से पूछा है कि ऐसे स्कूलों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति अरूण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने में इद्दू की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में कहा गया है कि लखीमपुर खीरी में तमाम ऐसे स्कूल हैं जिन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत मान्यता नहीं ली है फिर भी धड़ल्ले से चल रहे हैं। कहा गया कि इन स्कूलों के बारे में अखबारों में आए दिन छपता रहता है व प्रमुख सचिव शिक्षा से भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### याचिका में उठाया गया विषय मात्र लखीमपुर खीरी तक ही सीमित नहीं

मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि याचिका में उठाया गया विषय मात्र लखीमपुर खीरी तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे प्रदेश का मामला है लिहाजा हम इस मामले को पूरे प्रदेश के परिदृश्य में देख रही हैं। याचिका में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम और इसके तहत बनी नियमावली 2011 के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी का यह दायित्व है कि वह इस बात को सुनिश्चित करे कि अधिनियम लागू होने के तीन साल के भीतर नए और पुराने सभी स्कूल इसके प्रावधानों के तहत मान्यता प्राप्त कर लें और यदि तीन साल बाद भी जो स्कूल मान्यता नहीं प्राप्त करते तो ऐसे स्कूलों की सूची बनाई जाए। याचिका में आरोप है कि प्रावधानों का पालन नहीं कराया जा रहा है जबकि इस सम्बंध में निदेशक बेसिक शिक्षा ने गत 22 सितम्बर 2023 को शासनादेश भी जारी किया था। वहीं न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में कहा कि ऐसे स्कूल बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

## राजस्व बढ़ाने को नए स्रोत तलाशें : योगी

### मुख्यमंत्री ने की कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा, कहा- लक्ष्य के सापेक्ष तेज करें प्रयास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी पंजीकृत 31 लाख से अधिक व्यापारियों की संख्या का हवाला देते हुए इसे और बढ़ाए जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए हमें नए स्रोत भी बनाने चाहिए। नियमों को सरल बनाएं, तकनीक को अपनाएं, रिफॉर्म करें। योगी ने साथ ही जीएसटी की चोरी, अपवंचन की कोशिशों को रोकने की कोशिशें तेज करने की आवश्यकता बतायी।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल की उपस्थिति भी रही।

मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से जीएसटी, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में विविध माध्यमों से अब तक 51 हजार करोड़ रु.से अधिक की राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें जीएसटी, वैट से लगभग 28 हजार करोड़ रु., एक्साइज टैक्स के रूप में 12 हजार करोड़ रु., स्टाम्प एवं पंजीयन से 7500 करोड़ रु., परिवहन से 3 हजार करोड़ रु., ऊर्जा से 733 करोड़ रु.और भू-राजस्व के रूप में 114 करोड़ रु.से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ है। इस स्थिति को संतोषजनक बतातो हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनता से एकत्रित राशि है जो राज्य के विकास में, जनता के हित ओर लोककल्याणकारी कार्यों में व्यय होगी।



अधिकारियों के साथ राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▶▶ पहली तिमाही में 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह

### बिचौलियों से आरटीओ कार्यालय को मुक्त कराएं

बैठक में मुख्यमंत्री ने सख्त हिदायत दी कि, दूसरे राज्यों से अनाधिकृत मदिरा प्रदेश में न आने पाए, इसके लिए हर समय सक्रिय रहना होगा। राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष आबकारी विभाग द्वारा और बेहतर प्रयास किया जाना अपेक्षित है। वहीं उन्होंने यह भी सलाह दी कि, बिना परमिट, बिना फिटनेस एक भी वाहन सड़क पर नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सघन चेकिंग करें। आरटीओ कार्यालयों को बिचौलियों से मुक्त करें, यह लोग व्यवस्था में बाधक हैं।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए समय पर बदले जाएं खराब ट्रांसफार्मर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदले जाएं। टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। अयोध्या के साथ-साथ सभी नगर निगमों को 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र हो, ट्रांसफार्मर खराब होने पर बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजा जाए। तय समय सीमा का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाय। टॉल फ्री नंबर-हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल सुनी जाय और उपभोक्ता की समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी की रोकथाम के लिए मीटर रीडर के काम की मॉनीटरिंग की जाए।

## उन्नाव बस दुर्घटना में यात्री मालकर अधिकारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▶▶ परिवहन आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया

▶▶ बस का एक दिन में ही किया था सात चालान

**अमृत विचारः** परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने उन्नाव बस दुर्घटना प्रकरण में कार्रवाई करते हुए सोमवार को बाराबंकी के यात्री मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्हें परिवहन आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया है। त्यागी ने 2022 में गोरखपुर में अपनी तैनाती के दौरान दुर्घटना से संबंधित बस को चालान करके जाने दिया था, जबकि उन्हें बस को थाने में निरुद्ध कराना चाहिए था। उसी बस की 10 जुलाई को उन्नाव में टैंकर से टक्कर हो गई, जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए।

मामले में परिवहन मुख्यालय स्तर से गठित तीन सदस्यीय समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि यह बस प्रायः बिहार से कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, आगरा नोएडा व गाजियाबाद के रास्ते संचालित हो रही थी। प्रदेश की सीमा में प्रवेश करते हुए यह बस कुशीनगर के बाद गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी व लखनऊ होते हुए उन्नाव पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके साथ ही यह बस एएसआई 119 के मानक के अनुसार भी नहीं पाई गई।

### 2022 में गोरखपुर में किया था बस का चालान

नेशनल वाहन पोर्टल से प्राप्त सूचना के अनुसार, रविचन्द्र त्यागी ने यात्री मालकर अधिकारी गोरखपुर के पद पर रहते हुए संबंधित वाहन के सात चालान किए थे। ये सभी सात चालान दिन के समय में किए गए। चालान संख्या यूपी-993221221102510 जो 21 दिसंबर 2022 को सुबह 10 .25 बजे पर जीरो प्वाइंट कालेसर पर किया गया है, वहां से सहजनवां थाने की दूरी लगभग दो किलोमीटर है। यात्री कर अधिकारी ने वाहनों के प्रपत्रों की वैधता की समाप्ति को देखते हुए गंभीर विमर्श नहीं करते हुए प्रवर्तन अधिकारी के रूप में दृढ इच्छाशक्ति की कमी दर्शाई और पूर्ण मनोयोग से प्रवर्तन कार्य नहीं किया।

## बिजली दरों के निर्धारण पर आज वाराणसी में जनसुनवाई

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर राज्य विद्युत नियामक आयोग 16 जुलाई को वाराणसी में जनसुनवाई करेगा। इसमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारी व आम उपभोक्ता शामिल होंगे।

आयोग अभी तक केस्को व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ उपभोक्ताओं का पक्ष सुन चुका है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई में बिजली दरें बढ़ाने के प्रयास का कड़ा विरोध किया जाएगा।

## सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा पर होगी प्रधानाचार्यों की नियुक्ति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में संचालित नर्सिंग कॉलेजों में भी संविदा पर प्रधानाचार्य व शिक्षक रखे जाएंगे। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम चरण में आठ शिक्षकों के पद पर नियुक्ति के लिए निर्देश जारी हुए हैं, सोमवार को चिकित्सा शिक्षा अनुभाग एक द्वारा जारी आदेश में तीन प्रिंसिपल कम प्रोफेसर, तीन वाईस प्रिंसिपल और दो प्रोफेसर, कुल आठ पद पर दो वर्ष या स्थायी नियुक्ति होने तक के लिए नियुक्ति होनी है।

संविदा पर तैनात होने वाले प्रिंसिपल को एक लाख 40 हजार रुपये, वाईस प्रिंसिपल को एक लाख 20 हजार और प्रोफेसर को एक लाख रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इन्हें आठ घंटे सेवाएं देनी होंगी। मालूम हो कि राजकीय मेडिकल कॉलेज बांदा, मेरठ, बदायूं, प्रयागराज, गोरखपुर व स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय शाहजहापुर व फिरोजाबाद में संविदा पर नर्सिंग शिक्षकों की नियुक्ति होनी है।

## मेरठ कॉलेज की नैक मूल्यांकन के लिए समीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊः** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को राजभवन में मेरठ कॉलेज मेरठ के नैक मूल्यांकन के लिए दाखिल होने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। इस बैठक में नैक के सभी संबंधित मानदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में नैक का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए महाविद्यालय की ओर से उच्चतम स्तर पर तैयारी सुनिश्चित की जाय। राज्यपाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नैक के मापदंडों का पालन करें।

## कई रूटों पर चलेंगी 400 श्रावण स्पेशल बसें

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

▶▶ लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी गोरखपुर, मेरठ रूट पर होगा संचालन

▶▶ प्रमुख शिवालयों तक पहुंचने वाले मुख्य मार्गों का जिलावार होगा रूट डायवर्जन

**अमृत विचारः** आगामी श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए परिवहन निगम ने लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ रूट पर 400 से अधिक श्रावण स्पेशल बसें चलाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सीतापुर,दिल्ली,मेरठ रुट पर रोडवेज की अतिरिक्त बसें चलाई जायेंगी ।

श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान परिवहन निगम प्रशासन के साथ मिलकर बसों का संचालन करेगा। इसके लिए रोडवेज अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 22 जुलाई से सावन मास की कांवड़ यात्रा शुरू होनी है।

इसके लिए वाराणसी,प्रयागराज, अयोध्या, हरिद्वार समेत प्रमुख शिवालयों तक पहुंचने वाले मुख्य मार्गों का जिलावार रूट डायवर्जन किया जाएगा। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि सावन माह में शुरु होने से पहले ही रोडवेज के सभी डिपो के अधिकारियों को पत्र भेजकर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, कांवड़ यात्रा के दौरान पूरे माह सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घंटे बसों का संचालन करने को कहा है।

कांवड़ यात्रा को लेकर संबंधित कमिश्नर व डीएम की ओर से बुलाई जाने वाली बैठकों में रोडवेज के अधिकारी उपस्थित होकर उनके दिए निर्देशों व रूट डायवर्जन के अनुसार बसों का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व चालकों-परिचालकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### इन तिथियों पर होगी कांवड़ियों की भीड़

श्रावण मास मास में 22 जुलाई को प्रथम सोमवार, 29 को द्वितीय सोमवार, 2 अगस्त को मुख्य पर्व श्रावण शिवरात्र, 5 अगस्त को तृतीय सोमवार, 12 अगस्त को चतुर्थ सोमवार व 19 अगस्त को पंचम सोमवार पड़ेगा। इन मौकों पर भारी संख्या में कांवड़ यात्री निकलेंगे और शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे। इसको देखते हुए समय-समय पर संबंधित जिला प्रशासन रूट डायवर्जन कर बसों का संचालन कराएगा।

## बढ़े 15 लाख परिवारों को मिलेंगे शौचालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ओडीएफ के बाद बढ़े परिवारों को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत केंद्र सरकार व्यक्तिगत शौचालय आवंटित करेगी। योजना में उन सदस्यों का चयन होगा, जिनके माता या पिता के नाम से पूर्व में शौचालय आवंटित हुए थे और बाद में शादी होने या बाहर से आने पर या फिर घर से अलग होने से परिवार बढ़ गए।

प्रदेश में ऐसे 15 लाख बढ़े परिवारों का आकलन किया गया है। जबकि शौचालय के लिए छह लाख परिवार ने ऑनलाइन आवेदन किए हैं। इसमें अंतर दूर करने के लिए पंचायती राज विभाग 29 जुलाई से 18 अगस्त तक तीन सप्ताह का विशेष अभियान चलाएगा और गांवों में लाभार्थियों का चयन करके मौके पर पंचायत भवनों से ऑनलाइन आवेदन कराएगा।




▶▶ ओडीएफ होने के बाद छह लाख आवेदन, अभियान दूर करेगा अंतर

▶▶ पंचायती राज तीन सप्ताह चलाएगा अभियान, मौके पर होंगे आवेदन

**गांवों में होंगी बैठकें, प्रधान देंगे सूचीः** विशेष अभियान में गांवों में प्रचार की बजाय अधिकारी व कर्मचारी सीधे प्रधान, सचिव व ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। प्रधानों से बढ़े परिवारों की सूची लेंगे और मौके पर ग्रामीणों से बात करके ऑनलाइन फार्म भरवाएंगे।

इसके बाद सत्यापन के आधार पर चयन करेंगे। शौचालय निर्माण के लिए दो चरण में 12 हजार रुपये मिलेंगे। जल संरक्षण को लेकर 22 से 26 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलेगा। इसमें भी शौचालय के आवेदन कराए जाएंगे।

### ओडीएफ के तहत 2014 से इतने शौचालय किए आवंटित

- प्रथम चरण : 2.18 करोड़
- द्वितीय चरण : 46 लाख (छूटे परिवार)

> ओडीएफ के दौरान 2 .60 लाख परिवार को शौचालय आवंटित हुए थे। इनमें करीब 15 लाख परिवार बढ़े हैं। अंतर दूर करके सभी को प्राथमिकता से अभियान चलाकर लाभान्वित करेंगे।
>
> – राज कुमार, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन

## कांग्रेस में भी समस्याओं का समाधान नहीं : मायावती

**अमृत विचार,लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि जनता भाजपा की नीतियों से दुखी है, पर कांग्रेस में भी समस्याओं का समाधान नहीं है। बसपा प्रमुख ने सोमवार को नई दिल्ली में उत्तराखंड के पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह बात कही।

बैठक में उत्तराखंड में पार्टी संगठन के कार्यों, पार्टी के जनाधार को बढ़ाने, पार्टी व मूवमेंट से जुड़े खास मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार की गलत नीतियों व द्वेषपूर्ण कार्यशैली से लोग दुखी हैं।

## भाजपा को सपने में दिखाई दे रही कांग्रेस : राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा के लोगों को कांग्रेस सपने में दिखाई दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को सपने में कांग्रेस अध्यक्ष मल्किार्जुन खरगे, राहुल गांधी व प्रियंकी गांधी के साथ-साथ हमारे कार्यकर्ता व पूरी सेना दिखाई दे रही है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश में हार के बाद यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जितने भी कार्यक्रम हो रहे हैं, वह सभी विश्वविद्यालयों के अंदर हो रहे हैं, ऐसा कर भाजपा इन संस्थानों का राजनीतिकरण कर रही है। इस दौरान अजय राय ने मोदी को महंगाई मैन बताते हुए बढ़ी हुई मंहगाई दरों की सूची दिखाई।




प्रेसवार्ता के दौरान महंगाई संबंधी सूची दिखाते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### बलिया के भाजपा नेता राजेश ने ली सदस्यता

अमृत विचार : बलिया के भाजपा नेता राजेश सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण के मौके पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम, वीरेंद्र मदान, द्विजेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सात नए आश्रम पद्धति विद्यालय का संचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अगले माह यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं की होगी परीक्षा

**अमृत विचारः** प्रदेश में सात नए आश्रम पद्धति विद्यालय समाज कल्याण विभाग ने शुरू कर दिए हैं। यहां शैक्षणिक कार्य शुरू हो गया है और अगले माह यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षा (टेस्ट) लिया जाएगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से पिछले वर्ष जौनपुर में दो, मैनपुरी, एटा, भदोही, अयोध्या और शहजनवां (गोरखपुर) में आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करा गया था। इसमें कुछ विद्यालय के भवन तो पांच वर्ष पहले बन गए थे मगर संचालित नहीं हो रहे थे। इनका जीर्णोद्धार कराया गया। जून में उक्त सातों विद्यालयों के लिए दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। एक जुलाई से सातों विद्यालय शुरू हो गए हैं। इन विद्यालयों में भी तय पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई कराई जा रही है। सात नए विद्यालय शुरू होने के साथ ही अब इनकी संख्या बढ़कर 101 हो गई है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि सभी विद्यालयों में अध्यापक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। एक विद्यालय में फर्नीचर की जो कमी है उसे इस माह के अंत तक या अगले माह तक दूर कर दिया जाएगा।

## पशु टीकाकरण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार,लखनऊः** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बाढ़ग्रस्त जिलों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण का कार्य प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। गोवंश के बचाव के लिए गोशालाओं की समुचित व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि पशु टीकाकरण में लापरवाही बरते जाने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पशुधन मंत्री सोमवार को विधान भवन में निराश्रित गोवंश के बचाव को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि गोशालाओं में मृत गोवंश के शव का तत्काल समुचित निस्तारण होना चाहिए, ताकि अन्य गोवंश में कोई संक्रमण न फैलने पाये।

## 100 संस्थाओं को नहीं मिली मान्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ संस्थाओं के माध्यम से ओ और ट्रिपल सी लेवल कंप्यूटर कोर्स का कराया जाता है डिप्लोमा

▶▶ मानक न पूरा करने के कारण नहीं हुआ रिन्युअल, संचालक निदेशालय का लगा रहे चक्कर

**अमृत विचारः** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को ओ और ट्रिपल सी लेवल का कंप्यूटर प्रशिक्षण देने वाली सौ संस्थाओं को विभाग ने इस बार मान्यता नहीं दी है। मान्यता न मिलने के कारण संस्थान के संचालक परेशान हैं और निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास में वृद्धि के लिए ओ और ट्रिपल सी लेवल का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रशिक्षण के लिए उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है। साथ माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय एक लाख तक अथवा उससे कम हो। 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष और ट्रिपल सी लेवल की अवधि तीन वर्ष होती है। प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षणार्थी को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। जिसके बाद पात्र अभ्यर्थी के चयन की प्रक्रिया शुरू होती है और उसे प्रशिक्षण दिया जाता है।

### 414 संस्थाओं ने प्रशिक्षण देने के लिए किया था आवेदन

विभाग प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से दिलवाता है। ओ लेवल के लिए 15 हजार रुपये प्रति प्रशिक्षणार्थी और ट्रिपल सी लेवल के लिए 35 सौ रुपये भुगतान किया जाता है। 414 संस्थाओं ने प्रशिक्षण देने के लिए आवेदन किया था। इनकी मान्यता का रिन्युअल होना था। रिन्युअल के लिए जरूरी है कि संस्था के पास बीस कंप्यूटर हो साथ ही अध्यापकों की संख्या पूरी हो। इसके अलावा अन्य मानक भी पूर होने चाहिए। विभाग की ओर से महज 232 संस्थाओं को ही मान्यता दी गई। लगभग सौ संस्थाओं की मान्यता का रिन्युअल विभिन्न मानक न पूरा करने के कारण नहीं किया गया। संस्था के संचालक अब निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं। निदेशालय के एक अधिकारी ने कहा कि संचालक अगर कुछ लिखकर देंगे तो मामले की जांच कराई जाएगी।

## छह डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट की होगी खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ पहले चरण में कार्बन क्रेडिट से लाभान्वित होंगे छह मंडल के किसान

**अमृत विचारः** राज्य सरकार कार्बन फाइनेंस के जरिए पौधरोपण करने वाले किसानों की आय बढ़ाने की भी दिशा में आगे बढ़ रही है। किसानों को प्रति टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन रोकने के लिए कार्बन क्रेडिट दिया जा रहा है, जो उन्हें इंसेंटिव के तौर पर वित्तीय रूप से लाभ उपलब्ध कराएगा।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने 2070 तक देश को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन में सक्षम बनाने की घोषणा की है। इसके तहत किसानों को अधिक से अधिक तेज गति से बढ़ने वाले पौधों (पापुलर, मीलिया डूबिया, सेमल आदि) का रोपण करना होगा। हर पांचवें वर्ष में छह अमेरिकी डॉलर के हिसाब से प्रति कार्बन क्रेडिट की खरीद होगी।कार्बन क्रेडिट से पहले चरण में उत्तर प्रदेश के छह मंडलों के किसान लाभान्वित होंगे। पहले चरण में गोरखपुर, राजधानी लखनऊ, बरेली, मेरठ, मुरादाबाद व सहारनपुर को चयनित किया गया है। इस प्रक्रिया में टेरी व वीएनवी एडवाइजरी सर्विस का सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज रेल खंड मार्ग पर बगाही गांव के पास सोमवार की दोपहर पंजाब मेल ट्रेन से कटकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार की दोपहर बगाही गांव के पास अमृतसर से हावड़ा जा रही पंजाब मेल की चपेट में आकर अज्ञात 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि महिला आसपास के ही किसी गांव की रहने वाली प्रतीत हो रही है। पहचान करवाई जा रही है।

### दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकाला

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। दहेज के लिए एक महिला को उसके ससुराल वालों ने मारपीट करके घर से निकाल दिया है । महिला को एक मासूम बेटी भी है। पीड़िता ने न्याय के लिए कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव देवी बक्स का पुरवा निवासी राम भजन की पुत्री कांती की शादी दो साल पहले पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी केसराज से हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से उसे दहेज में बाइक के लिए तरह तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। उसने आरोप लगाया है कि उसके पति, जेठ और जेठानी मिलकर उसके साथ मारपीट की और घर से भगा दिया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों को बुलाया गया है। बातचीत से समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपियों को जेल

सरेनी, रायबरेली। सोमवार को सामूहिक बलात्कार के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के आरोपी मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम सरेनी व रमेश कुमार पुत्र सोहनलाल निवासी ग्राम भौना थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत को उप निरीक्षक अजय यादव, कांस्टेबल सौरभ यादव, नाजिम अहमद, संदीप यादव ने मनोज के घर से दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### संदिग्ध हालात में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के एक मोहल्ले में सोमवार की दोपहर विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका का विवाह 8 माह पूर्व हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के समाधानेश्वर मंदिर के निकट रहने वाली रिमझिम (20) पत्नी अभी ने घर के ऊपर बने कमरे में दोपहर को फांसी लगाकर जान दे दी। पति अभी ने बताया कि कमरे के अंदर झांककर देखा तो रिमझिम साड़ी के फंदे से पंखे के सहारे लटकी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर मौत के कारणों की जांच शुरू की है।

# रैन बसेरा व मंदिर को बनाया साइकिल स्टैंड

## जिला अस्पताल के सीएमएस व चौकी प्रभारी पर जबरन कब्जा करने का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

संवाददाता, रायबरेली।



जिला अस्पताल परिसर में स्थित रैन बसेरा में खड़ी मोटर साइकिलें। अमृत विचार


जिला अस्पताल के हनुमान मंदिर परिसर में खड़ी मोटर साइकिलें। अमृत विचार

अमृत विचार। जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित हनुमान मंदिर और रैन बसेरा को साइकिल स्टैंड बना दिया गया है। इससे तीमारदारों के साथ श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए तत्कालीन सीएमएस और पुलिस चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सीएमएस और चौकी प्रभारी पर आरोप है कि उनके द्वारा मंदिर और रैन बसेरा परिसर में जबरन दोपहिया वाहन खड़ा कराकर रुपये वसूले जा रहे हैं।

राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड के उपाध्यक्ष राम इकबाल बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए लिखित शिकायती पत्र में तत्कालीन सीएमएस व चौकी प्रभारी पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया है कि जिला अस्पताल परिसर में वर्षों से हनुमान मंदिर स्थापित है। यहां प्रत्येक वर्ष उनके व अन्य लोगों द्वारा तरह-तरह के आयोजन कराए जाते हैं, जिसमें भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। उन्होंने बताया कि इधर कई महीनों से मंदिर परिसर का गेट खुलवाकर जबरन मोटर साइकिल और साइकिल खड़ी करवाई जा रही है। इससे न कि वाहनों से परिसर भर जाता है बल्कि मंदिर आने वाले भक्तों को भी समस्या से दो-चार होना पड़ता है। यहीं नहीं मंदिर परिसर में गंदगी भी फैलती है जिससे उन्हें काफी परेशानी भी उठानी पड़ रही है। उन्होंने पत्र के माध्यम से सीएम को यह भी बताया कि मंदिर के दाई ओर एक रैन बसेरा स्थित है। इस पर भी जबरन कब्जा करने का प्रयास जारी है। राम इकबाल बहादुर सिंह ने सीएम को दिए गए पत्र में बताया है कि तीमारदारों के रुकने के लिए तेजगांव के स्वर्गीय गोवर्धन सिंह स्मारक द्वारा बनवाए गए रैन बसेरा का 29 सितंबर 1982 को जिलाधिकारी एम रामचंद्रन ने शिलान्यास किया था। इसी तरह से महिलाओं के लिए भी रैन बसेरा बनवाया गया है। तेजगांव के स्वर्गीय गोवर्धन सिंह स्मारक द्वारा जब यह भवन तैयार हुआ तो एक दिसंबर 1983 को सांसद अरुण कुमार नेहरू द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इसके बाद से इस रेन बसेरे में आने वाले मरीज व उनके तीमारदार यहां रुकते हैं। सीएम को दिए गए पत्र में उन्होंने कहा है कि असुरक्षित महसूस कर रहे हैं मरीज और तीमारदारों की शिकायत पर पूर्व में सीएमएस रही डा नीता साहू द्वारा रैन बसेरा की बनी चहारदीवारी और चौकी को तोड़वा दिया था, लेकिन तत्कालीन सीएमएस डा. महेंद्र मौर्य ने न सिर्फ तोड़ी गई दीवार को ही बनवाया बल्कि फिर से वहीं परिसर में पुलिस चौकी बनवा दिया जिससे यहां पर आने वाले मरीजों व तीमारदारों से शौचालय प्रयोग और रुकने के लिए उनसे अवैध वसूली की जा रही है। यहीं नहीं यहां पर मोटर साइकिल खड़ी करने पर उनसे पैसा भी वसूल किया जाता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम इकबाल सिंह ने मुख्यमंत्री से तत्कालीन सीएमएस व चौकी प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई कर मंदिर व रैन बसेरा पर बनाए गये साइकिल स्टैंड को हटवाए जाने की मांग की है। इसके अलावा मुख्य सचिव, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी पत्राचार किया है।

> ऐसे शिकायती पत्र बहुत आते हैं। इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में सीएमएस से पूछिए, वो ही बेहतर बता पाएंगे।
>
> -डॉ. बीरेंद्र सिंह, सीएमओ, रायबरेली

> इस प्रकरण में उन्हें कोई जानकारी अभी तक नहीं मिली है। अगर ऐसी कोई शिकायत उन्हें प्राप्त होती है तो वह किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे।
>
> -डॉ. प्रदीप अग्रवाल, सीएमएस, रायबरेली

## सार-संक्षेप

### पर्यावरण बचाने का एनसीसी कैडेट्स ने लिया संकल्प



छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य सदफ खान व एनसीसी प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर अभिषेक द्विवेदी।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। रायन इंटरनेशनल स्कूल के मैदान पर एनसीसी कैडेट द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या सदफ खान ने पौधारोपण कर किया। इसके बाद सभी एनसीसी कैडेट्स ने मैदान पर एक-एक करके पौधे रोपित किए। इसमें आम, जामुन, बरगद, पीपल, अमलतास, अमरूद के पौधे प्रमुख रहे। इसके बाद सभी एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प लिया। प्रधानाचार्य सदफ खान ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबका कर्तव्य है। अगर धरती पर वृक्ष नहीं रहेंगे तो जीवन संकट में आ जाएगा। इससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा और बढ़ जाएगा। इसलिए हम लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। विद्यालय के एनसीसी प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम 66 यूपी एनसीसी बटालियन रायबरेली की दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर "एक पेड़ मां के नाम" के थीम पर यह वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इस मौके पर कैडेट्स आस्तिक मिश्रा, श्रेयस सिंह, तनिष्क शुक्ला, आदर्श यादव, विजय, प्रतीक यादव, प्रशांत यादव, अनुज मिश्रा, शिवम सोनकर, अर्जुन सिंह, आरव कंसल, विजय विक्रम सिंह, दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

### माध्यमिक विद्यालय खेल समिति की वार्षिक बैठक संपन्न

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। वैदिक इंटर कालेज के सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा की वार्षिक बैठक संपंन हुई। बैठक में सभी ने जोनल स्तर पर ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों से खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराने पर अपनी सहमति दी। माध्यमिक शिक्षा व खेल विभाग के सचिव अजय सिंह चंदेल ने बताया कि सत्र 2023-24 में विभिन्न खेलों में 161 बच्चों ने प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग किया था जिसमें से 33 बच्चों ने प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिसमें से सात बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। जिसमें से चांदनी प्रधान ताइक्वांडो ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया था। चांदनी प्रधान एमजे गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्र है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने संबोधन में खेल के स्तर के उन्नयन के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया तथा निर्देशित किया कि सभी लोग एक जूता के साथ प्रयास करें कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा खेल मैदान तक पहुंचे और अपनी प्रतिभाओं का सही प्रदर्शन करें। इस अवसर पर शिव प्रशांत सिंह, धीरेंद्र, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विद्या मंदिर गौरा इंटर कॉलेज, बृजलाल, रेनू शुक्ला, शिवशरण सहित विभिन्न जोनों के प्रधानाचार्य एवं शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक से पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार


एसपी को शिकायती पत्र देने जाती महिला।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने पीड़िता के बेटे को जान से मार देने की धमकी दी है। दबंगों से प्रताड़ित होकर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की है। दरअसल यह मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के रामचंद्रपुर के स्व छेदीलाल मौर्य की पत्नी कृष्णा देवी मौर्या का है। उन्होंने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि रंजिशवश दबंगों ने उसके घर आकर खुलेआम उसके बेटे को जान से मार देने की धमकी दी है। इससे घबरा कर पीड़ित ने डायल 112 को तत्काल इसकी सूचना दी। सूचना के कुछ देर बाद पुलिस मौके पर आई और दबंगों पर बिना कोई कार्रवाई किये ही वापस लौट गई। पीड़िता ने एसपी को बताया कि यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी फुटेज में कैद है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से बेटे व परिवार की सुरक्षा करने तथा दबंगों पर मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### शाखा प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित


शाखा प्रबंधक को सम्मानित करते बैंक अध्यक्ष।

रायबरेली। जिला सहकारी बैंक के सभागार में सोमवार को बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में समस्त शाखा प्रबंधक मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर जैसे ऋण वितरण, निक्षेप संचय की समीक्षा, केवाईसी अपडेशन इत्यादि तथा बकाया वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों को अध्यक्ष एवं सचिव व महाप्रबंधक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कहासुनी पर स्कूली बच्चों को लेकर थाने पहुंचा शिक्षक

महराजगंज, रायबरेली। सोमवार को कस्बे के प्राईमरी स्कूल में तैनात शिक्षक एवं आर्य नगर के सभासद के बीच कहासुनी व गाली-गलौज का मामला प्रकाश में आया है। सभासद द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी है। इस दौरान करीब एक घंटे स्कूली बच्चों की शिक्षा प्रभावित रही। तहरीर में आर्य नगर के सभासद जमुना पासवान ने शिक्षक विवेक सिंह पर स्कूल परिसर में मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। जिस पर कोतवाल बालेन्दु गौतम द्वारा शिक्षक विवेक सिंह को थाने बुलाए जाने पर वह प्रधानाध्यापिका एवं दर्जन भर बच्चों को लेकर कोतवाली परिसर पहुंच गए। जिस पर कोतवाल द्वारा शिक्षक को कड़ी फटकार लगाई गयी। मामले में चेयरमैन पति प्रभात साहू द्वारा कोतवाली पहुंच कर शिक्षक व सभासद के बीच सुलह समझौता करा कर प्रकरण का पटाक्षेप कराया। इस दौरान सभासद नुरुल हसन, विनीत वैश्य, कमलेश कुशमेष, रामकुमार यादव, मो. मुस्ताक सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# दबंगों की प्रताड़ना से पलायन को मजबूर हुआ दलित परिवार

सलोन, रायबरेली।


पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने जाते पीड़ित। अमृत विचार

अमृत विचार। यह मकान बिकाऊ है। दबंगो के भय से हम परिवार समेत घर छोड़ रहे हैं। सलोन थाना क्षेत्र के धमकी मजरे मीरजहापुर गांव में एक मकान की दीवार पर सादे बैनर में काली स्याही से बड़े अक्षरों में यह वाक्य लिखा हुआ है। इससे यह साफ झलकता है कि सलोन पुलिस का ऐसे लोगों में कोई खौफ नहीं है। क्षेत्र में बढ़ रहे आपराधिक वारदातों ने खामोश सलोन पुलिस को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। अपराध और अपराधियों के भय से दलित परिवार पलायन करने को मजबूर है।

पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को तहरीर देने के बावजूद अभी तक विपक्षी पर कोई कार्यवाही नही की गई। शिकायती पत्र में कहा है कि अब सलोन पुलिस से न्याय कि उम्मीद नही है, इसलिए अब इस गांव में उसका रहना खतरे से खाली नही है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धमकी मजरे मीरजहापुर निवासी राम खेलावन दास दलित परिवार से है। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई की शाम सात बजे गांव का दबंगों ने उसके खेत के मेड को जान बूझकर ट्रैक्टर से खराब कर रहा था। पीड़ित ने बताया कि जब उसकी पत्नी ने विपक्षी के इस कृत्य पर विरोध जताया तो युवक अश्लील और भद्दी भद्दी जाति सूचक गालिया देने लगा। आरोप है कि महिला को खेत में जमकर मारा पीटा गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि दबंगो की क्रूरता के आगे बेबस उसकी पत्नी घर पहुंची और पूरे घटना की आपबीती बताई। जिसके बाद घटना की सूचना डायल 112 को दिया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी महज औपचारिकता पूरी कर बैरंग वापस लौट गए। पीड़ित ने तुरन्त विपक्षी के विरुद्ध लिखित शिकायत स्थानीय कोतवाली में भी दी थी, लेकिन पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विपक्षी के विरुद्ध कोई एक्शन नही लिया। इस संबंध में एसपी से भी शिकायत की है।

# बछरावां में महिला की हत्या पर सपा विधायकों ने सरकार को घेरा

## सरकार पर प्रहार करते हुए बछरावां की घटना को बताया निन्दनीय

संवाददाता, रायबरेली।

अमृत विचार। बछरावां में महिला की हत्या के मामले में जिले के पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। एक ओर जहां पुलिस पर ही शव को जलाने को लेकर चर्चा जोरों पर है। वहीं, दूसरी ओर सपा से हरचन्दपुर विधायक ने ट्वीट करके सरकार को घेरते हुए करारा प्रहार किया है।

बछरावां थाना क्षेत्र के चुरूवा गांव निवासी चांदनी की उसके ही नशेड़ी पति पर हत्या करने का अभियोग पुलिस ने दर्ज किया है। प्रकरण में स्थानीय लोगों का आरोप है कि उसके पति के साथ कुछ और भी लोग थे। पुलिस मामले की सुलटाने में लगी हुई है। यहां तक जल्दबाजी करते हुए रात में शव का दाह संस्कार भी कर दिया। मामले में पति को नामजद करते हुए गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर दिया। प्रकरण में स्थानीय लोगों के विरोध से कोतवाल बृजेंद्र शर्मा की कार्यशैली विवादों में आ गई। वहीं जिले की पुलिस पर भी सवाल उठने लगे हैं। जिस तरह से पुलिस अधीक्षक के सामने ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया, इससे साफ स्पष्ट है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ जरूर है। हालांकि पुलिस अभी भी मामले की जांच की बात कह रही है, लेकिन अब प्रकरण को लेकर हरचन्दपुर से सपा विधायक राहुल लोधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश के योगी सरकार में महिलाओं के साथ आखिर ये क्या हो रहा है। बछरावां की घटना को निंदनीय बताते हुए पुलिस पर लीपापोती करने का आरोप लगाया है। अब देखना है कि सवालों के घेरे में फंसी जिले की पुलिस कैसे बाहर निकल पाती है।

### न्याय के लिए ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च



महिला को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

रायबरेली। बछरावां विधानसभा के चुरूआ गांव में महिला के साथ हैवानियत के बाद उसकी नृशंस हत्या के बाद सोमवार रात चुरूआ गांव में क्षेत्र वासियों के द्वारा महिला को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान आयोजित प्रार्थना सभा में लोगों ने कहा कि उन्हें बछरावां पुलिस की जांच पर बिल्कुल विश्वास नहीं है। इसलिए किसी अन्य जनपद की पुलिस के द्वारा इसकी जांच कराई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कैंडल मार्च में प्रमुख रूप से भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी, पुनीत सिंह, यश पांडेय, अखिलेश चौधरी, अंश तिवारी, आशुतोष रावत, मनीष गुप्ता सहित काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# प्रेमी-प्रेमिका ने नहर में लगाई छलांग

संवाददाता,राही, रायबरेली।

अमृत विचार। भदोखर थाना क्षेत्र के भांव स्थित शारदा नहर पुल से दो प्रेमी संगीता और अमन ने सोमवार अपराह्न नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने गोताखोरों को नहर में उतार कर इसकी खोजबीन कराई। लगातार प्रयास के बावजूद भी अभी तक उनकी लाश नहीं मिली।

संगीता (30) पत्नी संतोष निवासी जोधे का पुरवा मजरे सेमरा व अमन (22) पुत्र राजेन्द्र खानपुर मजरे भदोखर में रहते थे। अमन संगीता का मौसेरा भाई था। रिश्तेदार होने के नाते अमन अक्सर संतोष के घर आता जाता था। धीरे-धीरे दोनों में प्रेम हो गया। संगीता का पति संतोष लगातार इसका विरोध करता था। इसको लेकर आए दिन दोनों में पारिवारिक विवाद होता था। सोमवार को प्रेमी अमन और प्रेमिका संगीता ने शारदा नहर में छलांग लगा दी। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि अमन और संगीता में अवैध संबंध थे। जिसको लेकर दोनों परिवारों में अक्सर विवाद होता था। गोताखोर की टीम को नहर में उतारा गया है, लेकिन अभी तक उनकी लाश का पता नहीं चला है।

### छात्राओं को दी नये नारी सुरक्षा कानूनों की जानकारी

जगतपुर, रायबरेली। सोमवार को जगतपुर कस्बे में संचालित पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार राय ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक किया। जिसमें बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वालंबन को लेकर जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किसी प्रकार की भी परेशानी होने पर छात्राएं इसकी सूचना कोतवाली पुलिस, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 वाइल्ड लाइन नंबर पर दे सकती हैं। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। भीषण उमस के बीच सोमवार को दिन भर जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति बाधित रही। दो किस्तों में कुल सात घंटे इस उपकेंद्र की आपूर्ति की ठप रखा गया। इससे क्षेत्र की लाखों की आबादी बिना बिजली के परेशान रही।

सोमवार को क्षेत्र के जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति में प्रातः पांच बजे से आठ बजे तक और दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक रोस्टिंग की गई है। इस कारण से पूरा दिन इस उपकेंद्र के सभी फीडर बंद रहे। जमुनापुर उपकेंद्र से ऊंचाहार के पश्चिमी भाग समेत गौरा ब्लाक के कई गांवों को आपूर्ति की जाती है। बिजली न मिलने से क्षेत्र की लाखों की आबादी भीषण गर्मी में परेशान रही। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान बिजली न मिलने से धान की रोपाई के लिए पानी के लिए परेशान रहे। किसानों ने बताया कि इस समय रात दिन अधाधुंध बिजली कटौती की जा रही है। जिससे किसानों की धान की रोपाई पिछड़ रही है, जो आपूर्ति दी जाती है, उसमें इतना लो वोल्टेज रहता है कि रोशनी भी नहीं मिल पाती हैं।

### इन गांवों की ठप रही आपूर्ति

सोमवार को दिन भर जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति बाधित रहने के कारण क्षेत्र के सैंकड़ों गांव प्रभावित हुए है। जिसमें प्रमुख रूप से जमुनापुर, ईश्वरदासपुर, किसुनदासपुर, कमोली, रामदीन का पुरवा, रामपुर, पूरे डांडे, बाहरपुर, गनपी, रामसांडा, दौलतपुर, पूरन शाहपुर, गुलरिहा, पनवारी, नजनपुर, पूरे डिंगुर, पूरे बरइन, सवैयाधनी, किरवाहार, मुंडीपुर, पूरे राम जियावन, नेवादा, पचखरा, कोटिया चित्रा, गोकना, बटौवापुर, पूरे राम बक्स, पूरे बिंदा पांडेय, शहजादपुर, पहाड़ी, त्रिभुवन का पुरवा आदि गांवों के लाखों की आबादी को बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

▸▸ जमुनापुर उपकेंद्र की आपूर्ति ठप होने से लाखों की आबादी हुई प्रभावित

समस्या

पीएमजीएसवाई विभाग की लापरवाई से अधर में लटका सम्पर्क मार्ग का निर्माण

# वर्षों से बदावर-दरियावगंज मार्ग बदहाल, लोग परेशान

शिवढ़, रायबरेली।


बदावर-दरियावगंज सम्पर्क मार्ग पर भरा पानी। अमृत विचार

अमृत विचार। प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग व कार्यदाई संस्था की लापरवाही से क्षेत्र का बदावर-दरियावगंज सम्पर्क मार्ग हल्की में जलाशय में तब्दील हो गया है, जिस पर स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर आए दिन गिरकर दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में पीएमजीएसवाई विभाग के प्रति गहरा रोष प्राप्त है।

गौरतलब हो कि क्षेत्र का बदावर- दरियावगंज सम्पर्क मार्ग जो पिछले कई वर्षों से गड्ढों में तब्दील था। लगातार मीडिया द्वारा खबरे प्रकाशित किए जाने के बाद पिछले वर्ष पीडब्लूडी विभाग को 1700 मीटर रोड़ बनाने की स्वीकृत मिली थी। पीडब्लूडी विभाग ने मार्च 2023 के अन्तिम सप्ताह में 250 मीटर में बोगी एक्सएन का कार्य भी शुरू कर दिया था। जिसमें जेसीबी मशीन से रोड को खोदवकर बोल्डर, सीमेंट, डस्ट डालकर युद्ध स्तर पर बोगी एक्सएन का कार्य किया जा रहा था तभी पीएमजीएसवाई विभाग के अधिकारियों ने मौके पर आकर पीडब्लूडी विभाग को रोड बनाने से रोक दिया और स्वीकृत पत्र दिखाते हुए कहा कि इस रोड को बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पीएमजीएसवाई विभाग को स्वीकृति प्रदान की है। इसलिए यह रोड पीएमजीएसवाई विभाग बनाएगा। जिसके बाद पीडब्लूडी विभाग ने कार्य वहीं पर ठप करा दिया। निर्माण कार्य ठप होने के एक वर्ष बाद भी पीएमजीएसवाई विभाग ने इस अधूरे पड़े निर्माणाधीन सम्पर्क मार्ग को न ही बनवाया गया और न ही इसकी सुधि ले रहे हैं।

एक वर्ष से अधिक समय से निर्माण कार्य वैसे के वैसे अधूरा पड़ा है। बारिश में यह सम्पर्क मार्ग जलाशय में तब्दील हो गया है। जिसके चलते कसना, दरियावगंज, रीवां जाने के लिए राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली छात्र-छात्राएं एवं राहगीर आए दिन इस जलभराव में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

> कार्यदाई संस्था एक बड़ी कम्पनी है, जिसका कई जिलों में कार्य चल रहा है। इस सम्पर्क मार्ग के निर्माण में कारदाई संस्था की धीमी प्रगति के चलते बांड टर्मिनेटेड के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है।
>
> -ओपी वर्मा, जेई, पीएमजीएसवाई विभाग

### ताला तोड़ पंपिंग सेट व इंजन का सामान चोरी

महराजगंज, रायबरेली। बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर कोठरी में रखा पंपिंग सेट पार कर दिया। भुक्तभोगी किसान ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर चोरी के खुलासे की मांग की है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के सहामतगंज मजरे बहादुर नगर गांव की है। गांव निवासी किसान रामसजीवन ने बताया कि गांव से बाहर खेत में पक्की कोठरी में सिंचाई के लिए पंपिंग सेट रखा था। बीती रात अज्ञात चोरों ने कोठरी का ताला तोड़कर पंपिंग सेट की पाइप व अन्य सामान में तोड़फोड़ की व पंपिंग सेट व इंजन का सारा सामान खोल ले गए। सोमवार की सुबह खेत गये भुक्तभोगी किसान को घटना की जानकारी होने पर उसने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# संकुल शिक्षकों का सामूहिक इस्तीफा

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए को भेजा मांगपत्र, सरकार पर मनमानी का लगाया आरोप

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। वहीं सरकार पर दबाव बनाने के लिए संकुल शिक्षकों ने त्यागपत्र देना तक शुरू कर दिया है। सोमवार को अमावां क्षेत्र के संकुल शिक्षकों ने कार्य करने से इन्कार करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। वहीं ऊंचाहार में प्रदर्शन कर शिक्षकों ने विरोध किया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र ऊंचाहार रायबरेली में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ समर बहादुर सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक संयोजक हर शरण मौर्य की अध्यक्षता में ऊंचाहार ब्लॉक के समस्त शिक्षक संकुलों ने सामूहिक इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। साथ ही बीईओ के माध्यम से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मांगपत्र प्रेषित किया। मांगों को पूरा करने के बाद ही विरोध प्रदर्शन थमेगा। अमावां में संकुल शिक्षकों ने त्यागपत्र देते हुए विरोध जताा। शिक्षक प्रवेश कुमार यादव, रण विजय सिंह चौहान, नीरज कुमार, अनीता चौधरी, वर्तिका सोनकर, के. ज्योति आदि ने कहा कि शिक्षकों पर लगातार दबाव बनाया जाता है। शिक्षण कार्य के अतिरिक्त दूसरे विभागीय कार्यों को कराया जाता है। यह कतई उचित नहीं है। इसका विरोध किया जाएगा। इस मौके पर शैलेश श्रीवास्तव, गनेश, घनश्याम, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश सिंह, सुजीत कुमार शर्मा, बृजेंद्र कुमार, उमेश चंद्र, उपासना, अजय सिंह, संतन श्रीमौली आदि मौजूद रहे।

लालगंज में भी शिक्षकों ने शिक्षण कार्य के अलावा अन्य पदों से सामूहिक त्याग पत्र दे दिया है। जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता महेंद्र यादव और आशीष सिंह सेगर ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र के आदेश दिसम्बर, 2020 में शिक्षक संकुल की व्यवस्था बेसिक शिक्षा में लागू हुई थी। जिसके पश्चात विगत चार वर्षों से शिक्षक संकुल के दायित्वधारी शिक्षक अपने संसाधन से विभागीय व्यवस्था में पूर्ण सहयोग कर रहे है। किन्तु विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों से समाज में शिक्षक की छवि धूमिल हो रही है तथा डिजिटलाइजेशन व आनलाइन उपस्थिति के नाम पर शिक्षकों में भय का वातावरण बनाया जा रहा है। इससे आहत होकर सभी शिक्षको ने अपने-अपने शिक्षक संकुल के दायित्व से स्वयं को मुक्त कर त्याग पत्र दे दिया है। अब शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे। सामूहिक त्याग पत्र देने वालों में विनोद कुमार, जयप्रकाश पांडे, अभिषेक पाल, अजय बाबू पांडे, प्रदीप कुमार, संजय वर्मा, सुरेश, फूलचंद शर्मा, संजय कुमार, हेमंत कुमार, राज बहादुर, सौरभ तिवारी, शशि सिंह, हेमा पांडे आदि शिक्षक शामिल रहे।



खंड शिक्षा अधिकारी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

### डलमऊ में भी शिक्षकों ने संकुल पद से इस्तीफा दिया

**डलमऊ, अमृत विचार।** सोमवार को विकासखंड डलमऊ के सभी न्याय पंचायत में तैनात संकुल शिक्षकों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र डलमऊ में उपस्थित होकर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया और सभी संकुल शिक्षकों ने अपने संकुल पद से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। संजय सिंह, कीर्ति, मनोहर, अनीता सिंह, नीलम पांडे, सर्वेश कुमार, राघवेंद्र, मिथिलेश मौर्य, रितेश वर्मा, दीपेंद्र बहादुर, मनोज कुमार के साथ लगभग 59 शिक्षकों ने संकुल पद से इस्तीफा दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गए त्यागपत्र में शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि लगातार शिक्षकों की मांगे पूरी नहीं की जा रही है और ना ही बेसिक शिक्षा विभाग के पदाधिकारी से कोई वार्ता की गई है। जिससे सभी शिक्षक आहत है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी डलमऊ नंदलाल रजक ने बताया कि वह जिले में मीटिंग में व्यस्त थे, संकुल शिक्षकों के द्वारा दिए गए सामूहिक इस्तीफा के संबंध में अभी तक उन्हें कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

# पांच माह से बेटी को न्याय दिलाने के लिए भटक रहा पिता, पुलिस मौन

संवाददाता, खीरों, रायबरेली।

**लव जेहाद का मामला**

**दूसरे समुदाय के युवक ने छात्रा को प्रेमजाल में फंसाया, जानकारी होने पर की आत्महत्या**

**अमृत विचार।** सरकार ने एक जुलाई से भले ही नए कानून लागू कर महिलाओं, युवतियों, किशोरियों से संबंधित अपराधों पर कड़ी कार्रवाई का प्राविधान किया है। लेकिन शायद यह नए कानून खीरों थाने में लागू नहीं होते। आज भी महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराधों में पीड़ितों को न्याय के बदले इस तरह से फटकार मिलती है जैसे कि पीड़ित खुद अपराधी हो। ऐसा ही एक लव जेहाद का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़िता द्वारा आत्महत्या करने के बाद पांच महीने से पिता थाने के चक्कर लगा रहा है, लेकिन न्याय के बजाय उसे आजतक दुत्कार ही मिला है।

खीरों क्षेत्र के एक गांव की और कस्बा खीरों के एक इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा को दूसरे समुदाय के युवक ने जानू मिश्रा बनकर अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। विगत 29 जनवरी को छात्रा की पंद्रह वर्षीय बहन के साथ कथित जानू मिश्रा किशोरी सहित दोनो बहनों को बहला फुसलाकर भगा कर ले जा रहा था। जानकारी होने पर पिता ने पकड़ लिया। घर पहुंचने पर हकीकत से क्षुब्ध होकर किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद लगातार कई महीने से दुःखी पिता थाने के चक्कर लगा रहा था, लेकिन थानाध्यक्ष ने उसे डॉटकर थाने से भगा दिया। मृतका के पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मृतका के पिता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कस्बा खीरों के एक इंटर कालेज में उसकी सोलह वर्षीय बड़ी बेटी कक्षा 11 और छोटी 15 वर्षीय बेटी कक्षा 8 की छात्रा थी। दूसरे समुदाय का युवक जानू मिश्रा बनकर उसकी बड़ी बेटी से स्कूल आते जाते बात करने लगा। विगत 29 जनवरी को उसकी दोनों बेटियां खीरों गई थी। आरोपित ने उसकी दोनों नाबालिग बेटियों को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर भगाकर ले जा रहा था। उसे जानकारी होने पर उसने उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव जलिमगंज के पेट्रोल पंप के पास पकड़ लिया। वह अपनी बेटियों को लेकर घर आया। सच्चाई सामने आने पर क्षुब्ध बेटी ने एक फरवरी को फांसी लगाकर जान दे दी। जब वह प्रार्थना पत्र लेकर थाने पहुंचा तो थानाध्यक्ष ने डॉट फटकार कर उसे थाने से भगा दिया।

इस तरह वह लगातार लगभग पांच महीने से थाने के चक्कर लगा रहा है। पीड़ित पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपित के परिजन उसके परिवार को जान से मारने की यह कहते हुए धमकी दे रहे हैं कि उन्होंने थाने की पुलिस को खरीद लिया है। थक हारकर उसने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि थानाध्यक्ष ने उसे थाने बुलाकर जमकर डाटा। वह सोमवार को फिर एसपी की चौखट पर न्याय की गुहार लगाने पहुंच गया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# हजरत अब्बास को याद करके नम हुई आंखें

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सोमवार को आठवीं मुहर्रम का विशेष आयोजन हुआ।इस दौरान कई परिवारों में नजर हाजिरी की रस्म पूरी की गई। आठवीं मुहर्रम हजरत अब्बास की कर्बला में जांबाजी के बखान का दिन होता है।

ऊंचाहार में सोमवार को आठवीं मुहर्रम हजरत अब्बास की याद में मनाई गई। अपनी जांबाजी और हज़रत इमाम हुसैन के कुनबे के प्रति समर्पण के कारण हज़रत अब्बास का नाम कर्बला के शहीदों में बड़ा अहम है। अब्बास ने अकेले ही दुश्मन यजीद की फौज को शिकस्त देने की कूवत थी, लेकिन कुनबे के हालात और भूख प्यास के कारण दुर्बल हो चले शरीर ने साथ नहीं दिया, जिसके कारण दुश्मन के हाथों उनका कत्ल हो गया। इस दिन शिया समुदाय के लोग बाहर से अपने घर पहुंचकर नजर हाजिरी की रस्म पूरी करते है। इस दौरान हजरत अब्बास के अलम का जुलूस निकला। जिसमें हजारों लोगों ने मातम किया। नगर में पूर्व में दिवंगत हो चुके जहीन हैदर, नसीर मियां, वजीर हैदर, आफताब हैदर, नजमुल हसन आदि के यहां नजर हाजिरी की विशेष रस्म संपन्न हुई। नगर के अली मुक्तदा के अजाखाने में मजलिस हुई। जिसमें ओवेश नकवी ने हज़रत अब्बास का हुसैन के परिवार के प्रति समर्पण को याद करते हुए पढ़ा कि ," नामे अब्बास को तक़दीरे वफा कहते है , वो वफाओं का खुदा है तो खुदा कहते है " तो अजादरों की आंखे सजल हो गई । उन्होंने कहा कि हज़रत अब्बास की शहादत ने कर्बला को हिला दिया था। आज उनकी जांबाजी और वफा को दुनिया याद करती है।



ऊंचाहार कस्बे में हजरत अब्बास के अलम का जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग।

# भीड़ का झंझट खत्म, इलेक्ट्रानिक मशीन से स्वयं करायें रजिस्टेशन

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कियास्क मशीन से रजिस्ट्रेशन का काम शुरू हो गया है। अब लोगों को अपने रजिस्ट्रेशन के लिए लम्बी लाइन में लगकर घंटों इंतजार नहीं होगा। ओपीडी में प्रवेश करते ही कियास्क मशीन से मरीज या तीमारदार अपना रजिस्ट्रेशन स्वंय कर सकता है। कियास्क मशीन से रजिस्ट्रेशन करने वाले व्यक्ति को आनलाईन शुल्क जमा करना होगा। आफ लाइन काउंटर भी लोगों की सुविधा के लिए चालू रखे गए है। एम्स प्रशासन ने बढ़ती भीड़ व मरीजों की सुविधा को देखते हुए कियास्क मशीन लगाने का निर्णय लिया था। मशीन शुरू करने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है। मंगलवार से ओपीडी आने वाले मरीज कियास्क मशीन की मदद से अपना रजिस्ट्रेशन करने में स्वंय सक्षम होगे। लम्बी लाइन से छुटकारा दिलाने के लिए एम्स प्रशासन द्वारा किये गये इस प्रयास की लोगों ने सराहना की है। अधीक्षक प्रोफेसर डा सुयश सिंह ने बताया कि निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी की दूरगामी सोच की पहल हो चुकी है। ओपीडी के अंदर प्रवेश करते ही तीन मशीन लगाई गई है।

# गैंगरेप के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 19 वर्षीय युवती के साथ हुए गैंगरेप के मामले में सोमवार को पुलिस ने गैंगरेप के पांचों आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का आरोप है कि मंगलवार की रात करीब एक बजे वह खेत से घर वापस लौट रही थी। तभी बारात से वापस लौटे पांच युवकों ने उसे पकड़ कर उसके साथ बारी-बारी से सामूहिक बलात्कार किया। बलात्कार करने के बाद आरोपियों ने उसकी पिटाई कर दी तथा किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसे छोड़ दिया। आरोप है कि पीड़िता ने पहले शिवगढ़ थाने में तहरीर देकर दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, लेकिन पुलिस ने मामले को दबाना चाहा, जिसको लेकर पीड़िता ने एसपी से शिकायत करके इंसाफ की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर रविवार की देर शाम पुलिस ने गैंगरेप के पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस ने गैंगरेप के आरोपी अमित, मनोज, नीरज, रामू, निवासी नया पुरवा मजरे तौली व बोधी खेड़ा के रोहित को नया पुरवा मजरे तौली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि सभी दुष्कर्म आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### एनटीपीसी की बंद यूनिट में उत्पादन शुरू

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** तकनीकी खराबी के चलते चार दिन पहले बंद हुई एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट में सोमवार को उत्पादन शुरू हो गया है। देर रात तक यह यूनिट अपने पूरे भार पर उत्पादन शुरू कर देगी। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह गुरुवार को एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या दो के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। जिसके कारण इस यूनिट को बंद कर दिया गया था। चार दिन तक चले मरम्मत कार्य के बाद सोमवार को दोपहर बाद इस यूनिट को लाइट अप करने का काम शुरू हो गया है। एनटीपीसी सूत्रों ने बताया कि सोमवार देर रात से यह यूनिट अपने पूरे भार पर आ जाएगी। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट नंबर दो को चालू कर दिया गया है। रात से यह यूनिट पूरी क्षमता से उत्पादन शुरू कर देगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

**लालगंज, रायबरेली।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा वृहद पौधरोपण अभियान पूरे ब्लॉक में एक साथ एक बूथ एक पेड़ का कार्यक्रम अभियान चलाया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार उर्फ बबलू तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बृहद पौधरोपण चलाया जा रहा है। ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ पर पेड़ लगाने का आह्वान किया। पौधरोपण अभियान में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संतोष त्रिवेदी, जिला सचिव प्रभारी लालगंज ब्लाक अजय कुमार सिंह, अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, न्याय पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, रामराज यादव, महेंद्र सिंह, काली शंकर सिंह, अवधेश सिंह, विक्रम सिंह, धनीराम पासवान, सुशील कुमार अग्निहोत्री, राम भक्त सिंह सहित ब्लाक के सभी सदस्यों की सहभागिता सराहनीय रही।

### विद्यार्थियों को बांटे गये स्मार्टफोन

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** महाविद्यालय के छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गये। मुराई बाग के महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय में सोमवार को शासन के निर्देश पर छात्राओ को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। शैक्षिक सत्र 2023-24 के चतुर्थ व छठे सेमेस्टर के 325 छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौहवार, महाविद्यालय के प्रबंधक निरंजन सिंह व विद्यालय चेयरमैन रघुवीर सिंह के द्वारा छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ जीके श्रीवास्तव, शिक्षक नवनीत बाजपेई, अजीत श्रीवास्तव, मोहम्मद जसीम, प्रमालिनी शुक्ला, दीपिका सिंह, नेहा सिंह, प्रदीप कुमार व विद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

### सम्मानित हुए नामचीन कवि

**लालगंज, रायबरेली।** प्रसिद्ध नवगीत कार रहे डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदौरिया की जन्म जयंती पर लालगंज के अंतर्गत ग्राम धन्नीपुर के मूल निवासी डॉ शिव बहादुर सिंह भदौरिया ने अपने गीतों व कृतियों के माध्यम से पूरे देश में बैसवारे का नाम रोशन किया। वे साहित्यिक जगत के जाने माने ख्याति प्राप्त कवि थे। उनके जन्मदिवस को काव्या लोक परिवार लालगंज द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीके से मनाया गया। जिसमे साहित्य व समाज में योगदान देने वाले नामचीन लोगों को सम्मानित किया गया।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**NOTICE**

I Mr. Mahendra Kumar Yadav s/o Mr. Ram Tirath, vill- labhapar, Jalalpur Dehat. Jalalpur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224149 declare that my daughter's [ADITI PRAKASH, Class VA, Admn No: S6117, St. Peter's School, Akbarpur] details are wrongly mentioned in her educational records namely, father's name MAHENDRA KUMAR, mother's name SUNITA and have changed father's name as MAHENDRA KUMAR YADAV and mother's name as SUNITA YADAV as per the Affidavit stamp serial No: IN - UP 03495493838119W dated 06.07.2024.
APPLICANT
Mr. Mahendra Kumar Yadav s/o Mr. Ram Tirath, vill-labhapar, Jalalpur Dehat. Jalapur, Ambedkar Nagar, Uttar Pradesh, 224149

**सूचना**

सूचित है कि मेरा हाई स्कूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 2245308 वर्ष 2011 वास्तव में खो गया है। **मो0 अख्तर पुत्र जमील अहमद, निवासी– मोहल्ला व पोस्ट मुबारकपुर तहसील, टांडा जिला अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै अपने पुत्र सूरज यादव को उसके गलत चालो–चलन व खराब आचरण के चलते समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बन्ध/रिश्ता समाप्त करता हूँ। यदि वह किसी भी प्रकार का कृत्य या अपराध करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।– **श्रीराम पुत्र लालाराम लालूहार, जिन्दौर थाना–रहीमाबाद, लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मेरे एच.डी. एफ. सी. लाईफ इंश्योरेन्स कम्पनी लि की पलिसी सं0 12147086.लाभार्थी Sardar Mahender Pal Singh हो गया है जबकि आधारकार्ड पैन कार्ड व बैंक खाते में लाभार्थी का नाम Manindar pal singh है। **इन्द्रजीत सिंह पुत्र महंगा सिंह निवासी, सुच्चितागंज बाजार, अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम JAIBIR YADAV था। मैं नाम बदलकर JAI VEER YADAV रख लिया हूं। इसी नाम से जाना पहचाना जाय। **–जय वीर यादव पुत्र सौदागर यादव, निवासी– महुला, आजमगढ़।**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABDUR RASHID ANSARI था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABDUR RASHEED ANSARI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: ABDUL MOEED ANSARI, 293, NIDA COLONY MAHIPATMAU, KAKORI, LUCKNOW

**सूचना**

मेरी एलआईसी पॉ0 सं0 215 594 357 में मेरा नाम मोहिनी देवी पुत्री दिनेश कुमार मौर्य दर्ज है। मोहिनी देवी मेरा घर का नाम है। आधार और अंक पत्र के अनुसार मेरा नाम मोनी मौर्या पुत्री दिनेश मौर्या है। दोनों नाम मेरे हैं। **– मोनी मौर्या उर्फ मोहिनी देवी पुत्री दिनेश मौर्या निवासी ग्राम पोस्ट बहाई जिला रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम कृष्ण कुमार (krishn kumar) की जगह कृष्ण कुमार (krishna kumar) पुत्र छोटेलाल (chhote lal) के नाम से जाना और पहचाना जाए। **कृष्ण कुमार पुत्र छोटे लाल, निवासी– गुजौली खुर्द , बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **उमाकांत मिश्रा पुत्र मनोहर लाल मिश्रा ग्राम पिपरा तहसील महसी जिला बहराइच** का निवासी हूं। मैं सशपथ बयान करता हूं कि मेरा ही दूसरा नाम रमाकांत मिश्रा उर्फ उमाकांत मिश्रा है। ऐसे में मेरा पूरा नाम उमाकांत मिश्रा उर्फ रमाकांत मिश्रा होना चाहिए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **नूर आलम पुत्र मोहम्मद, निवासी– ग्राम नानकगंज झाला थाना कोतवाली देहात जिला हरदोई** मैने अपने पुत्र अयान पुत्र नूर आलम तथा बहू सानिया पत्नी अयान को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब पुत्र अयान तथा सानिया से मेरा व मेरे परिवारवालों से कोई संबंध नहीं रहेगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे

**सूचना**

सूचित हो कि प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा जरवा खाता संख्या 57713 में मेरा नाम बिंद्रा अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम विद्यावती है। बिंद्रा तथा विद्यावती दोनों एक ही महिला का नाम है। बैंक खाते में भी विद्यावती ही दर्ज किया जाए। **–विद्यावती पत्नी सुंदर पुत्री राम प्रसाद ग्राम विशुनपुर टनटनवा, जिला– बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बी.ए.प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष सत्र–2020–2022, अनुक्रमांक 20411400 11017 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **गोमती पटेल पुत्री बहराइच दीन पटेल, ग्राम– अमिलहा भगवतगंज , प्रतापगढ़, (उ. प्र.)।**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम Razda था अब मैंने बदलकर अपना नाम Razda Bano रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। W/O Mohammad Naseer, 308/4 Jauhari Mohalla, Lucknow, Uttar Pradesh - 226003

## एक नजर

### छात्राओं को पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए बीडीओ ने पूरी लगन से पढ़ने और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। इसलिए आप भी पूरी निष्ठा व लगन से पढ़कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए बालिकाओं को जागरूक करते हुए कहा कि आगामी 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में अपनी मां के नाम पर पौधा लगाएं। तथा उसके संरक्षण, संवर्द्धन भी करें। उन्होंने मौजूद पंचायत सचिव पवन कुमार से छात्राओं को पौधे उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### सप्तऋषि आश्रम मंदिर के परिसर में रोपे गए पौधे

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित सप्तऋषि आश्रम मंदिर परिसर में सोमवार को पौधरोपण का अभियान चला। पर्यावरण प्रहरी टीम के सदस्यों ने दर्जनों की संख्या में औषधीय फल और छायादार पौधे रोपित किये। लखनऊ क्लब टीम के पदाधिकारियों के साथ पर्यावरण प्रहरी टीम के मुख्य सदस्य धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, पूर्व सभासद विनय कुमार यादव, शुभम शुक्ला तथा पूर्व प्रधान अतुल कुमार दूबे ने सप्तऋषि आश्रम में आंवला, नींबू, अमरूद, अर्जुन नीम सहित अन्य प्रजातियों के करीब तीन दर्जन पौधे रोपित किये। पर्यावरण प्रहरी टीम के मुख्य सदस्य धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा, सप्तऋषियों का यह मंदिर श्रीराम की मौजूदगी का आज भी एहसास कर रहा है। उनके बचपन की यादें यहां से जुड़ी हैं। हम सभी को संकल्प लेकर इस स्थल को स्वच्छ और हरा भरा बनाए रखना है, इसीलिए पौधे रोपित किए गए हैं। इनकी सुरक्षा भी की जाएगी।

# संजय सेतु की दरारों की हुई मरम्मत, लगा जाम

## तीन-चार माह में आ जाती हैं दरारें, अमृत विचार ने दरार आने की समस्या को प्रमुखता के साथ किया था प्रकाशित

**रामनगर,बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सरयू नदी पर स्थित संजय सेतु के एप्रोच में आईं दरारों की समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने टीम भेज कर पुल के अप्रोचों को सही करवाकर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू करवा दिया है।

सरयू नदी (घाघरा) पर स्थित संजय सेतु के अप्रोचों में दरारें आ गई थीं और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अमृत विचार ने गुरुवार को इस समस्या को गंभीरता से उठाया था। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने सोमवार को टीम भेज कर संजय सेतु के अप्रोचों की दरारों व गड्ढों का मरम्मतीकरण का कार्य शुरू करवा दिया है। जिसके चलते सुबह से ही पुल के दोनों ओर कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गईं। हालाकि भयंकर जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पुल पर ट्रैफिक बैरिकेडिंग लगाकर वन साइड से वाहन निकलवाए गए। जिससे पूरे दिन यातायात कछुए की चाल से रेंगता रहा और इस जाम में फंसे हजारों यात्री उमस भरी गर्मी में परेशान होते रहे। तमाम वाहन जाम में घंटों खड़े रहने के बाद वापस चले गए।


बढ़ रहीं संजय सेतु में दरारें
संकट : आवागमन कभी भी हो सकता है बाधित
रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार में 12 जुलाई को प्रकाशित खबर।


सेतु में आई दरारें ठीक करते कर्मचारी। अमृत विचार


जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### नहीं निकल पा रहा स्थाई समाधान

संजय सेतु का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 9 अप्रैल, 1981 को किया था। 1984 में पुल का निर्माण पूरा हुआ। लगभग 40 वर्ष पहले बना सेतु रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गया है। 30 खंभों (कोठी) पर सेतु खड़ा है। पुल में हर कोठी पर जोड़ बना है। लगभग सभी जोड़ों की मरम्मत कराई जा चुकी है। अब हाल यह है कि मरम्मत के बाद भी दरारें कम नहीं हो रही हैं। एनएचएआई की ओर से मरम्मत के लिए पीएनसी संस्था को नामित किया गया है। इस पुल से हजारों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन 24 घंटे रहता है। यह संजय सेतु कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। सेतु के जोड़ वाले स्थानों पर दरारें बढ़ती जा रही हैं। दरारों की मरम्मत पिछले चार-पांच साल से हर तीसरे-चौथे माह कराई जाती है, लेकिन वह ध्वस्त हो जाती हैं। मरम्मत के दौरान यातायात प्रभावित होता है, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकल पा रहा है।

### विभिन्न क्षेत्रों में 6 लोगों को सांप ने डसा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** बरसात के कारण बीती रात क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आधा दर्जन लोग सर्पदंश का शिकार हो गए। सर्प दंश के शिकार हुये लोगों का उपचार सीएचसी हैदरगढ़ में करने के बाद छुट्टी दे दी गई।

नीमामऊ गांव निवासी भाजपा नेता विवेक कुमार (35) बीती रात लघुशंका के लिए उठे कि तभी दरवाजे पर सर्प दंश के शिकार हो गये। परिवारीजन आनन-फानन में सीएचसी हैदरगढ़ लाए। यहां काफी देर तक चले उपचार के बाद भाजपा नेता खतरे से बाहर हुए। इसी क्रम में दौलतपुर गांव की शिवदेवी पत्नी प्रवेश 25 वर्ष, ओहरामऊ की आराधना पुत्री शिव सहाय 18 वर्ष, पूरे लाल निवासिनी पूजा पुत्री दयाराम 13 वर्ष, पूरे पाण्डे के विवेक यादव 20 वर्ष एवं लौली गांव की मायावती पत्नी रामफेर 60 वर्ष सर्पदंश का शिकार हुईं।

# काम शुरू न हो तो निरस्त किए जाएं टेंडर

**दरियाबाद, बाराबंकी**

▸▸ **नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सभासदों ने उठाया मुद्दा**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत दरियाबाद में बोर्ड की चली 4 घंटे की बैठक में पानी टंकी के निर्माण, जमीन के चिन्हांकन आदि समेत कई बिंदुओं पर पर चर्चा की गई। सभासदों ने भी अपने-अपने मुद्दों को सदन के समक्ष उठाया।

नगर पंचायत में आयोजित बैठक में दरियाबाद में नव निर्मित होने वाली पानी टंकी को लेकर जगह का चिन्हांकन, जमीन की खरीद आदि पर चर्चा की गई। सभासदों द्वारा वार्डों से साफ-सफाई , पेयजल की टूटी पाइप लाइन, वृद्धा पेंशन, गरीबों को आवास आदि का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों को देने की बात रखी। प्रतिमाह बोर्ड की बैठक करने आदि के विषय पर सभासदों ने अपनी बात कही। सभासदों ने कहा, टेंडर होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किए जा रहे हैं। काम अगर शुरू न हों तो टेंडर निरस्त किए जाएं। हर माह की 5 तारीख तक सभासदों को लिखित में बताया जाए कि माह में कितना पैसा किस मद में आया और कितना पैसा कहां-कहां खर्च हुआ। कितनी धनराशि बची है। उन सब के बिल वाउचर व बैंक स्टेटमेंट की फोटो प्रतिलिपि हर माह उपलब्ध कराई जाए। 12 जून, 2023 से पहले कराए गए कार्य का बकाया पेमेंट बिना सभासदों के सहमति के न किए जाएं। इसके अलावा नगर पंचायत की खुली नालियों पर पत्थर रखे जाने का प्रस्ताव भी सभासदों ने रखा। बैठक में ईओ शीलू अवस्थी, चेयरमैन रुखशाना बानो, मनीष श्रीवास्तव, करीम, निशार खान, गैस मोहमद, सबीना बानो, बाबू लाल सहित वार्ड के सभासद मौजूद रहे। ईओ शीलू अवस्थी ने बताया कि पानी की टंकी की जमीन उपलब्ध होते ही निर्माण कराया जाएगा। साथ ही अन्य कार्यों पर भी काम किया जाएगा।


बैठक में उपस्थित चेयरमैन रुखसाना बानो, ईओ शीलू अवस्थी व सभासद।

# मिट्टी कटान से युवती डूबी, लापता

## पीएसी की रेस्क्यू टीम कर रही तलाश

**सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** एक युवती सरयू नदी में डूब गई। घटना के वक्त दो सगी बहनें शौच के लिए गई हुई थीं।

मोहम्मदपुर खाला थाना के बाढ़ प्रभावित इलाके के बबुरी मजरे सरसंडा गांव निवासी रामनरेश मिश्र की दो पुत्रियां अंजलि और हिंमाशी मिश्रा सोमवार दोपहर सरयू नदी किनारे शौच को गई थीं। कटान के कारण मिट्टी का एक हिस्सा नदी में जा गिरा। इस मिट्टी पर बैठी 20 वर्षीय अंजलि भी नदी में डूब गई। तो छोटी बहन 17 वर्षीय हिंमाशी दौड़कर घर पहुंची और घर वालों को घटना की जानकारी दी। घटनास्थल पहुंचे परिजन ने सूचना चौकी लालपुर और मोहम्मदपुर खाला थाने पर दी। मौके पर पहुंचे एसएचओ ने पीएसी की टीम से सहयोग लेकर रेस्क्यू करना शुरू कर दिया, लेकिन अंजलि का शव बरामद नहीं हुआ।


सरयू नदी में शव की तलाश करती रेस्क्यू टीम। अमृत विचार

# खोदी गई सड़कों का उठा मुद्दा

## ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

**दरियाबाद, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय की अध्यक्षता में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में की गई।

बैठक में ग्राम पंचायतों के विकास के मुद्दों आवास योजना, वृद्धा पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के द्वारा खोदी गई सड़कों की साफ सफाई आदि का मुद्दा रहा। जिस पर सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने कहा कि जिस फर्म के द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। उसकी 10 वर्षों तक जिम्मेदारी है। पानी आने के दौरान अगर कहीं पाइप फटता है तो वहां दोबारा खोदाई करनी पड़ेगी, जहां रास्ते बहुत खराब हैं। उनकी वैकल्पिक रूप से व्यवस्था की जाए। जब तक कार्य संतोषजनक न हो, तब तक एनओसी संबंधित ठेकेदार को न दी जाए। बैठक को पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवानंद पांडेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान लोगों से कार्य को बेहतर बनाने की दिशा में सुझाव लिए गए।


क्षेत्र पंचायत की बैठक में बोलते बीडीओ। अमृत विचार

### घर में घुस उठा ले गए नकदी व जेवर

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात एक घर में घुसकर चोर नकदी समेत हजारों के कीमती जेवरात उठा ले गए।

चोरी की घटना थाना क्षेत्र के गैरिया गांव की है। गांव के निवासी रघुराज गौतम के घर में रखी दो हजार की नकदी, सोने की माला और चांदी की पायल समेत हजारों का कीमती आभूषण उठा ले गए। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। इससे कुछ दिनों पूर्व इसी गांव के दो घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसका पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है।

# नर्स पर लगाया धन उगाही का आरोप

## सुबेहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत सुबेहा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्टाफ नर्स पर प्रसव के दौरान धन उगाही एवं इलाज में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रसूता के पति ने अधीक्षक से शिकायत देकर स्टाफ नर्स के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

असंद्रा थाना क्षेत्र के धनौली गांव निवासी दिनेश ने बताया कि 3 जुलाई को प्रसव पीड़ा होने के बाद उसकी रेहुरा थाना सुबेहा गांव निवासी सास उसकी पत्नी को सीएचसी सुबेहा लेकर पहुंची थी। जहां स्टाफ नर्स गीता यादव द्वारा भर्ती किया गया था। लेकिन इसके बाद वह कहीं चली गई। इस दौरान पत्नी दर्द से तड़पती व चीखती रही। काफी देर बाद वापस लौटने के बाद सास ने स्टाफ नर्स से दवा इलाज करने के लिए कहा तो नर्स नाराज हो गई। आरोप है कि बाहर से इंजेक्शन मंगाने की बात कहकर दो सौ रुपये लेकर इंजेक्शन लगाया और फिर 500 रुपये लेकर ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई। यही नहीं सामान्य डिलीवरी होने पर भी एक हजार रुपये ले लिए गए। नार्मल डिलीवरी के दौरान बच्चा पैदा हो गया लेकिन ब्लड ज्यादा निकल जाने की वजह से उसकी हालत बिगड़ना शुरू हो गई। आनन फानन उसे बाराबंकी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। प्रसूता के पति ने चिकित्सा अधीक्षक से मिलकर मामले की लिखित शिकायत की है। डॉ.ओम प्रकाश कुरील ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। स्टाफ नर्स को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।


चिकित्साधीक्षक को ज्ञापन देने आए पीड़ित।

### डीएम से मुलाकात कर की शिकायत

**बाराबंकी, अमृत विचार:** मुख्य कार्यपाल अधिकारी रेनू कुशवाहा के तुगलकी रवैये से क्षुब्ध डीसीबी संचालक सदस्यों ने सोमवार को डीएम सत्येंद्र कुमार से मुलाकात की। सदस्यों ने डीएम से सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेनू कुशवाहा द्वारा डीसीबी में की जा रही अनियमितताओं की जानकारी दी। आरोप है कि सचिव द्वारा डराने धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। सभापति गुरुशरण लोधी सचिव का सहयोग कर रहे हैं। मुलाकात के दौरान सभापति गुरुशरण लोधी के खिलाफ संचालक सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। डीएम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में गांव में एक युवक का शव आम के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता हुआ पाया गया। युवक पिछले चार-पांच वर्षों से मानसिक रोगों का शिकार था, जिसका उपचार लखनऊ से कराया जा रहा था।

कोतवाली क्षेत्र के बरावां गांव निवासी संदीप (25) पुत्र साहबदीन रावत कल शाम 9 बजे खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर से निकला था। फिर वापस नहीं लौटा था। देर रात तक वापस न आने पर परिजन तलाश कर रहे थे] परंतु रात में पता नहीं लग सका। सोमवार की सुबह बाग से आम बीनने पहुंचे बच्चों ने गमछे के सहारे आम के पेड़ पर एक युवक का शव लटकते पाया। इसकी सूचना जंगल में आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। परिजनों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी भी दलबल के साधन मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फिर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं जिला मुख्यालय से आई फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की गई। बताते हैं कि मानसिक रूप से परेशान मृतक शराब के नशे का आदी भी था।

# धूप और कीचड़ में रहने को मजबूर मवेशी

**सतरिख, बाराबंकी**

▸▸ **मानपुर गोशाला में अव्यवस्थाएं हावी, क्षमता से अधिक हैं गोवंश**

**अमृत विचार:** बेसहारा गोवंशों को सुरक्षित आश्रय दिलाने के लिए बनी गोशाला अव्यवस्थाओं का शिकार हो गई। तपती धूप और बरसात में मवेशी खुले आसमान के नीचे खड़े होने को मजबूर हैं। इसके अलावा क्षमता से अधिक मवेशी ठूस कर भरे हुए हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

हरख ब्लॉक के मानपुर ग्राम पंचायत स्थित लाखों रुपये की लागत से बनी गोशाला में अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। गोशाला में मवेशियों के रहने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। बारिश में गोशाला कीचड़ में तब्दील हो जा रहा है। गोशाला खड़ंजे का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जिससे मवेशी कीचड़ में रहने को मजबूर हो रहे हैं। इसके अलावा टीन शेड का निर्माण भी अधूरा पड़ा हुआ है। बताते हैं कि इस गोशाला में 100 मवेशियों के रखने की क्षमता है लेकिन गोशाला में क्षमता से अधिक मवेशियों को रखा गया है। इस गोशाला में अव्यवस्था का बोलबाला बना हुआ है। यहां मवेशियों के लिए न तो खाने का बेहतर इंतजाम है और न ही गर्मी से बचाव का। तपती धूप और बरसात के चलते मवेशी सुस्त और बीमार भी हो जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अफसर व्यवस्था में सुधार नहीं कर पा रहे हैं।

चर्चा है कि ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी के बीच कई महीनों पूर्व कराए गए विकास कार्यों के भुगतान को लेकर तनातनी चली आ रही है। जिस कारण ग्राम पंचायत और गोशाला में विकास कार्य ठप हो चुके हैं। बीडीओ हरख प्रीति वर्मा ने बताया कि उनके द्वारा हरख ब्लॉक का आज ही कार्यभार ग्रहण किया गया है, गोशाला का निरीक्षण कर जो भी कमियां मिलती हैं, उनको दूर कराया जाएगा।


हरख ब्लॉक के मानपुर गोशाला में अधूरा पड़ा टीन शेड। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जनता को समर्पित किया वॉटर कूलर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत निधि से स्थानीय विकास खंड के कमेला चौराहा एवं विसेन का पुरवा चौराहा पर स्थापित किये गए वॉटर कूलर का उद्घाटन रामदेव सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया। बूथ अध्यक्ष स्व. शिवम सिंह की स्मृति में श्री सिंह द्वारा अपनी क्षेत्र पंचायत निधि से कर वॉटर कूलर को जनमानस को समर्पित किया गया है। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुबेहा राम सागर मौर्य, मण्डल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, प्रधान प्र सिंधियावा विक्रम सिंह, बरावां राम कुमार सिंह, राम किशोर गुप्ता , हर्ष सिंह चौहान लल्लू, पवन सिंह , विनय शुक्ला सहित अनेक सम्मानित जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



वॉटर कूलर का उद्घाटन करते पूर्व ब्लॉक प्रमुख।



टैबलेट वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ मौजूद एमएलसी।

### 144 मेधावियों को मिले टैबलेट तो खिले चेहरे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामार्पित महाविद्यालय गाजीपुर में मेधावियों को टैबलेट का वितरण किया गया। सोमवार को मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने छात्र छात्रों को मुख्यमंत्री द्वारा टैबलेट वितरण कार्यक्रम के तहत 144 पोस्ट-ग्रेजुएट के विद्यार्थियों को टैबलेट दिए गए। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक प्रांजल सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी ने कहा कि सरकार द्वारा सभी छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण से उत्तर प्रदेश में शिक्षा के रूप में एक नई क्रांति आई है। प्रदेश सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं को लेकर काफी गंभीर है और उनकी पढ़ाई को जारी रखने के लिए हर सम्भव मदद देने के लिए कृत-संकल्प है। मेधावी छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई भी बाधा नहीं आने दी जाएगी। मेधावी छात्र-छात्राएं भी टैबलेट पाकर खुश दिखाई दिए, उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी,वरिष्ठ नेता पंकज गुप्ता पंकी,प्रदीप सिंह,आंनद सिंह बब्लू सहित समेत कालेज स्टाप व छात्र छात्राएं मौजूद रही।

**बदलाव** निजी कंपनियों द्वारा रिचार्ज शुल्क बढ़ाने से बीएसएनएल की ओर उपभोक्ताओं का झुकाव

# 845 नंबर बीएसएनएल में पोर्ट, 14 दिन में बिके 3500 सिम

**रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी**

▸▸ **जिले में स्थापित होंगे 153 बीटीएस 4जी सिस्टम, 83 लगे**

**अमृत विचार :** निजी टेलीकॉम कंपनियों द्वारा प्रीपेड मोबाइल नंबर पर रिचार्ज शुल्क बढ़ाने के बाद मोबाइल उपभोक्ताओं का रुझान भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की ओर बढ़ा है। 1 जुलाई से 14 जुलाई तक जिले में जहां 845 उपभोक्ताओं ने अपने अन्य निजी टेलीकॉम कंपनियों के मोबाइल नंबरों को बीएसएनएल में पोर्ट इन कराया है। वहीं इन 14 दिनों में 35 सौ 4जी सिम भी बिक गए हैं। जिले में 50-55 उपभोक्ता प्रतिदिन नंबर पोर्ट इन करा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार दिसंबर माह तक बीएसएनएल द्वारा तेज स्पीड में 4जी सेवा शुरू की जाएगी। इसके लिए जिले में 153 4जी बीटीएस स्थापित किए जाएंगे। इनमें से 83 बीटीएस सिस्टम लगाए भी जा चुके हैं।

अधिकारिक सूत्रों की मानें तो हाईस्पीड फोर जी सेवा दिसंबर माह तक सभी को मिलने लगेगी। इसके लिए इस पर तेजी से काम चल रहा है। निगम का दावा है कि इस हिसाब से प्रतिदिन जहां 50 से 55 सिम पोर्टइन हो रहे हैं वहीं सिम भी तेजी से बिक रहे हैं। जिले में सिम की बिक्री बढ़ाने के साथ उनकी आसानी से उपलब्धता के लिए 30 नए रिटेलर के माध्यम से नए विक्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### 60 स्थानों पर लग रहे पॉवर प्लांट और नई बैटरी

उपभोक्ताओं को 4जी सेवा उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी रूप से काफी प्रयास किया जा रहा है। जिले में 60 स्थानों पर जहां नए दूरभाष पॉवर प्लांट लगाए गए हैं। वहीं नई बैटरियां भी लगाई जा रही हैं। ताकि मोबाइल नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बीएसएनएल चैटबोट नंबर 18004444 भी प्रारंभ गया है। इससे बिल भुगतान आदि की सुविधाएं भी मौजूद हैं। वहीं जिले के सभी कॉपर केबल के नंबर फाइबर में बदले जा रहे हैं।

**ऐसे कराएं पोर्ट इन :** नंबर पोर्ट इन कराने के लिए उपभोक्ता को 1900 नंबर पर PORT-मोबाइल नंबर लिखकर मैसेज करना होगा। कुछ ही देर में कोड आ जाएगा। यह कोड बीएसएनएल उपभोक्ता सेवा केंद्र या डिस्ट्रीब्यूटर की शॉप पर दिखाना होगा और बायोमीट्रिक मशीन पर अपना अंगूठा लगाकर अपना आधार नंबर बताना होगा। इसके बाद तीन से चार दिन के अंदर नंबर पोर्ट इन हो जाएगा।



"बीएसएनएल की ओर तेजी से लोगों का जुड़ाव हुआ है। 14 दिनों में ही 3300 सिम की बिक्री हो चुकी है। साथ ही करीब साढ़े आठ सौ अन्य कंपनियों के नंबरों को बीएसएलएल में पोर्टइन कराया गया है। उपभोक्ताओं को जल्द ही हाईस्पीड इंटरनेट सेवा मोबाइल पर मिलने लगेगी।

**दिनेश कुमार सिंह, जिला प्रबंधक, बीएसएनएल,बाराबंकी**

### शिक्षण संस्थान में रोपे गए पौधे

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज हैदरगढ़ के परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। संस्था के अध्यक्ष शरद अवस्थी ने अपनी मां के नाम पर आम का पौधा लगाया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमें जीवन देने वाली शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते हैं। हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं, और पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि शास्त्रों में एक वृक्ष को दस पुत्रों के बराबर माना गया है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने भी पौधे रोपित किये।

## एक नजर

### अधिक बिल बकाए पर काटे चार कनेक्शन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** आलादास फीडर पर विद्युत चोरी और अधिक बिल बकाए पर रामसनेहीघाट पावरकारपोरेशन द्वारा उप खंड ने संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काट दिया ।वहीं विद्युत बकाया बिल की वसूली भी की गई। टीम द्वारा मॉर्निंग रेड डोर टू डोर कांबिंग अभियान चला कर कार्रवाई की गई। रामसनेहीघाट के उप खंड अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि सोमवार को फीडर पर कांबिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कनेक्शन की चेकिंग की गई इनमें से 14 कनेक्शन चेक किया गया और 4 कनेक्शन अधिक बकाया होने पर काट दिया गया और और एक-एक लाख रुपए की राजस्व वसूली भी की गई।

### 59 के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को 59 लोगों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई। जबकि चार वारंटी व आठ वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रेलवे पुल पर ट्रेन से कटा मिला अज्ञात महिला का शव

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी से रामनगर को जाने वाली रेलवे लाइन पर अमदहा रेलवे पुल के निकट एक महिला की ट्रेन से कटने की सूचना बिन्दौरा रेलवे स्टेशन मास्टर ने मसौली पुलिस को दी। मसौली थाने के प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। आसपास के लोगों से पुछताछ किया तो ज्ञात हुआ कि उक्त महिला मानसिक रूप से बीमार थी जो आसपास देखी जाती थी। मृतक महिला की करीब उम्र 30 वर्ष की थी और उपर के हिस्से में चुनरी का रुपटा व लाल रंग की सलवार पहने थी।

### दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किया शव

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के किन्हौली गांव में रविवार की शाम को भैंस चराकर घर लौटते समय युवक का पैर फिसल गया और वह नहर में डूब गया था। युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोर लगाए गए थे, लेकिन दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम पहुंचकर शव की तलाश में जुटी। काफी मशक्कत के बाद शव को बरामद कर लिया। मसौली पुलिस ने पंचायतनामा भार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम किन्हौली निवासी नवनीत मिश्र पुत्र स्व. चन्द मिश्र 20 वर्षीय रविवार की शाम को भैंस चराकर घर वापस लौट रहा था कि शारदा सहायक डबल नहर में वापसी के दौरान पैर फिसलने से नवनीत नहर में डूब गया था।

# घर में शादी हो तो दामाद के नाम से लगाएं एक पौधा : अंगद

अमृत विचार पौधरोपण अभियान

## रामार्पित महाविद्यालय के परिसर में एसडीएम, भाजपा नेता व समाजसेवियों ने रोपे पौधे, अमृत विचार और शिक्षण संस्थान ने सभासदों को किया सम्मानित



पौधा रोपित करते एमएलसी अंगद सिंह। अमृत विचार



पौधा लगाते ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय। अमृत विचार



पौधरोपण करते भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी।



पौधा रोपते करते पंकज गुप्ता 'पंकी'। अमृत विचार



पौधा रोपित करते एसडीएम आनंद तिवारी।

**बनीकोडर, सिरौली, गौसपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** धरती को हरा भरा करने के लिए अमृत विचार की तरफ से चलाई जा रही मुहिम की अगली कड़ी में सोमवार को सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के रामर्पित महाविद्यालय गाजीपुर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम की थीम पर पौधरोपण अभियान और पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन को लेकर सेमिनार भी आयोजित हुआ। साथ ही धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे एमएलसी अंगद सिंह ने शिक्षण संस्थान परिसर में पौधा रोपित किया। इसके बाद एसडीम सिरौलीगौसपुर आनंद कुमार तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज गुप्ता उर्फ पंकी, दरियाबाद ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडेय ने भी आम, अनार,अमरूद, नीम, पकड, कदम्ब सहित अन्य फलदार, औषधीय व छायादार पौधे रोपित किये।

इसके बाद आयोजित सेमिनार में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में अमृत विचार संस्थान के कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस धरा पर सभी को पौधे लगाना चाहिए, साथ ही घर में शादी हो तो एक पौधा दामाद से लगवाना चाहिए। इससे उसकी हिफाजत भी होती रहेगी। ससुराल के लोग कहेंगे कि जीजा का लगाया हुआ पौधा है, जो धीरे-धीरे पेड़ का रूप ले रहा है। अबकी गर्मी 48 डिग्री तक थी। इससे राहत के लिये पेड़ लगाना जरूरी है। इस दौरान एसडीएम सहित कई अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे। सभी ने एक साथ पौधा रोपित कर धरती को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

**सम्मानित**



सम्मानित किए गए सभासद व समाजसेवी। अमृत विचार

**शील्ड देकर किया गया सम्मानित**

अमृत विचार संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर पंचायत रामसनेहीघाट के सभासदों को अमृत विचार और महाविद्याल की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि विजय रंजन यादव, प्रतिनिधि पुनीत यादव, दुर्गेश, अनिल, संजय सहित किसान नेता मायाराम यादव को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी ने समाचार पत्र की निष्पक्ष और बेबाक खबरों की तारीफ भी की और कहा यह समाचार पत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी :** आयोजित कार्यक्रम में रामर्पित महाविद्यालय प्रबंधक प्रांजल सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष राकेश सिंह मुन्ना, महंत राज कुमार दास, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह, इंद्रपुर प्रधान आंनद सिंह उर्फ बब्लू, जर्नलिस्ट एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष मान बहादुर सिंह, भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष माया राम यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष कोटवा सड़क डॉ. एमएल साहू, पंकज शुक्ल, राम नरायण मिश्रा, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, हरिओम तिवारी, सरिता तिवारी, गोपाल वर्मा, सत्यनाम, पंकज, मधुकर तिवारी, मनोज राव, ज्योति, सूरज साहू समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को सफलता प्रदान करने में अमृत विचार के रामसनेहीघाट तहसील के संवाददाता रिशू गुप्ता, बनीकोडर के विकास पाठक और सिरौलीगौसपुर तहसील के संवाददाता जयशंकर पांडेय की अहम भूमिका रही।

# शिक्षकों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## राज्य कर्मचारियों की तरह मिले 30 ईएल, 15 हाफ सीएल देने की मांग

**कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी**

**अमृत विचारः** शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य के नेतृत्व में एवं जिलाध्यक्ष अलका गौतम की अध्यक्षता में डिजिटलाइजेशन / ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सोमवार को गन्ना संस्थान से पदयात्रा करके जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष अलका गौतम ने कहा कि हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की मांगों पर विचार किए बिना ही ऑनलाइन उपस्थिति का दबाव बनाया जा रहा है। सबसे पहले हमें 15 हाफ सीएल प्रदान की जाए। विषम परिस्थितियों में अगर देर हो जाती है तो स्पष्टीकरण के साथ उनकी उपस्थिति को मान्य किया जाए। राज्य कर्मचारियों के आधार पर हमें भी 30 ईएल दी जाए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण के साथ शिथिलता बरतने के निर्देश दिए जाएं। इन आवश्यकताओं को पूरा किए बिना ऑनलाइन उपस्थिति से मानसिक दबाव बढ़ रहा है। जबकि सभी शिक्षक शिक्षिकाएं अपने दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वहन कर रहे हैं। आज इस मौके पर पूरे जिले भर के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं एकत्रित हुए। सभी ने एकता का परिचय दिया। यह सभी मौलिक समस्याएं हैं और इनका पूर्ण किया जाना अति आवश्यक है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें गैर शैक्षणिक कार्य उससे मुक्ति प्रदान की जाए। जब तक यह मांगे पूरी नहीं होती है। तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ शिक्षकों का संघर्ष रंग लाएगा। जबकि प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुणेंद्र वर्मा और संयुक्त मोर्चे के अध्यक्ष रामेंद्र प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर सुनीता यादव, रंजना सहाय, प्रीति सिंह, शहनाज परवीन, नीलम लता ,प्रतिमा ,चंदा प्रीति वर्मा, प्रियंका, नजमुस, नीलम लता ,संगीता यादव, इत्यादि सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करते शिक्षक संघ के लोग। अमृत विचार

# बिजली की आवाजाही से ग्रामीण हो रहे परेशान

**संवाददाता, निंदूरा, बाराबंकी**

▸▸ मात्र 9 से 10 घंटे टुकड़ों में की जा रही विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचारः** बाबागंज फीडर से 135 गांव के विद्युत उपखंड कुर्सी की बड़ी लापरवाही रोज-रोज देखने को मिल रही है। जहां एक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बिजली में ज्यादा कटौती न की जाए। क्षेत्र में काम से कम कटौती की जाए सरकार के आदेश अनुसार क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का निर्देश है लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है।।

निंदूरा क्षेत्र के अंतिम छोर के गांव में विद्युत आपूर्ति बहुत ही चौपट है। क्षेत्र को 9 से 10 घंटा ही आपूर्ति मिल पा रही है। रविवार के रात में बार-बार कटौती से ग्रामीण व उपभोक्ता परेशान बारिश का महीना चल रहा है। बार-बार बिजली के आने-जाने की वजह से घरों में रह रहे लोगों को सांप, बिच्छू आदि का खतरा हर वक्त बना रहता है। सोमवार के सुबह 5 बजे हुई घनघोर बारिश के वजह से विद्युत आपूर्ति सुबह अचानक गायब हो गई थी। सोमवार की सुबह 11 बजे आपूर्ति शुरू की गई लेकिन यह आपूर्ति ज्यादा देर नहीं चल सकी। मात्र 45 मिनट के बाद फिर चली गई। उसके बाद देर शाम तक आपूर्ति नहीं शुरू हुई। पलटूपुर निवासी दिनेश ने बताया कि रविवार की शाम 7:00 बजे से लेकर सोमवार सुबह 4:30 तक कम से कम 50 बार बिजली का आना जाना हुआ। क्षेत्र के इन गांव में ही समस्या उत्पन्न रहती है।। चकिया, ताहीरपुर, टिरी, नारायणपुर, कांमीपुर, लोनार टिकरा गाड़िया जमुना हाजीपुर रसूलपुर सराय शहबाज ददेरा पलटूपुर पचासा बाबागंज मोहलिया रामपुर चिरागीडीह झबरा जिंदपुर माधवपुर पंडित पुरवा खरतला सुलेमाबाद उच्च जनकपुर क्षेत्र के काफी गांव शामिल है। जेई विकास शुक्ला ने बताया कि तेज हवा के साथ सुबह बारिश हुई थी। इसकी वजह से लाइन बाधित है, शाम तक सभी गांव में विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

**रामनगर, बाराबंकी**

**अमृत विचार।** खेत की जुताई कर घर वापस आते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बंधे के नीचे पलट गया। जिससे उसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

थाना क्षेत्र के ग्राम नारायनपुर निवासी राम मूरत सोमवार को गांव के बाहर स्थित अपने खेत की जुताई करने के बाद चहलारी तटबंध से ट्रैक्टर लेकर वापस घर आ रहे थे। जब वह पुरैना पुल के निकट पहुंचे उसी वक्त ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर तटबंध के नीचे जाकर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक राम मूरत (35) उसी के नीचे दब गया। लोगों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में ट्रैक्टर को सीधा करवाकर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। जिसमें पुत्र ओम की उम्र आठ वर्ष और पुत्री सोनी छह वर्ष, सपना चार वर्ष व रचना दो वर्ष की है। जिनका भरण पोषण पिता के सहारे ही था। विगत वर्ष अक्टूबर में मृतक की पत्नी मंजू शुमली की नदी में डूबकर उसकी मौत हो गयी थी।

# संचारी रोगों के खिलाफ चले अभियान

## अंतर्विभागीय समन्वय समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार को तृतीय जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में लोकसभागार में किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और डायरिया समेत अन्य संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी।** सोमवार को कोठी पुलिस ने ग्राम ढेढिया निवासी छोटे लाल पुत्र रामनाथ को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं !!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड– बाराबंकी**
पता– निकट विकास भवन, बाराबंकी

पत्रांक :– 342/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा आंम/2024–25 दिनांक– 06.07.2024

**ई–प्रोक्योरमेन्ट**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बाराबंकी द्वारा ऑनलाइन निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रतिशत दर पर विभागीय अधिकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्म श्रेणी A,B,C एवं D श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार से दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक अथवा सभी कार्यो की निविदा डाली जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 छोड़कर (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | विधायक निधि योजनान्तर्गत | | | | |
| 1. | विधान सभा क्षेत्र दरियाबाद, बाराबंकी के अन्तर्गत नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे के चारो तरफ (किमी0–1) तक थीम प्लांटेशन हेतु 800 (आठ सौ) ट्री–गॉर्ड लगवाये जाने का कार्य। | 13.00 | 0.26 | 766 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:– 29.07.2024 से 06.08.2024
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:–07.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय:–08.08.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलाड करें।

(इं0 ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–बाराबंकी।

UP – 217326 दिनांक 11/07/2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

### सहायक अध्यापिका निलंबित की थी विद्यार्थियों की पिटाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामपुर में लगभग एक सप्ताह पूर्व जेब से गायब हुए 200 रुपए को लेकर तीन दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं की पिटाई करने वाली सहायक अध्यापिका सपना जायसवाल को खंड शिक्षा अधिकारी सुनील गौड़ की रिपोर्ट पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गत 10 जुलाई को उक्त सहायक अध्यापिका द्वारा 200 रुपए चोरी कर लिए जाने का आरोप लगाते हुए कक्षा तीन से पांच तक के तीन दर्जन से अधिक नौनिहालों को एक कमरे में बंद करके बारी-बारी से पिटाई की गई थी। जिसकी शिकायत घर पहुंचे बच्चों ने अपने अभिभावकों से की थी। आक्रोशित आधा दर्जन अभिभावकों द्वारा इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह से की गई थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय ने खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ सुनील गौड़ को जांच करने के आदेश दिए थे।

# शिक्षक बेसिक शिक्षा की रीढ़ : सीडीओ

## बेसिक शिक्षा परिषद की शिक्षक संकुल कार्यशाला आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय शिक्षक संकुल कार्यशाला पीएल मेमोरियल महाविद्यालय के सभागार में आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत सीडीओ अ. सुदन, उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षणसंस्थान गनेशपुर अमिता सिंह और बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर सीडीओ अ. सुदन ने कहा कि शिक्षक बेसिक शिक्षा की रीढ़ होते हैं और रीढ़ की हड्डी का मजबूत होना आवश्यक है। न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षकों को बच्चों में लर्निंग आउटकम प्राप्त कराने के लिए रुचि पूर्वक शिक्षा देनी होगी। विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षक रोल मॉडल होते है, बच्चे उनका अनुश्रवण करते है। डायट प्राचार्य ने कहा कि हमें बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प लेना होगा। बीएसए संतोष देव पांडेय ने कहा कि हम सभी लोगों को अपने जनपद को निपुण बनाने का कार्य करना है जिससे आगामी फरवरी 2025 तक जनपद के सम्पूर्ण विद्यालय निपुण घोषित हो सकें। जिला समन्वयकप्रशिक्षण विनीता मिश्रा द्वारा मेंटरिंग कैडर द्वारा किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रतिभागियों के साथ रोचक गतिविधियों के लिए टीम की प्रशंसा की गई।



कार्यशाला में सीडीओ का स्वागत करते बीएसए। अमृत विचार

### बिहार से आया ग्राम प्रधानों का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचारः** बिहार से ग्राम प्रधानों का 30 सदस्यीय एक प्रतिनिधि मंडल पंचायतीराज व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए ग्राम पंचायत चिलौकी पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम सभा में कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्य के अलावा कूड़ा निस्तारण की जानकारी ली। आगा खान फाउंडेशन बहराईच की परियोजना समन्वयक अनुपम लता एव बिहार की परियोजना समन्वयक काजल चौरसिया के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आयी ग्राम पंचायत की मुखिया ने पंचायती राज व्यवस्था, महिला उत्थान (समूह) क्लस्टर योजना आदि की जानकारी ली।

मुजफ्फरपुर बिहार के विभिन्न ग्राम पंचायतो से आये पंचायत प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का पंचायत भवन परिसर मे ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत ने स्वागत किया।

**आज का मौसम**

24 घंटे बादल छाए रहने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है।

| 35.5⁰ | 28.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## एक नजर

### मंडलीय समीक्षा बैठक 26 को

**अयोध्या। अमृत विचार :** विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक 26 जुलाई को 10 बजे से आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में होगी। इसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त गौरव दयाल करेंगे। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त अयोध्या मण्डल विजय कुमार ने दी।

### पुरस्कार के लिए दो सितंबर तक करें आवेदन

**अयोध्या। अमृत विचार :** कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना के तहत अयोध्या और देवीपाटन मंडल के हथकरघा बुनकरों से आवेदन मांगे गए हैं। वह अपने उत्कृष्ट एवं कलात्मक उत्पादों का सैंपुल के साथ आवेदन दो सितबंर तक क्षेत्रीय पर्यवेक्षक/निरीक्षक के माध्यम से सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अयोध्या परिक्षेत्र कार्यालय में कर सकते हैं। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या नीरज कुमार यादव ने बताया कि इसके बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### पांच दिन बाद भी ईओ की कुर्सी खाली

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में पांच दिन बाद भी ईओ की तैनाती नहीं हो सकी है। प्रशासनिक कार्य के साथ-साथ विकास कार्य भी ठप पड़े हैं। 10 जुलाई को नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा में तैनात ईओ इंद्र प्रताप को शासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर जिलाधिकारी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। तभी से यहां ईओ की कुर्सी खाली पड़ी है। उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी का कहना है कि विकास कार्य प्रभावित न हो और किसी भी नगरवासी के सामने किसी तरह की समस्या ना उत्पन्न होने पाए, ऐसी स्थिति में कार्यकारी अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी प्रशासन को कार्यभार सौंप देखने के लिए अधिकृत करने का प्रावधान है।

### चिलचिलाती धूप ने सताया, मानसून नदारद

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले में सोमवार को तेज व चिलचिलाती धूप ने 15 दिन की कसर निकाल ली। उमस भरी गर्मी के बीच सड़कों पर निकलना मुश्किल हो रहा था। अधिकतम पारा भी चढ़ता दिखा। छह दिन से मानसून की बारिश न होने से लोग गर्मी से परेशान हैं। अभी दो दिन तक बारिश के आसार नहीं हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि सोमवार को अधिकतम 35.5 व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मानसून थोड़ा सुस्त पड़ा है, मंगलवार के बाद ही स्थिति पता चल पाएगी।

# इमिग्रेशन काउंटर को हरी झंडी, एयरपोर्ट तक पहुंचेंगी ई-बसें

**अयोध्या एयरपोर्ट पर अब अन्तर्राष्ट्रीय विमान उतारने की तैयारी**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विदेशी विमान उतारने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी को इमिग्रेशन काउंटर बनाने की हरी झंडी मिल गई है। कस्टम विभाग का भी काउंटर बनाया जाएगा। यात्रियों की संख्या को देखते हुए अब ई-बसों को एयरपोर्ट तक पहुंचाने की तैयारी भी चल रही है। इसके साथ ही अब ओला के बाद ऊबर कैब सर्विस की शुरुआत भी एयरपोर्ट से होने जा रही है।

30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। इसके बाद अयोध्या एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही बढ़ गई। प्राण-प्रतिष्ठा में ही देश के कोने-कोने से चार्टर्ड प्लेन व हेलीकॉप्टर अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे थे। उसके बाद तमाम एयरलाइन कंपनियों ने अयोध्या से देश के कई महानगरों के लिए उड़ान की सेवाएं शुरू कर दीं। हालांकि अभी 14 विमानों से ही देश के महानगरों की यात्रा की जा रही है।

केंद्र से अयोध्या एयरपोर्ट से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने के लिए इमिग्रेशन काउंटर बनाने के निर्देश आ गए हैं। इसके तहत एयरपोर्ट पर दो काउंटर बनाए जाएंगे। इमिग्रेशन में विदेश जाने व आने वाले यात्रियों का ब्योरा रखा जाएगा। वहीं कस्टम विभाग के काउंटर पर हवाई अड्डों, डाक और देश में प्रवेश के अन्य बिंदुओं पर काम किया जाएगा। कस्टम काउंटर का कार्य यह है कि लोग देश में वैध तरीके से प्रवेश करें। अवैध पदार्थ, जैसे ड्रग्स या हथियार न आ सकें।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद छह माह में जून तक 2,47,303 यात्री अयोध्या पहुंचे, जबकि 2,34,035 यात्री अयोध्या से रवाना हुए। यात्रियों की मांग पर एक प्राइवेट टूरिस्ट कंपनी के अलावा ओला कैब की शुरुआत दो महीने पहले एयरपोर्ट से की गई थी। अब उबर कैब शुरू करने के लिए बात चल रही है। इसके अलावा सिटी बसों को एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों से एयरपोर्ट अथॉरिटी के अफसरों ने बातचीत की है।

▶▶ ओला के बाद अब उबर कैब की सर्विस होने जा रही शुरू






महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट। अमृत विचार

### संतुष्टि के बाद ही लगेगा डिपार्चर स्टांप

इमिग्रेशन काउंटर पर पासपोर्ट, वीजा, बोर्डिंग पास, डिपार्चर कार्ड जैसे दस्तावेजों को चेक किया जाएगा। इमीग्रेशन ऑफिसर कुछ प्रश्न भी पूछेगा। जवाब से संतुष्ट होने पर पासपोर्ट पर डिपार्चर की तारीख के साथ डिपार्चर स्टांप लगाएगा। जानकारों के अनुसार हर देश के इमीग्रेशन रूल अलग-अलग होते हैं।

### एयरपोर्ट पर बना आरक्षित लाउंज

अयोध्या एयरपोर्ट परिसर में आरक्षित लाउंज भी बना दिया गया है। वीआईपी के आने से पहले ही एयरपोर्ट पर उनका नाम आ जाता है। वीआईपी लाउंज में उनके बैठने की व्यवस्था होती है। इसके अलावा डीटीएम कार्यालय, प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, टिकट काउंटर, पार्किंग आदि का पहले ही निर्माण हो चुका है।

### 800 करोड़ की लागत से बनेगा अंतरराष्ट्रीय ब्लॉक

एयरपोर्ट के एक्सटेंशन को लेकर इसके सेकेंड व थर्ड फेस का निर्माण भी जल्द शुरू होने वाला है। अंतरराष्ट्रीय ब्लॉक करीब 800 करोड़ की लागत से बनेगा। इसके साथ रन-वे की लंबाई बढ़ाकर 3,750 मीटर की जाएगी। इसका निर्माण छह लाख वर्ग फुट में किया जाएगा।

"एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बात की है। तारीख और बसों की संख्या फाइनल नहीं हुई है। जल्द ही इस पर बातचीत होगी। ई-बसों का मार्ग एयरपोर्ट तक सुनिश्चित किया जाएगा। -**विमल राजन, आरएम, रोडवेज।**"

"इमिग्रेशन काउंटर बनाने निर्देश दिल्ली मुख्यालय से मिले हैं। हमारी कोशिश है कि अयोध्या से जल्द ही अंतराष्ट्रीय विमानों का संचालन शुरू हो। इसके अलावा ई-बसों के संचालन के लिए यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों से बातचीत हो गई है। जल्द ही एयरपोर्ट से उबर कैब की सेवा भी मिलनी शुरू हो जाएगी। **– विनोद गर्ग, डायरेक्टर, अयोध्या एयरपोर्ट।**"


# 21 गांव के काश्तकारों से ली जाएगी 48 हेक्टेयर भूमि

## अयोध्या सहित तीन जिलों से होकर प्रस्तावित है रिंग रोड

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या रिंग रोड के लिए लगभग 48 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि ली जाएगी। इसका मसौदा तैयार हो गया है। यह जमीन जिले के 21 गांवों के काश्तकारों से लिए जाने की तैयारी है। जमीन फोरलेन रिंग रोड के किनारे कई स्थानों पर ट्रकलेन के साथ अन्य सुविधाएं विकसित किए जाने के लिए ली जाएगी।

अयोध्या रिंग रोड के लिए 47.8878 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि लिए जाने का प्रस्ताव है। यह जमीन जिले के 21 गांवों के काश्तकारों से ली जाएंगी। इसका प्रस्ताव रिंग रोड का निर्माण कराने वाली एनएचएआई ने जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया। इसकी जांच चल रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद जमीन लिए जाने की कार्रवाई शुरू होगी।



रिंग रोड के लिए प्रस्तावित नक्शा। अमृत विचार

### पहले चरण में ली गई पौने दो सौ हेक्टेयर से ज्यादा जमीन

लगभग 67 किमी. अयोध्या रिंग रोड के लिए पहले चरण में 207.472 हेक्टेयर जमीन काश्तकारों से लिए जाने का प्रस्ताव है। यह जमीन सदर और सोहावल तहसील के 37 गांवों की हैं। मुआवजे में लगभग 295 करोड़ रुपये खर्च का आकलन है। अब तक लगभग 82 फीसदी जमीनों के मुआवजे के रूप में लगभग 238 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये के वितरण किए जाने की कार्रवाई चल रही है। अब लगभग 48 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि लिए जाने की तैयारी है।

### तीन जिलों से होकर निकलेगा रिंग रोड

रामनगरी की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के मद्देनजर अयोध्या बाईपास के निर्माण का प्रस्ताव है। यह अयोध्या जिले के साथ गोंडा और बस्ती जिले से होकर निकलेगा। इसके बनने से अयोध्या शहर में वाहनों की भीड़ नहीं आएगी। शहर के पहले ही यह चारों ओर बने रिगरोड से आगे निकल जाएंगी।

### 2017 से नहीं बढ़ा सर्किल रेट

जिले में साल 2017 से अयोध्या में जमीनों का सर्किल रेट नहीं बढ़ा। जमीन की खरीद-फरोख्त से किसानों की भारी क्षति की बात कही गई। किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं मिला। विस्थापित किसानों को सुविधा नहीं मिली। आरोप लगा कि किसानों से सस्ते दामों पर जमीन लिए जाने के लिए सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया। इससे जमीन के कारोबारियों को जबरदस्त लाभ हुआ। सर्किल रेट बढ़ाए जाने की मांग इसमें अंतर्निहित है। हालांकि अभी सर्किल रेट को लेकर कोई कार्रवाई सतह पर नहीं दिखी। ऐसे में सर्किल रेट न बढ़ने पर किसानों से जमीन लिए जाने में समस्या आ सकती है।

"अयोध्या रिंग रोड के लिए लगभग 48 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि लिए जाने का प्रस्ताव एनएचएआई की ओर से भेजा गया है। इसका गजट प्रकाशन कर दिया गया है। यह जमीन रिंग रोड के किनारे सुविधाएं विकसित किए जाने के लिए है। जमीनों के जांच की कार्रवाई चल रही है। **-अरुण कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी (भूमि अध्याप्ति)**"

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष का कोर्ट में सरेंडर, भेजे गए जेल

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने और सड़क पर शव रखकर जाम लगाने के एक मामले में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रीति गिरी की अदालत उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। घटना बीकापुर कोतवाली के गुंधौर गांव की है। यहां 7 जून 2022 को अर्जुन यादव की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी और रिश्तेदार आदि पिपरी रामपुर भगन मार्ग पर शव को बीच सड़क पर रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे थे। हॉकी, डंडा, रॉड और सरिया से लैस कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत अन्य ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था। हमले में दरोगा जितेंद्र सिंह वीरेंद्र पाल, सिपाही रोहन कुशवाहा समेत अन्य लोग घायल हो गए। इसकी रिपोर्ट सभी लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में लिखाई गई थी। इसी मामले में अखिलेश यादव ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया।

# राम मंदिर की सुरक्षा में शामिल होंगे एनएसजी कमांडो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर की सुरक्षा में एनएसजी के कमांडो को तैनात किया जाएगा। इसके पहले एनएसजी की एक टीम 17 से 20 जुलाई तक अयोध्या में कमांडो के ऑफिस और कैम्प बनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन के साथ समीक्षा करेगी।

ट्रस्ट की मानें तो राम मंदिर को आतंकी घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए केंद्र सरकार ने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड को राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा प्रणाली में शामिल करने का निर्णय लिया है। रामलला की मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि एनएसजी की सुरक्षा शामिल होना बहुत जरूरी है। भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, लेकिन आतंकवादियों को रास नहीं आ रहा है। वह बराबर राम मंदिर पर हमला करने की धमकी देते रहे हैं। इस पर सरकार ने जो फैसला लिया है वह बहुत ही जरूरी था।



▶▶ 17 से 20 जुलाई तक एनएसजी की टीम प्रशासन के साथ करेगी मंथन

# लइया फैक्ट्री में लगी आग, दो वाहन भी जले

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** रामनगरी स्थित एक लइया फैक्ट्री में आग लगने से मशीन और कच्चा माल समेत दो वाहन आग की भेंट चढ़ गए।

अयोध्या कोतवाली के मणिरामदास छावनी के निकट रहने वाले बृजमोहन गुप्ता की रामघाट इलाके में मानस भवन के निकट लइया और इलाइची दाने के निर्माण के लिए फैक्ट्री और गोदाम बना रखा है। फैक्ट्री में रविवार रात आग लग गई। पड़ोसियों ने लपटें देख मामले की जानकारी फोनकर बृजमोहन को दी। फायर दस्ता संपर्क मार्ग पर हाइट बैरियर होने के चलते नजदीक नहीं जा सका। आरजेबी परिसर समेत पुलिस लाइंस से कुल चार फायर टेंडर मंगाए गए और फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया। पीड़ित का कहना है कि आगजनी में मशीनरी, निर्मित व कच्चा माल तथा डीसीएम व छोटा हाथी आग की भेंट चढ़ गया। लाखों का नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई है और क्षति का आंकलन तथा आगजनी के कारण की तलाश कराई जा रही है।





आगजनी की भेंट चढ़ी डीसीएम और कबाड़ पर पानी डालता फायर दस्ता।


रामघाट स्थित लइया फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की मशक्कत में जुटा फायर दस्ता।

# सर्पदंश : हर 24 घंटे में भर्ती हो रहे आठ मरीज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में बारिश और बाढ़ के बाद सर्प दंश के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। अकेले जिला अस्पताल में 24 घंटे में सर्पदंश के आठ से 10 मरीज भर्ती हो रहे हैं। एक हफ्ते में 50 से अधिक स्नैक बाइट के मामले सामने आ चुके हैं।

जिला अस्पताल में रविवार रात 12 बजे से सोमवार दोपहर तीन बजे तक सात मरीज पहुंचे। मेडिकल वार्ड में ही इनायतनगर की सरिता, नगर कोतवाली क्षेत्र के अवधपुरी कॉलोनी की महक, मसौधा के गुरजीत यादव, तारुन के सकटपुरा के सत्येंद्र मौर्य व बीकापुर की प्रमिला को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इमरजेंसी ओपीडी के फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने बताया कि बारिश के बाद सर्पदंश के मामले बढ़े हैं। ओपीडी में पूराकलंदर बितौली के धरमा और बीकापुर सीएचसी से रेफर होकर राहुल यादव आए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि मामलों को देखते हुए एंटी स्नैक्स वेनेम को स्टोर रखा गया है। किसी भी दवा व इंजेक्शन की कमी नहीं है।



▶▶ बारिश व बाढ़ के बाद से स्नैक बाइट के मामलों में बढ़ोतरी

### झाड़फूंक न कराएं पीड़ित को अस्पताल लाएं : डॉ. प्रशांत

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि सर्पदंश के बाद झाड़ फूंक न कराकर मरीज को सरकारी अस्पताल लेकर आएं। सर्पदंश के बाद शुरुआती एक घंटे पीड़ित के लिए बेहद अहम होते हैं। पीड़ित को किसी भी हालत में सोने न दें। शुरुआती घंटे के भीतर मरीज को एंटी स्नैक वेनेम लगा दिया जाता है तो शरीर को जहर से लड़ने की शक्ति मिल जाती है और पीड़ित के बचने की संभावना बढ़ जाती है।

## आदमी का नेचर व सिग्नेचर नहीं बदलता: संजय निषाद

**अयोध्या। अमृत विचार :** मत्स्य मंत्री संजय निषाद सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। उन्होंने उपचुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभी हम लोग चिंतन कर रहे हैं। जो कमियां है उसको सुधारा जा रहा है। हम लोग पूरे दमखम से उपचुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। सांसद अवधेश प्रसाद के दिए गए बयान पर कहा कि आदमी का नेचर और सिग्नेचर नहीं बदलता। कांग्रेस सपा की सोच झूठ बोलकर वोट लेने वाली है। हमें सरकार में रहना है और हमें सरकार बनानी थी। इसलिए हम झूठ बोल नहीं सकते थे, अगर झूठ बोलते तो जवाब देना पड़ता। झूठ एक ही बार चलता है। हम लोग 2027 का भी चुनाव जीतेंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर फूलों से सजेंगे मठ व मंदिर

अयोध्या कार्यालय

▶▶ 21 को सभी मंदिरों में ठहरने व प्रसाद की रहेगी उत्तम व्यवस्था

**अमृत विचार :** रामनगरी के मठ-मंदिरों में गुरु शिष्य पारंपरिक महोत्सव गुरु पूर्णिमा को मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या के संत-महंतों की तरफ से शिष्यों को गुरु पूर्णिमा का आमंत्रण पत्र भी घर-घर पहुंचवाया जा रहा है।

मठ-मंदिरों को फूलों से सजाने के लिए कई क्विंटल फूलों का ऑर्डर दिया गया है। 21 जुलाई को हर मंदिर फूलों से सजा दिखेगा। उत्सव में शामिल होने के लिए इस वर्ष लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। सभी मंदिरों में यात्रियों के रुकने और भोजन की व्यवस्था बनाई जा रही है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मानें तो इस वर्ष यह उत्सव और भी भव्य होने वाला है। भव्य मंदिर में रामलला विराजमान हुए हैं। उत्सव के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। भक्तों को इस उत्सव की जानकारी देने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया है। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा और भक्तों को प्रसाद का वितरण होगा।

## सार-संक्षेप

### श्रद्धालु का पर्स चोरी, एटीएम से निकाले चार हजार

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामनगरी में सक्रिय चोर-उचक्कों ने एक श्रद्धालु का 20 हजार रूपये समेत पर्स ही नहीं पार किया बल्कि पर्स में मिले एटीएम से दो बार में चार हजार रूपये भी निकाल लिए। पीड़ित ने प्रयागराज के विधायक से सिफारिश करवा रामजन्मभूमि थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिर्जापुर जिले के थाना कटरा क्षेत्र स्थित डंकीगंज निवासी विजय कुमार केसरवानी परिवार के साथ अयोध्या दर्शन-पूजन को आए थे। रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित कनक भवन मंदिर में दर्शन के दौरान किसी ने उनका पर्स पार कर दिया। पर्स में लगभग 20 हजार रूपये, आधार व पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और आईडीबीआई व सिंडिकेट बैंक का एटीम रखा था। एटीएम कार्ड के पीछे पिन कोड लिखा हुआ था। वारदात की जानकारी पर मंदिर परिसर में तैनात पुलिस वालों से मदद मांगी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से भी इंकार कर दिया। उन्होंने आईडीबीआई बाइक के एटीएम को तो ब्लॉक करवा दिया था लेकिन चोर ने सिंडिकेट बैंक के एटीएम से केनरा बैंक से एटीएम बूथ से दो बार में चार हजार रुपये निकाल लिया। प्रयागराज के विधायक से फोन करवा रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरजेबी थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि अज्ञात के खिलाफ चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### 54 शिक्षकों ने दिया पद से सामूहिक इस्तीफा



खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जुटे संकुल शिक्षक। अमृत विचार

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** डिजिटल हाजिरी के विरोध में परिषदीय शिक्षकों का चल रहा आंदोलन और सामूहिक पद त्यागपत्र की कड़ी में सोहावल संकुल के 58 में से 54 ने सोमवार को सामूहिक इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। अरकुना स्थित कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी को अपने सामूहिक इस्तीफे की प्रति सौंपकर सभी जिला मुख्यालय पर हो रहे धरने में शामिल होने को निकल गए। धर्मवीर सिंह, पवन वर्मा, मदन मौर्या, मोहम्मद अकलीम, पूजा यादव, गरिमा श्रीवास्तव, हृदय राम, सूरज गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, आदि शामिल रहे।

### कोल्ड स्टोर मामले में रालोद ने सौंपा ज्ञापन

**सोहावल, अयोध्या।** गैस रिसाव से ढह गए रौनाही के कोल्ड स्टोर जगनपुर में बर्बाद हुए जमा आलू के मामले में किसानों की भरपाई के लिए रालोद ने ज्ञापन उपनिदेशक उद्यान गीता त्रिपाठी को सांमवार को ज्ञापन सौंपा। किसानों को बाजार रेट से भरपाई कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राम सिंह पटेल, युवा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, राम जियावन वर्मा, शिवमंगल वर्मा आदि शामिल थे। इसी मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने भी जिला अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है और यूनियन के प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने जन आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है।



उप निदेशक को ज्ञापन देते रालोद के पदाधिकारी।

**चर्चा-ए-आम** भूमि अधिग्रहण से जलभराव व मेले की व्यवस्था तक शामिल, प्रशासन की कार्रवाई से बदल सकती है अयोध्या की छवि

# नए जिलाधिकारी के सामने होंगी चुनौतियों की लंबी फेहरिस्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नए जिलाधिकारी के सामने चुनौतियों की लंबी फेहरिस्त होगी। जमीन अधिग्रहण से लेकर परियोजनाओं की गुणवत्ता, जलभराव और मेले की व्यवस्था से लेकर सरकार की छवि इसमें शामिल है। लगातार सुर्खियों में रहने वाली अयोध्या की नकारात्मक छवि को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

अयोध्या यूं तो दशकों से चर्चा में रही। पिछले चार साल से ज्यादा फलक पर है। कभी राम मंदिर पर फैसले को लेकर तो कभी राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मेगा शो को लेकर। सोशल इंजीनियरिंग से चुनाव तक। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद तस्वीर बदल गई। सियासत का मुद्दा बन गई। सत्ता दल की हार के पीछे प्रशासनिक कार्रवाई को किसी हद तक जिम्मेदार ठहराया गया। परियोजनाओं के लिए ली गई जमीनों में और मुआवजे को जिम्मेदार माना गया। हालांकि प्रशासन ने मुआवजे को लेकर अपना पक्ष और तर्क रखा लेकिन अयोध्या को लेकर राजनीतिक किरकिरी बंद नहीं हुई। राम पथ पर पहली ही बारिश में गड्ढे हो गए तो परियोजनाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठा। अयोध्या में मनोरंजन के लिए शुरू की गई तमाम परियोजनाएं ठप पड़ गई।

अभी बहुत सी विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इनके लिए जमीन ली जानी हैं। सर्किल रेट कम होने से किसानों को कम मुआवजे का मुद्दा वर्तमान है। ऐसे में जमीन का मसला हल करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। अयोध्या में शुरू की गई मनोरजंन और सुविधा वाली परियोजनाओं का बेहतर संचालन इसमें निहित है। परियोजनाओं की गुणवत्ता से सरकार की छवि का ख्याल रखना बड़ी जिम्मेदारी होगी।

अयोध्या का प्रसिद्ध सावन झूला मेला निकट है। लाखों की भीड़ होगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ बेहतर सुविधा सुविधाएं देना चुनौती होगा। विकास परियोजनाओं के बावजूद अयोध्या में जल भराव की भीषण समस्या को लेकर पूरे देश में अयोध्या और सरकार की किरकिरी हुई। शासन ने यहां के जिलाधिकारी का तबादला कर दिया। उनके स्थान पर नए जिलाधिकारी की तैनाती कर दी है। अभी उन्होंने यहां पदभार नहीं ग्रहण किया है, लेकिन नए अधिकारी के आने के पहले आम लोगों में यह चर्चा आम हो गई है कि चुनाव के पहले तक अयोध्या के साथ सरकार की छवि बेहतर थी। चुनाव ने देश में अयोध्या की नकारात्मक छवि सामने ला दी गई। अब अयोध्या की अच्छी छवि बदलने के लिए चुनौती बड़ी होगी। बेहतर गुणवत्तापरक परियोजनाओं के कार्य, आम लोगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अयोध्या की ही नहीं सरकार की छवि को बेहतर बना सकता है।

### आज कार्यभार संभाल सकते हैं जिलाधिकारी चंद्र विजय



चंद्र विजय सिंह जिलाधिकारी

नए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर कार्यभार संभाल सकते हैं। कार्यभार संभालने के साथ ही वह श्रीराम जन्मभूमि में रामलला के समक्ष श्रद्धा निवेदित करेंगे। हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन करेंगे। चंद्र विजय वर्ष 2012 आईएएस बैच के हैं। अभी तक वह सोनभद्र के जिलाधिकारी थे। इसके पहले फिरोजाबाद के जिलाधिकारी रह चुके हैं। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी का भी पदभार संभाल चुके हैं। सीडीओ झांसी के रूप में भी दायित्व का निर्वहन किया है। वह मूल रूप से मेरठ के रहने वाले हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारम नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥

काम, क्रोध और लोभ-आत्मा को भ्रष्ट कर देने वाले नरक के तीन द्वार कहे गए हैं। इन तीनों का त्याग श्रेयस्कर है।

## संपादकीय

# आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता

देश में महंगाई के मोर्चे पर एक बार फिर झटका लगा है। खुदरा के बाद थोक महंगाई भी बढ़ी है। जून की थोक महंगाई दर 16 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई है। थोक मुद्रास्फीति जून में लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई। देश की जनता के लिए महंगाई का लगातार ये दूसरा झटका है। इससे पहले सरकार की ओर से रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए गए थे। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। जून 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे रसायन तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही। खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत थी। जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। वास्तव में महंगाई के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य तौर पर खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।

गौरतलब है कि देश में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से दो मुख्य सूचकांकों-थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा मापा जाता है। थोक मूल्य सूचकांक थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को मापता है। इसे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य में हुए परिवर्तन को मापता है तथा इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। हालांकि वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। सामान्य तरीके से बढ़ रही मुद्रास्फीति आम आदमी के बजट को प्रभावित कर रही है। रिजर्व बैंक की कोशिशों के बावजूद खुदरा महंगाई पर रोक लगा पाना मुश्किल हो रहा है। आरबीआई खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत पर लाना चाहता है। महंगाई को देखते हुए ही रिजर्व बैंक रेपो रेट में बदलाव का फैसला नहीं कर पा रहा है जबकि उद्योग जगत चाहता है कि रेपो रेट घटाया जाए। महंगाई पर काबू न पा सकने के पीछे बाजार और विपणन के प्रबंधन में व्यवस्थागत कमजोरी बड़ा कारण है। ऐसे में आपूर्ति की बाधाओं को दूर करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

# डायबिटीज में रिसर्च से क्षितिज पर नई उम्मीद का उदय



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

ड्रग कंपनियों के मार्किट प्रतिनिधियों को मार्केटिंग ट्रायल्स के दौरान जो फ्री-सैम्पलेस या ड्रग के बारे में सूचना प्रदान करने वाले पैम्फलेट्स मिलते हैं, वे ही अधिकतर क्लिनिशियंस के लिए सूचना का आधार हैं। ऐसा करना अनैतिक तो है ही, रिस्की भी बहुत है।

डायबिटीज को लेकर पीयर रिव्यूड, बेहतरीन जर्नल्स में 10 साल में प्रकाशित हुईं 100 से अधिक रिसर्च स्टडीज देखीं जिनके शानदार स्टडी-डिजाइन्स देखकर रिसर्चर्स की मौलिक सोच पर गर्व होता है। प्रत्येक स्टडी ने इस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के प्रति हमारी समझ को उन्नत किया है। इस चयापचयी विकृति को क्लिनिकल स्तर पर नियंत्रित करने वालों के लिए इन नवीन अनुसंधान पेपरों में दर्ज जानकारी से मनुष्य के शरीर के इंटरनल ऑर्गन्स, माइक्रोबायोम, आदतों में बारीक से बारीक पहलु, परिवेशी तत्व और आहार में आकस्मिक बदलाव के अलावा डायबिटीज के रेगुलर कंट्रोल प्रोटोकॉल में भी इनकी बिनाह पर परिवर्तित किया जाना अब जरूरी हो गया है। नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक टाइप-2 और इन्सुलिन डिपेंडेंट टाइप-1 का एक भुक्त-भोगी दसियों-बीसियों साल तक एक बेहतरीन डॉक्टर की सलाह से अपने ब्लड-ग्लूकोसाइड लेवल और इन्सुलिन रेजिस्टेंस को लेकर जूझता रहता है, लेकिन इस दौरान हुई मान्य रिसर्च से निकले संदेश कुछ और ही कहने लगते हैं। रिसर्च के नतीजे ड्रग डेवलपमेंट कंपनियों के मार्ग से होकर ड्रग-मार्किट में उतारे जाने के बाद क्लिनिकल प्रैक्टिशनर्स तक पहुंचने में 15-20 वर्ष का समय लग सकता है जिसके लिए अरबों रुपया खर्च हो चुका होता है।

कुछ साल पहले तक बोवाइन ऑरिजिन की इन्सुलिन आया करती, लेकिन अभी कुछ वर्ष के बायो-इंजीनियर्ड या जेनेटिकली इंजिनियर्ड इन्सुलिन ही सुलभ है जो पहले वाली से बेहतर साबित हुई है। रिसर्च स्टडीज की संख्या बेहिसाब है लेकिन जिस दर से इसकी रिपोर्टिंग ख्यात जर्नल्स में होती है उसके हिसाब से साइंसदान अनेक तरीके अपनाकर और इस चयापचयी विकार को प्रकृति को जानते हुए शरीर क्रिया विज्ञान के जो नए रहस्य उघाड़ रहे हैं उससे ड्रग डेवलप करने वालों को काफी ऐसे नुक्ते मिल रहे हैं जिनकी वजह संभावित मॉलिक्यूल्स पर परीक्षण यह देखने के लिए किए जाते हैं इनमें से बेहतरीन और सुरक्षित कौन सा है। संख्या के हिसाब से मुझे नहीं लगता कि लेटेस्ट रिसर्च लिटरेचर तक पुराने या बूढ़े हो चुके क्लिनिशियंस एक्सेस रखते होंगे जबकि उन्हें ऐसा करने की अधिक जरूरत है। ड्रग कंपनियों के मार्किट प्रतिनिधियों को मार्केटिंग ट्रायल्स के दौरान जो फ्री-सैम्प्लेस या ड्रग के बारे में सूचना प्रदान करने वाले पैम्फलेट्स मिलते हैं, वे ही अधिकतर क्लिनिशियंस के लिए सूचना का आधार हैं। ऐसा करना अनैतिक तो है ही, रिस्की भी बहुत है। अनुमान लगाएं कि जिस दवा के विकास पर 150 से 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक का खर्चा होता है डायबिटिक ड्रग्स की सेल्स प्राइस रखते हुए कंपनी की नीति क्या एफोर्डेबल कीमतों के भीतर होगी या महंगी यह सवाल उठना लाजिमी है। जानकार कौतुक होता है डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए जो दवा और इन्सुलिन सन 2023 में पीड़ितों ने खरीदी थी उस पर दुनियाभर के मरीजों ने 79.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स खर्च किए। कहा गया है कि इस साल यह खर्चा बढ़कर 89. 39 और सन 2032 में 153.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक का हो सकता है। भारत के मामले में इस विषय की बाबत बेहतरीन और भरोसे लायक जानकारी लेने के लिए हमें सुमित ओबरॉय और पूजा कंसरा का सन 2020 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ डायबिटीज इन डेवलपिंग कन्ट्रीज में इकॉनोमिक मीनेस ऑफ़ डायबिटीज इन इंडिया-ए सिस्टेमेटिक रिव्यु नाम से समीक्षा शोधपत्र पढ़ना होगा। भारत के चार भौगोलिक क्षेत्रों में डायबिटिक व्याधि से पीड़ित व्यक्तियों की संख्या में फर्क है। इस नाते वे इस पर नियंत्रण रखने के लिए जो दवा और इन्सुलिन खरीदते हैं और डायबिटिक होने की वजह से रेटिनोपैथी, पैरों में निकले हुए फोड़े और अन्य दिक्कतों के इलाज के लिए जितना पैसा खर्चते हैं उसका भारतीय मुद्रा में अभी का मूल्य रु. 14 अरब 18 करोड़ से अधिक है जोकि सन 2029 में बढ़कर 27 अरब 55 करोड़ होने की संभावना है। मालूम होना चाहिए कि देश में डायबिटीज की ड्रग्स पर सब्सिडी नहीं है, लेकिन सन 2026 के बाद सरकार देश में दवा निर्माता कंपनियों को कुछ प्रोत्साहन देने की घोषणा कर चुकी है। देश में बिकने के जारी जीवन रक्षक दवा की कीमतों पर सरकारी नियंत्रण का हवाला तो दिया जाता है, लेकिन इस मामले में सरकार की अधिक इसलिए नहीं चलती कि सरकारी क्षेत्र का दवा निर्माता उद्योग जमीन में दफ़न किया जा चुका है। ओपन मार्किट में दवा की कीमतों में इजाफे का एक कारण ड्रग कंपनियों का लालच तो है ही परन्तु मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी भी है जिससे मांग अधिक है।

डायबिटीज, पारंपरिक आयुर्वेदिक विवरण वाले शब्द मधुमेह से बहुत आगे की बात हो गई है। इस बारे में कण-कण इकट्ठा करके जो जानकारी मनुष्य के शरीर में होने वाली सूक्ष्म स्तरीय जांच और अध्ययन से जुटाई जाती रही है, वह चकित करती है।

सन 1992 में अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के जर्नल डायबिटीज केयर में प्रकाशित एक पर्चे ऑनसेट ऑफ़ डायबिटीज ऑफ़ एन आईडीडीएम ऑकर्स एट लीस्ट 4-7 इयर्स बिफोर क्लिनिकल डायग्नोसिस में कहा गया कि नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटीज का क्लिनिकल जांच के द्वारा सत्यापन या पुष्टि होने से से 4 से 7 साल पहले ही मालूम किया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि भारत में अच्छे से ट्रेंड और अनुभवी फिजिशियन अपने पास आने वाले मरीजों में डायबिटीज के सस्पेक्ट्स की स्क्रीनिंग करते समय जो क्लिनिकल टेस्ट्स कराते हैं इनके नतीजों को ध्यानपूर्वक देखने के बाद समझ न पाते हों। लेकिन क्या वे उनकी लैब के तकनीशियन को इस मामले में ठीक से बायोकेमिस्ट्री और बायोकैमिकल एनालिसिस करनी आती है? क्या डायबिटीज की नैदानिकी अर्थात डायग्नोसिस सिर्फ एक चांस है? क्या क्लिनिकल जांच के में ब्लड टेस्ट के दौरान हीमोग्लोबिन 1-ए सी अर्थात ग्लायकेटिड हीमोग्लोबिन की उपस्थित मात्रा मापने के लिए सन 1980 से इस्तेमाल किये जा रहे मेथड को हमारे प्राइवेट क्लिनिशियंस इस्तेमाल कर रहे हैं या फिर यह मेथड सिर्फ डायबिटीज केयर क्लिनिक्स और उन्नत अस्पतालों में ही इस्तेमाल होता है। जैसाकि ख्यात और अनुभवी फिजिशियन डॉ.रविमोहन ने बताया है कि इस मेथड को इस्तेमाल किया जाता है और कैलिब्रेटिड मशीनों से ग्लायकेटिड हीमोग्लोबिन की वैल्यूज को देख कर विजिटर को जरूरी सलाह दी जाती है। लेकिन चेताया है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा सेल्फ-डायग्नोसिस और क्लिनिकल टेस्ट उन मशीनों से करके इन्टरप्रेट न किए जाएं, जो बाज़ार से लाए गए ग्लूकोमीटर या ब्लड प्रेशर मशीनें बताती हैं। यह अत्यंत रिस्की है।

कुछ सालों बाद जब बाहरी इन्सुलिन लेते-लेते शरीर थक जाता है तब क्लिनिशियंस भी दिग्भ्रमित और निराश हो जाते हैं क्योंकि शरीर पहले की तरह रेस्पॉण्ड नहीं करता। तब वे खुद पर विश्वास करते हुए 'परंपरा' से जो होता आ रहा है उसी पर विश्वास करते हैं। डायबेटिक्स के मैनेजमेंट को लेकर बहुत अनिश्चितता अभी से ही है। रिसर्चर्स चाहे कितना भी शानदार रिसर्च करते रहें बात असल में अर्ली चाइल्ड-हुड स्क्रीनिंग, डाइट मैनेजमेंट, लाइट-टू-मॉडरेट एक्सरसाइज के अलावा परिवेश मैनेजमेंट से भी ताल्लुक रखती हैं। डायबिटीज कंट्रोल के लिए जो भी, जैसी भी जानकारी का अम्बार उपलब्ध है उसकी विवेकपूर्ण समीक्षा हर साल होनी चाहिए और इसका प्रसार होना चाहिए।

डायबिटीज, पारंपरिक आयुर्वेदिक विवरण वाले शब्द मधुमेह से बहुत आगे की बात हो गई है। इस बारे में कण-कण इकठ्ठा करके जो जानकारी मनुष्य के शरीर में होने वाली सूक्ष्म स्तरीय जांच और अध्ययन से जुटाई जाती रही है, वह चकित करती है। मनुष्य शरीर की काम्प्लेक्स केमिकल मशीनरी कब, किस तरह से बीहेव करती है अभी इतना रहस्मयी नहीं रहा। मुझे विश्वास ही नहीं बल्कि ऐसे पर्याप्त और मजबूत संकेत मिल रहे हैं कि मेटाबॉलिक डिसऑर्डर्स पर नियंत्रण पाने और इसके कुशल मैनेजमेंट की 'की' या चाबी अंतरिक्ष स्टेशन्स पर समय बिताने वाले मनुष्यों पर अध्ययन से ही मिलेगी। इसे हमें एक नए बायोलॉजिकल फ्रेम में समझने की जरूरत पड़ेगी। धरती पर विभिन्न ज्योग्राफिक रीजन्स में रहने वाले हर तरह के जीव जंतुओं की शरीरक्रिया और चयापचयी अध्ययनों से हमें मनुष्य के मेटाबॉलिक सिस्टम और डिसऑर्डर्स को समझने में बहुत मदद मिली है। बहुत सी स्टडीज 'अनुकूलन' को लेकर हुयी हैं, अर्थात एडाप्टेशन के बारे में। इससे डायबिटीज कण्ट्रोल के लिए कुछेक नए प्रकार के ऐसे रसायनों के बारे में वैज्ञानिकों ने मालूमात हासिल की हैं जो ड्रग डिस्कवरी के लिए नयी खिड़कियां खोल चुका है। डायबिटीज बहुत की काम्प्लेक्स और मारू बीमारी है।

## प्रसंगवश

# नए विकास की पहचान

शाहजहांपुर में नदी ने अंगड़ाई ली। लोगों ने बाढ़ कह दिया। प्रशासन की सरपरस्ती में नदी क्षेत्र में प्लाटिंग हुई। प्लाटर मालामाल हुए। बैनामा हुआ। दाखिल खारिज हुआ। नगर पालिका ने सड़कें बना दी। सभी विभागों ने अपना माल बेच लिया। लोगों ने अपना धन खर्च करके आशियाना बना लिया। प्रशासनिक जटिलताएं पूरी कर ली। पर किसी ने क्षेत्र के मालिक से अनुमति नहीं ली। जब कुछ समय बाद मालिक (नदी) अपने विराट स्वरूप में आई, तो लोगों ने उसे बाढ़ कह दिया। नदी तो सिर्फ अपने आंगन के विस्तार में मचली है, अभी उसने हद पार ही कहां की है? सोचिए जब वह अपने आंगन में है तब इतना कोहराम है, एक बार यदि उसने दहलीज पार कर दी, तब हमारा क्या हश्र होगा? मकान मालिक को लगता है कोलोनाइजर ने गलत किया। कोलोनाइजर का तर्क होता है कि नियम विरुद्ध होता तो प्रशासन कैसे पास करता। प्रशासनिक तंत्र राजनीतिक दलों के लिए धन तंत्र का काम करता है। बड़ा चंदा बड़ा व्यापारी ही दे सकता है। अब जिसका साफ हो धंधा, वह क्यों दे चंदा। यानि कि पूरी प्रक्रिया में कोई दोषी साबित नही हुआ। शायद, गलती नदी की है कि उसने क्यों विस्तार किया जबकि नदी ने तब भी आह नहीं भरी थी जब उसका पानी रोककर बांध बना था। उसने तब भी नहीं रोका जब उसमे पानी छोड़ा गया। उसमे गंदे नाले और रसायन भरी गंदगी छोड़ी गई। रीवर फ्रंट के नाम पर उसके किनारे बांध दिए गए। नदी तो विकास के नाम पर समर्पण करती चली गई। अब जब विकास का मानक ही है जिसमें नदी अच्छी दिखनी चाहिए। सेल्फी अच्छी आनी चाहिए। इसके लिए प्रकृति से कितना भी दूर होना पड़े। प्रकृति विरोधी विकास अब भरभरा कर गिर रहा है। कभी अयोध्या रामपथ में तो कभी दिल्ली आदि एयरपोर्ट पर। विकास का मॉडल धंस रहा है। विकास का यह मॉडल किसी राजनीतिक दल का नहीं है। इसका आधार है लूट तंत्र, कमीशनखोरी और अपना लाभ लेकर निकल लो। सब लाभ लेकर निकल चुके हैं, हानि सिर्फ पीड़ित की है। वह अचंभित है, हलकान है। बस यही नए विकास की पहचान है।



अमित त्यागी
स्तंभकार, शाहजहांपुर

# संविधानः असहमति के वे स्वर



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

जिस संविधान को देश ने 26 जनवरी 1950 को अंगीकार किया, उसे स्वीकार करने के पूर्व संविधान सभा में असहमति के अनेक स्वर भी उठे थे।

संविधान को बदले जाने की आशंका से शुरू शोर पलटवार के तौर पर हर साल 25 जून को 'संविधान की हत्या दिवस' की सरकारी घोषणा तक पहुंच गया है। 18 वीं लोकसभा की शुरुआत में शपथ ग्रहण के समय नेता विपक्ष सहित अनेक सदस्यों के हाथों में संविधान की प्रति थी तो दूसरी ओर नवनिर्वाचित स्पीकर सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण में 1975 की इमरजेंसी के डरावने 21 महीनों का जिक्र था। बाद में इसकी निंदा का प्रस्ताव भी पास हुआ। तय है कि बजट सत्र में इस मुद्दे पर आस्तीनें चढ़ी रहेंगी। इन सबके बीच संविधान की स्वीकृति के समय उठे असहमति के अनेक स्वरों का पुनर्पाठ दिलचस्प है।

जिस संविधान को देश ने 26 जनवरी 1950 को अंगीकार किया, उसे स्वीकार करने के पूर्व संविधान सभा में असहमति के अनेक स्वर भी उठे थे। 17 नवंबर 1949 को डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा को संविधान बन जाने की सूचना दी थी। उसे पारित करना शेष था। लेकिन उसके पहले सदस्यों को संविधान को लेकर विचार व्यक्त करने का आखिरी अवसर मिला। 17 नवंबर 1949 से 24 नवंबर 1949 के बीच बहस में हिस्सा लेने वाले सदस्यों की संख्या 125 थी। असहमतियों के बीच भी संविधान के मसौदे को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्राप्त हुई थी लेकिन अनेक सदस्यों ने विभिन्न मसलों पर अपनी आपत्तियां भी दर्ज कराई थीं।

इस बहस में पंडित कमलापति त्रिपाठी (संयुक्त प्रांत) ने कहा था, 'हमारे इस संविधान में भारत की आत्मा का कोई परिचय नहीं है। संविधान बनाते हुए हमने देश की संस्कृति, परंपरा, इतिहास की अनदेखी की है। टीजेएम विल्सन (मद्रास) लोकतंत्र का सार केवल यह नहीं है कि राजनैतिक दलों का अस्तित्व रहे। शासन में व्यक्ति की जितनी ज्यादा हिस्सेदारी होगी, शासन उतना प्रभावी रहेगा। संविधान के संघीय रूप को काफी संकीर्ण बना दिया गया।

लोकनाथ मिश्र (उड़ीसा) इस संविधान का आरंभ बहुत ऊंचे शब्दों से हुआ है लेकिन इसके आदर्श निरर्थक ही हैं। डॉक्टर पीएस देशमुख (मध्य प्रांत) संविधान में संगठन की ऐसी शक्तियों की उपेक्षा की है, जो उपयोगी सिद्ध हो सकती थी। संगठन की एक शक्ति धर्म भी है। जिस संसदीय लोकतंत्र की संविधान ने व्यवस्था की है, उसका उद्देश्य वर्तमान व्यवस्था में आधारभूत परिवर्तन नहीं, अपितु प्रचलित ढांचे को बनाए रखना है। अलगू राय शास्त्री (उत्तर प्रदेश) देश के नाम पर आते हैं। मुझे अफसोस है कि हम गुलामी की मानसिकता से उबर नहीं सके। हमने खोलकर नहीं कहा कि हमारे देश का नाम क्या होगा? इंडिया दैट इज भारत, यह क्या नाम है? सरदार हुकुम सिंह (पंजाब) मेरी राय में यह एक गलत बुनियाद है, जिस पर हमने संविधान का पूरा ढांचा खड़ा कर दिया। व्यक्ति और राज्य के प्रति समुचित न्याय करने के बारे में विधानमंडल की अपेक्षा न्यायपालिका पर अधिक निश्चिंतता से भरोसा किया जा सकता है।

रामनारायण सिंह (बिहार) यह तो ठीक है कि हम बहुत दिन से गुलाम थे। लेकिन इस संविधान को देखकर हमारी भावी संतानें कहेंगी कि ये दिल्ली में नहीं बल्कि लंदन में बना था। सेठ गोविंददास (जबलपुर) मुझे एक बात खटकती है और सदा खटकती रहेगी कि इस प्राचीनतम देश का यह संविधान स्वतंत्र होने के बाद भी विदेशी भाषा में बनाया गया। लक्ष्मी नारायण साहू (उड़ीसा) जिस आदर्श से हम संविधान बनाना चाहते थे, उससे बहुत दूर भाग गए हैं। पहले देश का नाम भारत रखा। लेकिन दुनिया को समझ नहीं आएगा, इसलिए इंडिया दैट इज़ भारत कर दिया। नेशनल लैंग्वेज क्या होगी? कोई चर्चा नहीं। सेठ दामोदर स्वरूप (संयुक्त प्रांत) यह संविधान दुनिया का सबसे लंबा-चौड़ा संविधान हो सकता है। हिंदुस्तान के बड़े कानून जानकारों के लिए स्वर्ग और धनकुबेरों के लिए मैग्नाकार्टा हो सकता है लेकिन देश के जहां तक करोड़ों गरीबों और भूखे-नंगों का सवाल है, उनके लिए इस संविधान में कुछ नहीं हैं। टी.प्रकाशम (आंध्र प्रदेश) यह वह संविधान नहीं है, जिसकी मैं देश के लोगों के लिए आशा करता था। हम यह नहीं भूल सकते कि यह विभक्त भारत का संविधान है, जिसमें हमारी मातृभूमि का 4/5 अंश ही शामिल है। यह संविधान एक मध्यमार्ग है और उसमें मध्यमार्ग की समस्त त्रुटियां हैं। मैं इसे अपने सपनों के स्वतंत्र भारत का संविधान नहीं कह सकता।

## सोशल फोरम

# श्रद्धा की सत्ता का शहर

मथुरा की खासियत है यहां 'ज्ञान' और 'पद' निरर्थक हैं, 'व्यवहार' प्रमुख है। समूचा वातावरण कुछ इस तरह के ताने-बाने से बना है कि ज्ञान का असर कम और दैनंदिन व्यवहार का असर ज्यादा होता है। समूचे पुराने शहर में ईश्वर, धार्मिकता और श्रद्धा की गंध हावी है। हर चीज श्रद्धा की गंध में लिपटी है, यहां तक कि मोबाइल में भी आम लोग हलो कहने की बजाय राधे राधे या जै बंशी वारे की, कहते मिलेंगे। यहां के लोग कहने में नहीं चूकते, वे आमतौर पर लिहाज नहीं करते। उनके लिए तो श्रद्धा ही महान है। विवेक गौण है। भारत में धर्म के मनोविज्ञान का ईश्वर से कम और श्रद्धा से ज्यादा संबंध है। श्रद्धा उनको जोड़ती है साथ ही अनालोचनात्मक बनाती है, सोचो मत अनुकरण करो, का भाव बोध पैदा करती है। शुद्ध श्रद्धा यदि ईश्वर पूजन तक रहे तो ठीक है, यदि वह जीवन के सभी क्षेत्रों में विस्तार पाती है तो मुश्किलें पैदा करती है। सामान्यजन में श्रद्धा के साथ विवेक का होना जरूरी है। ऐतिहासिक विकास के क्रम में धर्म के ज्ञान हीन रुपों के विकास ने श्रद्धा को अंधविश्वासों की ओर मोड़ दिया। भारत में धर्म के किसी भी पंथ में जाएं लेकिन उसके बारे में ज्ञान अर्जित करें। ईश्वर को पूजने के पहले उसके आख्यान, इतिहास आदि को जानना जरूरी है, इससे धर्म और ईश्वर के प्रति अज्ञान खत्म होता है, ईश्वर विमर्श के लोकतांत्रिक आयाम खुलते हैं। ईश्वर के साथ अंधविश्वास तब दाखिल हुए जब ज्ञान से उसका संबंध टूट गया, ईश्वर ज्ञान के कारण अंधविश्वासी होने की संभावनाएं कम होती हैं। मथुरा का समूचा मनोविज्ञान दूसरे को सुनाने पर टिका है, लेकिन कोई किसी की सुनता नहीं है। खुद में खोए लोग हैं यहां के। ईश्वर और उसकी ऐतिहासिक समझ ही तमाम किस्म के अज्ञान और आडंबर से मुक्ति दिलाती है। मथुरा में 'हे' और 'अरे' के संबोधित में हर व्यक्ति बात करता है, गालियों का बात बात में प्रयोग करते हैं। गालियों का प्रयोग इस बात का द्योतक है कि सभ्यता के विकास में यह शहर सैंकड़ों वर्ष पीछे चल रहा है।

-फेसबुक वॉल से



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

# वीआईपी सुरक्षा

अमेरिका में पूर्व में चार राष्ट्रपति की हत्या हो चुकी है तथा कई नेताओं पर ऐसे हमले हो चुके हैं। अमेरिका में शस्त्र रखने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती और आए दिन स्कूलों, माल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं होती रहती हैं।

14 जुलाई की शाम को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया के बटलर शहर में आयोजित चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया। हमले में ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से पर गोली लगी। उस समय वह रैली को संबोधित कर रहे थे। ट्रंप भाग्यशाली थे कि यह गोली उनके शरीर की ऊपरी सतह से होकर निकल गई अन्यथा अनर्थ संभव था। ट्रंप आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं। हमलावर लगभग 250 फुट दूर एक ऊंचे स्थान से आटोमेटिक रायफल से फायरिंग की थी। 20 वर्षीय हमलावर थामस मैथ्यू क्रूक्स सीक्रेट सर्विस फोर्स द्वारा मार गिराया गया। हत्या के प्रयास के कारण का पता अभी तक नहीं चल सका है।

अमेरिका में पूर्व में चार राष्ट्रपति की हत्या हो चुकी है तथा कई नेताओं पर ऐसे हमले हो चुके हैं। अमेरिका में शस्त्र रखने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती और आए दिन स्कूलों, माल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं होती रहती हैं। इस "गन कल्चर" को रोकने हेतु शस्त्र लाइसेंस की आवश्यकता की मांग होती रहती है लेकिन नागरिक स्वतंत्रता के नाम पर अभी तक लाइसेंस अनिवार्य नहीं किया गया। ट्रंप की चोट देखकर मुझे पुलिस मुठभेड़ की याद आ गई जिसमें प्रायः बदमाश की गोली पुलिस कर्मी के शरीर को खरोंचते निकल जाती है। अगर ऐसी घटना हमारे देश में हुई होती तो विरोधी इसे ट्रंप द्वारा प्रायोजित बता देते। हमारे देश में भी देश विरोधी तत्वों, माफियाओं, तस्करों तथा राजनैतिक विरोधियों से बड़े राजनीतिक नेताओं को जीवन भय बना रहता है लेकिन नेता इससे लापरवाह रह कर सभाएं, रैलियां करते रहते हैं। अब तो चुनाव प्रचार में शहरों की सड़कों पर खुले वाहन पर शान से भीड़ में चलने (रोड शो) का चलन बढ़ता जा रहा है, जिसमें जीवन भय कई गुना अधिक होता है। अगर आपने मौके या टीवी पर उस शो को देखा है तो आप जानते हैं कि ऐसी भीड़ में कितनी आसानी से लंबी दूरी की टेलिस्कोपिक रायफल से वीआईपी की हत्या की जा सकती है। ट्रंप का हत्यारा तो सीक्रेट सर्विस फोर्स द्वारा मारा गया, हमारे यहां तो कातिल खरामा खरामा टहलते हुए सुरक्षित चला जाएगा। हमारे नेताओं को इस हमले से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है, वे सुरक्षाकर्मियों पर ही निर्भर न रह कर स्वयं भी अपनी सुरक्षा पर ध्यान दें नहीं तो हम हाथ मलते रह जाएंगे और एसआईटी, मजिस्ट्रेटीय एवं न्यायिक जांच में ही उलझे रहेंगे।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

# लोकस्तदनुवर्तते

हमारे त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश। ब्रह्मा समस्त सृष्टि के रचयिता हैं, वे अविवाहित रहे। समुद्र मंथन के दौरान लक्ष्मी प्रकट हुईं और उन्होंने भगवान विष्णु का पति के रूप में स्वयं ही वरण किया। जगज्जननी पार्वती जन्म जन्म में "अशिव भेस सिव धाम कृपाला" की अर्धांगिनी होने के लिए घोर तपस्या करती रहीं। हमारी सनातन हिंदू परंपरा में शिव पार्वती का विवाह ही आदर्श विवाह माना जाता है। शिव पुराण में विवाहोत्सव का जो वर्णन है, कमोवेश तुलसीदास जी ने भी रामचरितमानस में उसी का उल्लेख किया है। उत्तर भारत में अधिकांश विवाह इसी परंपरा के अनुरूप संपन्न होते हैं।

अंबानी के परिवार में अनंत एवं राधिका का परिणय इस समय चर्चा में है। मुख्य रूप से लोग यह कहते हैं कि आखिर इतने आडंबर और धूमधाम के साथ संपन्न इस अत्यंत खर्चीले विवाहोत्सव से अंबानी परिवार साबित क्या करना चाहता है? क्योंकि उनकी अपने क्षेत्र मे श्रेष्ठता स्वयं सिद्ध है। शादी ब्याह एक निजी एवं पारिवारिक मामला है। प्रत्येक मां-बाप एवं वर-वधू के अपने अरमान होते हैं। उसे अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूरा किए जाने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह सर्वविदित है कि मुकेश अंबानी के देश एवं विदेश की तमाम नामचीन हस्तियों से व्यक्तिगत संबंध है। अतः उनके लिए यह स्वाभाविक है कि अपने यहां खुशी के अवसर पर अपने इष्ट मित्रों को आमंत्रित करें और आमंत्रित लोगों का कार्यक्रम में आना भी स्वाभाविक है। अकूत धन है वे अपनी समझ से उसका उपयोग कर रहे हैं। मूल समस्या हर कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर है। क्या यही कार्यक्रम बिना व्यापक प्रचार प्रसार के संभव नही था? शादी ब्याह के अवसरों पर अनाप शनाप खर्च, धन वैभव का फूहड प्रदर्शन एक स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है और यह बीमारी हमारे मध्यम व तथाकथित निम्न वर्ग मे भी संक्रमित हो चुकी है, जो एक चिंता का विषय है। ऐसे में जो हमारे देश और समाज के मूर्धन्य लोग हैं, वे समाज के लिए एक आदर्श, एक उदाहरण स्थापित कर सकते हैं। कई लोगों ने किया भी है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य लोग भी उसकी देखा-देखी वैसा वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर देता है, समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बर्ताव करने लग जाता है।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवोतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।

क्या मुकेश अंबानी स्वयं को श्रेष्ठतर सिद्ध करने के अवसर पर चूक गए?



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

# परंपराओं का ज्ञान

भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां परंपरा की व्याख्या को लेकर कई तरह की गलतफहमियां हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी ने परंपरा की सबसे अच्छी व्याख्या की है, 'परंपरा का शब्दार्थ है एक का दूसरे को, दूसरे का तीसरे को दिया जाने वाला क्रम। वह अतीत का समानार्थक नहीं है। परंपरा से हमें समूचा अतीत नहीं प्राप्त होता। उसका निरंतर निखरता-छंटता-बदलता रूप प्राप्त होता है।' (परंपरा और आधुनिकता)। स्पष्ट है, रूढ़ि परंपरा का वह छंटा हुआ रूप है जो प्रगति में रुकावट है। रूढ़ि वह है जिससे सत्य खो गया है। रूढ़ि परंपरा का शव है। रूढ़ियां समाज को मुर्दा बनाकर रखती हैं, चाहे वे अतीत की हों या आधुनिक युग की। उनमें नवोन्मेष की शक्ति नहीं होती। भारतीय परंपराओं को जानने के लिए सबसे पहले बुद्धि की जरूरत है। बुद्धिपरकता के बिना परंपरा अंधे के हाथ का आईना है। रूढ़ियों से भिन्न, परंपराएं बुद्धि से निखरती हैं, प्रयोग से पुनर्नवता हासिल करती हैं और संवाद से विकसित होती हैं। इस तरह पहली सावधानी यह बरती जानी है कि रूढ़ियों को परंपरा न माना जाए।

प्रेमचंद के लिए साहित्य का महत्व इसलिए है कि यह रूढ़ियों और बंधनों से मुक्त करता है। वे लिखते हैं, 'हम साहित्यकार से यह भी आशा करते हैं कि वह अपनी बहुज्ञता और विचारों की विस्तृति से हमें जाग्रत करे, हमारी दृष्टि तथा मानसिक परिधि को विस्तृत करे।' (कुछ विचार) अगर यह उद्देश्य हो, तब हम वस्तुतः अन्य परंपराओं की आलोचनात्मक समझ बनाते हैं, उन पर अंध-आक्रमण नहीं करते।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट में वांछित को किया गिरफ्तार

**सिंहपुर, अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उ0नि0 मदन कुमार सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 84/24 धारा 354ख भादवि एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त रामबाबू पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम किरसिया थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र करीब 19 वर्ष को मुरादगंज तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** जनपद के कोतवाली मुसाफिरखाना पुलिस टीम ने विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया एवं डंडे को लोहारन का पुरवा हाईवे के किनारे झाड़ियां से बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उपनिरीक्षक घनश्याम यादव थाना मुसाफिरखाना मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्त शिव सागर यादव उम्र लगभग 40 वर्ष सुत सूरजदीन यादव व विपिन यादव उम्र लगभग 20 वर्ष सुत सूर्यभान यादव निवासीगण चकबहेर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक को पूरे पटई गाँव निकट हाइवे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेजा।

# कार से टक्कर के बाद पलटा टैंकर दरोगा की मौत, सिपाही घायल

## सुलतानपुर-रायबरेली मार्ग पर हादसा, गैस रिसाव के चलते रास्ता हुआ बंद

संवाददाता, अमेठी


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार


हादसे के बाद पलटा टैंकर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जायस थाना क्षेत्र में सुल्तानपुर रायबरेली मार्ग पर गांधीनगर के पास सोमवार की दोपहर गैस का टैंकर एक कार को टक्कर मारने के बाद पलट गया जिससे उसमें रिसाव शुरू हो गया। हादसे में कार सवार एक सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल है। उसको पहले जिला अस्पताल फिर वहां से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

घटना से अमेठी रायबरेली मार्ग बंद कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों तरफ से रास्ता रोक रखा है। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। जायस थाना क्षेत्र में गांधीनगर के पास गैस ले जा रहे टैंकर और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें से गैस का रिसाव शुरू हो गया। हादसे में कार सवार दरोगा बृजभूषण की मौत हो गई।

बताते हैं कि दरोगा और सिपाही की तैनाती गौरीगंज में विद्युत विभाग में थी। सुबह दरोगा और सिपाही रायबरेली से कार पर सवार होकर गौरीगंज तैनाती स्थल पर जा रहे थे। जबकि सिपाही संत राज गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई है। पुलिस ने एक किलोमीटर का क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया है। आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों को वहां से हटाया जा रहा है।


दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी व एसपी। अमृत विचार

### जरूरत पड़ी तो लोगों को पहुंचाया जाएगा सुरक्षित स्थानों पर, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** वर्तमान मानसून के समय जनपद में गोमती नदी में जल स्तर बढ़ने की संभावनाओ के दृष्टिगत गोमती नदी के किनारे स्थित ग्रामों का आज अपर जिलाधिकारी ,वि/रा अर्पित गुप्ता के निर्देशन में उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, नायब तहसीलदार एवम तहसील स्टाफ तथा बाजार शुकुल के थाना प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया तथा गोमती नदी के जल स्तर बढ़ने पर की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के बारे मे अपर जिलाधिकारी ने तहसील की तैयारियों का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने नदी के निचले भाग मे निवास करने वाले परिवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए तथा तहसील प्रशासन को आवश्यकता पड़ने पर इन परिवारों को सुरक्षित स्थानों जो कि शरणालय स्थल के रूप में चिन्हित है पर पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आम लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना का फोन नंबर 9454416132 एवम तहसीलदार का नंबर 9454416179 पर सम्पर्क की सलाह दी है। आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार आज गोमती का जल स्तर 80 .71 मीटर है जो कि खतरे के स्तर से लगभग पांच मीटर नीचे है।

## त्योहारों को लेकर थानाध्यक्ष ने की गश्त, परखी सुरक्षा

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** आगामी त्यौहार मोहर्रम आदि के दृष्टिगत शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आज पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह के निर्देश में थाना अध्यक्ष तनुज पाल के पर्यवेक्षक में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान के के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आम जनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से कस्बा शुकुल बाजार में भीड़भाड़ संवेदनशील मुख्य मार्गो पर थाना अध्यक्ष द्वारा पुलिस बल के साथ-साथ पैदल ग्रस्त किया जिसमें अपने-अपने बॉर्डर क्षेत्र पर विशेष चेकिंग अभियान चला कर दो पहिया चार पहिया वाहनों पर लाल नीली बत्ती वह फुटर सायरन एवं मुख्य मार्ग के चौराहे पर संदीप व्यक्ति वस्तु एवं वाहनों की चेकिंग की गई तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों से व दुकानदारों से वार्ता की।

## केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा का संचालन शुरू

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** ताला स्थित केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में आज से कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत केंद्रीय विद्यालय पहुंचकर प्रधानाचार्य, शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया एवं उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बताते चलें कि इससे पहले केंद्रीय विद्यालय का संचालन पिंडोरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में किया जा रहा था तब से लेकर अब तक विद्यालय का संचालन वही हो रहा था आज प्रथम दिवस केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन में कक्षा संचालन का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नए भवन में पहुंचकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण भी किया तदोपरांत राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, विद्यालय में आज ही बच्चों द्वारा करीब 200 पौधे लगाए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य केडी मिश्र ने बताया कि विद्यालय में 406 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।

# सीडीओ के निरीक्षण में कई कर्मचारी गैरहाजिर

## संग्रामपुर में विकास कार्यों में शिथिलता पर बीडीओ को लगाई फटकार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सोमवार को संग्रामपुर बीडीओ कार्यालय का अमेठी सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ब्लॉक के पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिन पर सीडीओ द्वारा कार्यवाही करते हुए एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण देने की कार्यवाही की गई है। मुख्य विकास अधिकारी अमेठी सूरज पटेल द्वारा सोमवार को संग्रामपुर ब्लाक का औचक निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया गया।

सीडीओ के निरीक्षण में अभिलेखों का रखरखाव समुचित ढंग से नहीं किया गया था। निरीक्षण में मौके पर बीडीओ शिव पूजन भारती, हरिशंकर एडीओ व एडीओ उपस्थित पाए गए। जबकि अभिषेक सिंह कनिष्ठ लिपिक, अजीत सिंह राठी JE MI, गिरीश कुमार सिंह तकनीकी सहायक, संजय कुमार सिंह तकनीकी सहायक, ईश्वर मौर्य तकनीकी सहायक अनुपस्थित पाए गए। सीडीओ ने अनुपस्थिति पाए गए कर्मचारियों का 15 जुलाई 2024 का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही सीडीओ द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी संग्रामपुर तथा लेखा सहायक मनरेगा व अन्य को निर्देशित किया गया कि विलंबित भुगतान किसी भी श्रमिक का न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए एवं समय-समय पर मस्टर रोल निर्गत होता रहे व सभी ग्राम पंचायत में प्रत्येक दिवस कम से कम एक कार्य चला रहे इसका भी विशेष ध्यान दिए जाने को लेकर निर्देशित किया गया है।


कार्यालय का निरीक्षण करते सीडीओ।

सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर को फटकार लगाते हुए कमियों को 24 घंटे के भीतर सुदृढ़ कर कर अवगत कराने तथा विकासखंड में संचालित गोवंश आश्रय स्थल पर गोवंशों के खाद्यान्न एवं गोवंश आश्रय स्थल संचालन की सभी समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

# छात्राओं ने निकाली पौधों की बरात

## जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी, आमजन से पौधों के संरक्षण की अपील

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत सोमवार रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज में छात्राओं द्वारा निकाली गई पौधों की बारात को जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पौधों की बारात निकालकर छात्राओं द्वारा जन सामान्य को इस वर्षा काल में अधिक से अधिक लगाने तथा उनका संरक्षण करने एवं पर्यावरण को बचाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को पौधों का वितरण किया तथा उनसे अपील की कि इस वर्षा काल में एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं तथा अपने अभिभावकों व अपने आसपास के लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए जागरूक करें, पेड़ लगाने के साथ ही उसकी देखभाल भी करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, शिक्षाविद् जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी "मनीषी" सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।


पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत पौधों के साथ खड़े बच्चे। अमृत विचार

## दुकान के गेट का चैनल काटकर हजारों की चोरी

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी चौक अमेठी के पास स्थित दुकान से बीती रात चोरों ने लोहे के गेट चैनल को काटकर दुकान में रखें कंप्यूटर,एलसीडी पंखे सहित 50 हजार रुपये से अधिक के सामान पर चोर हाथ साफ करके फरार हो गए। सोमवार की सुबह जानकारी होने पर पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को सूचना देते हुए थाने में घटना की तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई हैं। चोरों ने कंप्यूटर, एलसीडी, आठ पंखे, मेमोरी कार्ड, सिलाई मशीन सहित हजारों रुपये के सामान कर उठा ले गए। पीड़ित जब सोमवार की सुबह जब दुकान खोली को घटना की जानकारी हुई।

# सैनिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

## कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व देशभक्ति गीतों से मोहा मन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सैनिक स्कूल अमेठी द्वारा आज 5वां वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सैनिक स्कूल अमेठी में अध्यनरत सैन्य छात्रों को देश की सशस्त्र सेनाओं और अन्य विशिष्ट सेवाओं में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के कैडेटों द्वारा किए गए शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक, प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल लेफ्टिनेंट कमांडर सिद्धार्थ शेखर नेहरा, प्रशासनिक अधिकारी तथा समस्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहे।


वार्षिकोत्सव में कला का प्रदर्शन करते बच्चे। अमृत विचार

# मंदिर व गंगातट जाने वाले मार्गों की हो सफाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों ने श्रावण मास में मंदिरों व गंगा तटों की साफ-सफाई को लेकर डीएम गौरांग राठी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रणबीर सिंह को सौंपा।

आगामी 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास शुरू हो रहा है। जिसमें सनातन धर्म में पूरे माह भगवान भोलेनाथ का पूजन होता है व गंगा स्नान कर श्रद्धालु गंगाजल लेकर शिवालयों मंत जाते हैं और भोलेनाथ को जल चढ़ाते हैं। जिस कारण मंदिरों व गंगातटों पर भारी भीड़ रहती है। जिसकी सुरक्षा व स्वच्छता व्यवस्था के लिए जिले के सभी मंदिरों व गंगातटों को जाने वाले मार्गों को सही कराने व गंगातट पर अस्थायी स्नान घर रखवाने की मांग की। विमल द्विवेदी ने बताया कि पौराणिक स्थल परियर में गंगा स्नान तट पर को जाने वाले मार्ग क्षतिग्रस्त पड़े हैं। इस दौरान विनय द्विवेदी, अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, सुरेश सिंह आदि रहे।


अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रणबीर सिंह को ज्ञापन देते विमल द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

# पर्यटन सीजन पर विराम, 150 करोड़ से ज्यादा का हुआ काम

## नैनीताल में इस वर्ष होटल, टैक्सी व नाव संचालकों की हुई अच्छी कमाई, प्रशासन की कार्यप्रणाली से व्यापारी खफा

संतोष बोरा, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले में 20 मई से शुरू हुए पर्यटन सीजन पर अब विराम लग चुका है। सिर्फ वीकेंड पर आने वाले सैलानी ही यहां पहुंच रहे हैं। इस वर्ष सैलानियों की आमद से नैनीताल सहित मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल, पंगोट आदि पर्यटन क्षेत्रों में लगभग 150 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। जिससे होटल, टैक्सी व नाव संचालकों की अच्छी आमदनी हुई है। वहीं टूरिस्ट गाइड और दुकानदारों की भी ठीक-ठाक कमाई हुई है। मानसून सीजन में सैलानियों की संख्या घट जाने से आमदनी पर असर पड़ रहा है।

हालांकि इस वर्ष पर्यटन सीजन में व्यापारी पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली से खफा रहे। पर्यटन सीजन में जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने बाहर से आने वाले सैलानियों के वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया। रूसी बाईपास व नारायण नगर पर वाहनों को खड़ा कर सैलानियों को शटल सेवा से नैनीताल भेजा। इससे कई सैलानियों ने नैनीताल के बजाय भीमताल और मुक्तेश्वर की ओर रूख किया। जिसके चलते विगत वर्षों के मुकाबले इस वर्ष सैलानी काफी कम संख्या में नैनीताल पहुंच पाए। उधर, टैक्सी यूनियन सूखाताल के अध्यक्ष दीपक मटियाली ने बताया कि पर्यटन सीजन में कारोबार काफी अच्छा रहा। अगर पुलिस का यातायात प्लान सही होता तो कारोबार और अधिक हो सकता था। नगर में 700 टैक्सियों का संचालन होता है। 7 से 10 करोड़ का टैक्सियों का कारोबार हुआ है। वर्तमान में मानसून सीजन में कामकाज काफी धीमा हो गया है।

> नैनीताल में इस वर्ष अप्रैल, मई व जून तीन महीनों में 5 .5 लाख से अधिक पर्यटक आए। जबकि पिछले साल इन तीन महीनों में 4 लाख 90 हजार पर्यटक आए थे।
>
> **-अतुल भंडारी,** जिला पर्यटन अधिकारी

> पर्यटन सीजन से जनपद में 150 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। लेकिन, पुलिस के यातायात प्लान के चलते सैलानियों को खासी असुविधा हुई, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल नहीं पहुंच पाए। अब मौसम विभाग के अलर्ट के चलते सैलानी एडवांस बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। होटल एसो. ने पर्यटन विभाग से मानसून सीजन को लेकर वीडियो जारी करने की मांग है। जिससे सैलानी मानसून का आनंद लेने को पहाड़ों का रुख कर सकें।
>
> **-दिग्विजय सिंह बिष्ट,** अध्यक्ष होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन नैनीताल

आंदोलन

**मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा बीएसए को संबोधित ज्ञापन, भारी संख्या में पहुंचे शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता**

# प्रदर्शन व नारेबाजी कर शिक्षकों ने रखी अपनी मांगें, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अवकाश व चिकित्सा संबंधी विभिन्न मांगों को पूरा कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए बीएसए को संबोधित ज्ञापन बीईओ मुख्यालय केएल वर्मा को दिया। विद्यालय अवधि के बाद निराला उद्यान व आसपास शिक्षकों का जुटना शुरू हो गए और कार्यालय पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब हो कि शिक्षक आठ जुलाई से ऑनलाइन अटेंडेंस न लगाकर क्रमिक विरोध प्रदर्शन करते आ रहे हैं। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर बीती शाम बीएसए को ज्ञापन देने का एलान होने पर शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की तैयारी शुरू कर दी। सोमवार को रोज की तरह विद्यालय पहुंचकर शिक्षण कार्य कराने के बाद दोपहर से जिला मुख्यालय स्थित निराला उद्यान पहुंचने लगे। दूरस्थ ब्लाक गंजमुरादाबाद आदि के शिक्षक बसों से प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे, जबकि अधिकांश शिक्षक निजी वाहनों से निराला उद्यान पहुंचते रहे। अधिकांश शिक्षक साथियों के पहुंच जाने पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय, महामंत्री गजेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, मीडिया प्रभारी मदन कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष संजय सिंह, सूर्यकांत यादव, अभिषेक मिश्र व प्रदीप द्विवेदी आदि नेताओं के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिक्षक एकता जिंदाबाद और हमारी मांगे पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो आदि नारे लगाते हुए कलक्ट्रेट के लिए कूच किया। इसके बाद बीएसए कार्यालय पहुंचे, जहां बीएसए की नामौजूदगी में बीईओ मुख्यालय ने शिक्षकों का ज्ञापन लिया। ज्ञापन में अधिकारियों-कर्मचारियों की तरह उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह द्वितीय शनिवार व अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किए जाने की मांग की गई है। डिजिटलाइजेशन करने में शिक्षकों द्वारा बताई जा रही समस्याओं का निराकरण कराने की मांग भी शामिल है। प्रदर्शनकारियों में सुनील, महेंद्र, श्यामू, अरविंद, संदीप शुक्ल, संघर्ष समिति की अध्यक्ष डा. रचना सिंह, मंत्री दीपक द्विवेदी, संदीप, विश्वनाथ सिंह, अविनाश, शशांक भूषण आदि रहे।


बीएसए कार्यालय परिसर में बीईओ केएल वर्मा को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता।


कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

# कराटे-बेल्ट टेस्ट में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के गांव जनसार में भारती जगदेव सिंह ठाकुर सांस्कृतिक केंद्र में 72 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। यहां सभी विषयों के साथ कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके साथ यहां रामनाथ सिंह चौहान कराटे इंस्टीट्यूट भी चलाया जाता है। जिसमें सभी बच्चों को आत्म निर्भर बनाने हेतु कराटे का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तहसील क्रीड़ा प्रभारी श्यामलाल इंटर कालेज के प्रवक्ता धर्मेश प्रताप सिंह व उन्नाव जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार नेशनल कोच व जज का जोरदार स्वागत किया गया। टेस्ट का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ उन्नाव द्वारा सभी बच्चों का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट लिया गया। जिसमें येलो, ऑरेंज व ब्लू बेल्ट का टेस्ट लिया गया। इसमें 62 बच्चों ने शानदार प्रर्दशन किया। जिसमें येलो बेल्ट में प्रथम अंश, द्वितीय रिद्धि व तृतीय स्थान पर ज्योति रहीं। वहीं, ऑरेंज बेल्ट में प्रथम वंश कनौजिया, द्वितीय माही व तृतीय प्रीति रहीं व ब्लू बेल्ट में प्रथम रोली, द्वितीय सुमित सिंह व तृतीय वंश के अलावा ग्रीन बेल्ट में प्रथम प्रियांशी, द्वितीय रिंकू कुमार व तृतीय रहे लावन्या रहे। प्रबंधक कैप्टन प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा निरंतर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। भारती जगदेव सिंह ठाकुर सांस्कृतिक केंद्र के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# प्राइमरी स्कूल में 2 घंटे कैद रहा बच्चा

## सहायक अध्यापिका की लापरवाही, धरने में जाने के लिए शिक्षकों ने आधे घंटे पहले बंद कर दिया स्कूल

नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** प्रयागराज के मेजा विकासखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय लोहरा में शिक्षकों की बड़ी लापरवाही सामने आई। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में धरने में शामिल होने के लिए प्राथमिक विद्यालय को समय से आधा घंटा पहले बंद कर दिया गया। इस लापरवाही के कारण एक बच्चा स्कूल के अंदर ही छूट गया। वह करीब दो घंटे तक स्कूल के अंदर ही रोता रहा। वहां से गुजर रहे गांव के लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। बाद में मामला बीएसए तक पहुंचा



तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। सहायक अध्यापिका जूली कुमारी को निलंबित कर दिया गया।

लोहरा गांव की एक छात्रा के साथ उसका छोटा भाई सोमवार को स्कूल आया था। जिस कक्षा में

> लापरवाही के मामले में सहायक अध्यापिका को सस्पेंड कर दिया गया। स्कूल समय से पहले क्यों बंद किया गया। इसको लेकर जांच कमेटी भी बैठाई गयी है। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए, प्रयागराज

छात्रा पढ़ रही थी। उससे सटा हुआ एक स्टोर रूम है। बच्चा खेलते हुए स्टोर में चला गया। जब स्कूल को बंद किया गया, तब बच्चा वहीं स्टोर में छूट गया। छात्रा को लगा कि उसका छोटा भाई घर जा चुका है। जब छात्रा घर पहुंची, तब भाई को नहीं पाकर परिजनों को पूरी बात बताई तो उसकी खोजबीन शुरू की। वहीं दूसरी तरफ बच्चा जब स्कूल के मुख्य गेट पर आया, तब वहां ताला लगा हुआ था। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उधर से गुजर रहे गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे। उन्होंने वीडियो बनाया और अधिकारियों को भेजा। इसके बाद स्कूल स्टाफ वापस पहुंचा और बच्चे को बाहर निकाला जा सका। वहीं बताया जा रहा हैं कि प्रयागराज में कलेक्ट्रेट पर टीचर्स को इकट्ठा होने के लिए कहा गया था। एसोसिएशन की तरफ आए आह्वान के बाद टीचर्स ने स्कूल को समय से पहले बंद कर दिया। इस लापरवाही में बच्चा अंदर छूट गया।

## कैंसर पीड़ित सचिन को 10 मिनट के लिए बनाया प्रयागराज का कमिश्नर


**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** कैंसर से पीड़ित बालक सचिन का सपना सोमवार को एक स्वयंसेवी संस्था के प्रयास से पूरा हो गया। उसे कमिश्नर ने चार्ज देकर अपनी कुर्सी पर बैठाया और सम्मानित किया। इसकी चर्चा सोमवार को लोगो मे काफ़ी रही। सचिन काफी खुश रहा। अनिकेत स्माइल फाउंडेशन के डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी और समाजसेविका निशा मिश्रा के प्रयास से कैंसर पीड़ित सचिन प्रजापति दस मिनट तक कमिश्नर की कुर्सी पर रहा और लोगों से बातचीत करते हुए उनके सवालों का जवाब दिया। सचिन का इलाज एसआरएन अस्पताल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. देव कुमार यादव, डॉ विवेक कुमार पांडेय और डॉ. विनय द्विवेदी के साथ जूनियर रेसिडेंट रेडियो थैरेपी एवं टीम द्वारा किया जा रहा है। सचिन बड़ा होकर आईएएस बनना चाहता है। उसकी इच्छा को पूरी करने के लिए कमिश्नर ने उसे 10 मिनट के लिए अपना चार्ज दिया। वह दस मिनट तक कमिश्नर की कुर्सी पर रहा।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** ऑनलाइन उपस्थिति को समाप्त किये जाने को लेकर बेसिक शिक्षकों ने एकजुटता दिखायी। धरना प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी एवं बीएसए को सौंपा। कहा कि जल्द ही मांगे नहीं पूरी हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

कचहरी परिसर में सोमवार को जुटे संयुक्त मोर्चा के बैनर शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। वहीं, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने ऑनलाइन उपस्थिति समाप्त करने के संदर्भ में बीएसए भूपेन्द्र सिंह को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**आंदोलनरत शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम व बीएसए को सौंपा**

के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल एवं जिला मंत्री विनय सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षक आंदोलन कर रहा है। सरकार लगातार शिक्षकों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाती है तो शिक्षक हड़ताल करने के लिए बाध्य होता है। मांडलिक मंत्री अनिल पांडेय ने कहा कि यदि 22 तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर रामानंद मिश्रा, पंकज तिवारी, अजीत कुमार, मनोज कुमार, सुधीर, प्रभाकर प्रताप सिंह, मानवेंद्र द्विवेदी, अरुणपति, धर्मेंद्र शुक्ला, संतोष मिश्रा समेत शिक्षक मौजूद रहे।

# निरीक्षण में दूसरे कक्ष में आराम करतीं मिलीं प्रधानाध्यापिका

संवाददाता, धर्मापुर, जौनपुर

**अमृत विचार।** खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मापुर रमेश चंद पटेल ने सोमवार को धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के 6 परिषदीय विद्यालयों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय कमरुद्दीनपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मुमताज अंजुम शिक्षण कार्य के समय दूसरे कक्ष में कुर्सी पर बैठकर आराम करती हुई पाई गई। उनका शिक्षक डायरी भी अभी तक नहीं बना हुआ मिला, जिस पर बीईओ रमेश चंद पटेल ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उक्त प्रधानाध्यापिका मुमताज अंजुम से स्पष्टीकरण मांगा।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या नयनसंड में जब निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तब विद्यालय के सहायक अध्यापक मनीष यादव हस्ताक्षर बनाकर गायब मिले। हालांकि कुछ ही देर बाद वह विद्यालय वापस आ गये। फिर भी उन पर लापरवाही बरतने पर उनसे स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय नरेंद्रपुर, प्राथमिक विद्यालय तरसंड, प्राथमिक विद्यालय सराय ज्ञानचंद एवं प्राथमिक विद्यालय नयनसंड अनुसूचित बस्ती के निरीक्षण में बीईओ रमेश चंद पटेल ने सभी शिक्षकों को छात्र उपस्थिति बढ़ाने, शिक्षक डायरी बनाकर अपडेट रखने के लिए निर्देश दिया गया।

# राजा भैया के पिता 72 घंटे के लिए हाउस अरेस्ट

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** मोहर्रम पर कुंडा के शेखपुर आशिक में ताजिया जुलूस के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन ने कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' के पिता उदय प्रताप सिंह को भदरी आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया।

सोमवार की सुबह भारी पुलिस फोर्स उनके आवास के बाहर तैनात कर दी गई। उदय प्रताप सिंह को 72 घंटे के लिए नजरबंद कर दिया गया। उनके आवास के बाहर नोटिस चस्पा कर दी गई। जिला प्रशासन ने कुंडा स्थित शेखपुर आशिक गांव में हर साल की तरह इस बार भी उदय प्रताप सिंह के हनुमान मंदिर पर दसवीं मोहर्रम के दिन भंडारे

**मोहर्रम के चलते प्रशासन ने की नजरबंद की कार्यवाही, भदरी कोठी के बाहर भारी पुलिस बल तैनात**



भदरी कोठी गेट पर नोटिस चस्पा करती पुलिस एवं उदय प्रताप सिंह।

के आयोजन पर रोक लगा दी है। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर भदरी स्थित उदय प्रताप सिंह के आवास पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई है। कुंडा एसडीएम भरत राम और सीओ अजीत सिंह भारी पुलिस बल के साथ भदरी कोठी पहुंचे।

> शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह कार्यवाही की गई है। शेखपुर में शांति व्यवस्था बनी है। तनाव जैसी कोई बात नहीं है, स्थिति सामान्य है।
>
> -डॉ. अनिल कुमार, एसपी, प्रतापगढ़

इसके पूर्व कोतवाल सत्येंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचकर गेट पर नोटिस चस्पा की।

**2005 में 10 वीं मोहर्रम के दिन बंदर की गोली मारकर कर की गई थी हत्या :** उल्लेखनीय है कि कुंडा तहसील क्षेत्र के शेखपुर आशिक गांव में वर्ष 2005 में 10 वीं मोहर्रम के दिन बंदर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2014 में 10 वीं मोहर्रम पर उदय प्रताप ने हनुमान चालीसा का पाठ कराने साथ ही भंडारे के आयोजन की शुरुआत की थी। अगले वर्ष वृहद पैमाने पर आयोजन से तनाव बढ़ गया था।

**उदय ने किया ट्वीट, जो मुसलमानों का विरोध करे उसे अरेस्ट कर लो :** नजरबंद होने के बाद उदय प्रताप सिंह ने एक्स पर ट्वीट किया- इसका समाधान प्रशासन ने निकाल लिया है, जो मुसलमानों का विरोध करे उसको अरेस्ट कर लो, जैसे की हमको सुबह से किए हुए हैं। प्रशासन ने हिंदुओं का बहुत सालों से चलता आ रहा भंडारा शेखपुर में नई प्रथा बताकर बंद कर दिया, किंतु मझिलगांव में सड़क के आरपार मुसलमानों के नए सिरे से गेट लगाने पर रोक नहीं लगा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### सपा प्रतिनिधि मंडल पहुंचा गोगांव



**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल विकास खण्ड 96 के गांव गोगांव पहुँचा। पीड़ित तेज बहादुर निषाद से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली और उच्चाधिकारियों से मिलकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि जिगना थाना क्षेत्र के गोगाव निवासी तेज बहादुर निषाद के साथ मारपीट के अलावा रूपये छिनने तथा गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस अधीक्षक से चौधरी ने कहा मामले की जांच कर कार्यवाही की जाये। प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव आदर्श यादव, जिला उपाध्यक्ष रामजी मौर्या, हरिशंकर यादव, संग्राम बिन्द, शिव नारायण बिन्द, जयनेन्द्र सिंह, सुशील सिंह, शहनवाज खाँ, ओमप्रकाश यादव, रंगलाल यादव, राजेन्द्र बिन्द, सुशील यादव, सुरेन्द्र, बबलू यादव आदि शामिल थे।

### भारोत्तोलन में फतेहपुर के गोपाल व प्रतापगढ़ रवींद्र अव्वल



पुलिस लाइन के खेल मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसपी डॉ. अनिल कुमार।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** प्रयागराज जोन की 27वीं अंतर जनपदीय पुलिस वार्षिक भारोत्तोलन, योग और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सोमवार से पुलिस लाइन में शुरू हुई प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी डा.अनिल कुमार ने किया। पुलिस लाइन के खेल मैदान में शुरु हुई 27 वीं प्रयागराज जोन अंतर्जनपदीय पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एसपी को मार्चपास्ट की सलामी दी। एसपी ने जनपदवार पंक्तिबद्ध खड़े खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। पहले दिन भारोत्तोलन प्रतियोगिता पुरूष वर्ग 55 किलोग्राम भार वर्ग में फतेहपुर के आरक्षी गोपाल बाथम प्रथम, कौशाम्बी रामचन्द्र द्वितीय, कृष्ण कुमार प्रतापगढ़ तृतीय रहे। भारोत्तोलन प्रतियोगिता पुरूष वर्ग 56 से 61 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतापगढ़ के आरक्षी रवींद्र बघेल प्रथम, फतेहपुर के अंकुल यादव द्वितीय एवं हमीरपुर ल दिलीप कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह, एएसपी पश्चिमी संजय राय समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### युवक को पीटकर छीनी नकदी, लहराया तमंचा

**संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी शोहराब खान पुत्र सफी मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी बाइक से धारूपुर में गुडडू पंडित के घर बकाया रूपया 10 हजार देने जा रहा था। नया पुरवा पेट्रोल पम्प के पास मौजूद तीन लोगों ने उसे जबरन रोक लिया और बाइक की चाभी निकालकर उसे गाली देने लगे। इसी बीच आरोपियों ने पीड़ित की जेब में रखे 10 हजार रूपये भी निकाल लिये। इसके बाद आरोपी धमकी देते चले गये। पीड़ित ने उनका पीछा किया और फोन पर अपने पिता को भी घटना की सूचना दिया। रामपुर बावली के पास पूरे भासो में खड़े आरोपियों के पास पीड़ित पहुंचा और अपना पैसा मांगने लगा तो उसे डण्डे से मारापीटा। पीड़ित के पिता समेत आसपास के लोग भी इकटठा हो गये तो आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग निकले। घायल पीड़ित को इलाज के लिए लालगंज सीएचसी भेजा गया। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि छिनैती की बात गलत है। आपसी रंजिश के चलते मारपीट की घटना हुई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रशिक्षण व टूलकिट के लिए 27 तक कर सकते हैं आवेदन

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत जनपद जौनपुर में ट्रेड ऊनीदरी में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक 27 जुलाई तक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (एससी एवं ओबीसी वर्ग के लिये), आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, पढे लिखे होने पर शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी जानकारी रखने पर तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए। आवेदनकर्ता को इस आशय से कि उसने एवं उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नही लिया हो नोटरी शपथ पत्र 10 रूपये के स्टाम्प पर देना होगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

### डीएम और सीडीओ ने किया पौधरोपण

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक वृक्ष मां के नाम पौध रोपण के क्रम में 15 जुलाई को जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में मौलसरी व महोगनी के पौध का पौधरोपण किया। पौधरोपण के समय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग प्रवीन खरे व उप प्रभागीय वनाधिकारी क्षेत्रीय वनाधिकारी जौनपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पौधरोपण पश्चात उपस्थित लोगों व जनमानस से मां के नाम पौधरोपण करने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण हेतु सहभागिता एवं सहयोग प्राप्त करने एवं वृक्षारोपण को जन आन्दोलन के रूप में मनाने की अपेक्षा की।

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अन्तर्गत श्रम कल्याण संगठन लखनऊ परिक्षेत्र द्वारा उत्तर प्रदेश के बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र/पुत्रियों हेतु शिक्षा सत्र 2024-2025 के लिये कक्षा 1 से 12 एवं उच्चतर डिग्री एवं व्यवसायिक कोर्स हेतु आर्थिक सहायता (छात्रवृत्ति) के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त आर्थिक सहायता हेतु आवेदन के लिये पात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ बीड़ी श्रमिक परिचय पत्र (दोनों तरफ), उत्तीर्ण कक्षा के अंक पत्र एवं आय प्रमाण पत्र को स्कैन करके अपलोड करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन 30 जून से प्रारम्भ है एवं अंतिम तिथि प्री मैट्रिक के लिए 31 अगस्त तथा पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 अक्टूबर है।

# बार बेंच के सामंजस्य से ही वादकारियों को मिलेगा न्यायः उपजिलाधिकारी

संवाददाता, कोरांव /नैनी

**अमृत विचारः** बार बेंच के आपसी सामंजस्य से ही वादकारियों को जल्द न्याय मिल सकता है। उक्त बातें तहसील कोरांव में नव नियुक्त उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कार्य भार ग्रहण करने के बाद तहसील सभागार में उपस्थित अधिवक्ताओं से कही।

उन्होंने कहा कि थोड़ी सी बात पर हंगामा खड़ा करने से पहले यदि संवाद से बात बन जाए तो दूर दराज से आए गरीब, बुजुर्ग लोग प्रभावित नहीं होंगे। उनकी छोटी मोटी समस्या का त्वरित निस्तारण हो जाएगा। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने सभी कर्माचरियों और मौजूद लोगो से परिचय भी किया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कोरांव में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए मै खड़ी हूं। उन्होंने कहा कि न्याय और सही कार्यों के लिए मेरे पास आने वाले लोगों का स्वागत है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक सुदामा वर्मा, नायब तहसीलदार बड़ोखर रणविजय सिंह मौजूद रहे। बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी व मंत्री विन्ध्वासिनी प्रसाद शुक्ल, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने नवांगतुक अधिकारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन कोरांव के पूर्व अध्यक्ष राम चंद्र तिवारी, उमाकांत तिवारी, सुरेन्द्र कुमार दुबे, बीजी पाण्डेय, शेखर द्विवेदी, केपी सिंह, एसके त्रिपाठी, मोती लाल कुशवाहा, ललन कुमार तिवारी, विजय बहादुर सिंह, रोहिणी तिवारी, आडिटर यादवेन्द्र अहीर, अधिवक्ता बेद प्रकाश शुक्ल, रविशंकर यादव, विनोद उपाध्याय, शशि शेखर पाण्डेय, मुनि महेश तिवारी, आरपी सिंह कुशवाहा, निशा श्रीवास्तव आदि वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जीके सिंह ने किया।

# स्कूल गेट पर अभिभावक ने चलाई गोली

संवाददाता, नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचारः** सोमवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे को लेने पहुंचे अभिभावक ने गेट पर मौजूद गार्ड से पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान अभिभावक ने पिस्टल निकाल कर गार्ड पर गोली चला दी। हालांकि गोली गार्ड को नहीं लगी। घटना के दौरान स्कूल में रहे बच्चों में अफरा तफरी मच गई। टीचर और प्रबंधक भी गेट पर पहुंचे गए। प्रबंधक ने तत्काल पुलिस को सूचना कर दी। पुलिस ने अभिभावक को गिरफ्तार कर थाने उठा लाई। प्रबंधक की तहरीर पर अभिभावक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक नैनी

**सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किया गिरफ्तार**

कोतवाली क्षेत्र के धनुआ, सीओडी निवासी वेद प्रकाश दुबे प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। जबकि उनके बच्चे एफसीआई रोड पर स्थित सेमेस्टार ग्लोबल स्कूल में पढ़ते हैं। सोमवार दोपहर को विद्यालय का छुट्टी होने पर वह बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे थे। वेद प्रकाश दुबे अपना वाहन को स्कूल के अंदर ले जाना चाहता था। गेट खोलने के लिए कहा तो गार्ड ने साफ मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच जमकर कहासुनी हो गई। बात आगे बढ़ी तो मनबढ़ प्रॉपर्टी डीलर वेद प्रकाश दुबे ने कमर में लगी पिस्टल निकाल कर गार्ड पर फायरिंग कर दी। हालांकि गार्ड गोली से बाल बाल बच गया, लेकिन स्कूली बच्चों में दहशत फैल गई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्तौल और कुछ कारतूस भी बरामद करते हुए कब्जे में ले लिए। वहीं स्कूल के मैनेजर ज्ञानेश्वर प्रसाद तिवारी की तहरीर मिलने पर नैनी कोतवाली में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। इस संबंध में डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि स्कूल में बच्चें को लेने पहुंचे अभिभावक और मौजूद गार्ड के बीच पार्किंग को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद अभिभावक ने गोली चला दी प्रबंधक की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# एसडीएम व सीओ ने भूमि विवाद का कराया समाधान

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचारः** लालगंज थाना क्षेत्र के नैड़ी कठारी गांव में सोमवार को एसडीएम गुलाब चंद्र व सीओ अमर बहादुर, थानाध्यक्ष संजय सिंह के साथ मौके पर पंहुचकर भूमि विवाद का समाधान कराया गया।


नैड़ी कठारी गांव निवासी अवधेश प्रताप सिंह ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि मेरे आराजी नंबर में उमाशंकर आदि ने कब्जा कर हाईवे पर कई मकान व राइस मिल बना लिए हैं। मेरे जमीन के बदले एक समझौता के तहत अपनी बैनामा वाली भूमि खेती करने के लिए दिए थे। बीते 8 जुलाई को अपने खेती की जुताई करा रहा था। उपरोक्त लोग लाठी डंडे लेकर मारपीट कर घायल कर दिया, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसडीएम न्यायालय में भूमि का स्थगन आदेश भी पारित किया है। इसके बाद भी मकान निर्माण कार्य करा लिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर सीओ लालगंज के साथ पंहुचकर दोनों पक्षों के समक्ष समाधान करा दिया है। इस संबंध में एसडीएम ने बताया कि भूमि विवाद के मामले के निस्तारण के लिए सीओ, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी बरौंधा व पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पंहुचकर मामले का निस्तारण करा दिया गया है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' का हो प्रचार : सीडीओ

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद एवं ब्लाक स्तर के समस्त अधिकारियों ने प्रतिभाग किया तथा इस बैठक में विभिन्न संस्थाओ एवं एनजीओ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहें।

बैठक में शासन द्वारा वृक्षारोपण महाभियान-2024 के अन्तर्गत संशोधित लक्ष्य 36.50 करोड पौधरोपण के सापेक्ष जनपद में विभिन्न विभागों को आवंटित नये



लक्ष्यों की तैयारी की समीक्षा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने नये आंवटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधों का उठान 16 जुलाई 2024 तक पूर्ण करा लें। प्रभागीय वनाधिकारी ने पौधों को सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने 20 जुलाई रोपण दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया। बैठक में पौधरोपण की सेल्फी 'मेरी लाईफ' पोर्टल पर अपलोड करें। जन सामान्य में 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। वृक्षारोपण के साथ-साथ वृक्षों की सुरक्षा पर भी समुचित ध्यान दें।

## करंट लगने से युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव में सोमवार को घर के अंदर कार्य करते समय अचानक करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के सोठिया कला गांव निवासी राजबहादुर उर्फ भोले मौर्य सोमवार को घर के अंदर कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उपचार के दौरान सोमवार की शाम युवक की मौत हो गई।

# समाज को संजोने वाले अद्भुत क्षमता के धनी हैं प्रमोद : तनुज पुनिया

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचारः** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की पूर्व बेला पर सदभावना सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केक काटकर प्रमोद तिवारी के दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा लिखी गयी पुस्तिका अभिनव विकास प्रमोद का रामपुर खास का भी विमोचन किया।

सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि प्रमोद तिवारी अद्भुत क्षमता के धनी हैं। वह समाज के सभी वर्गो को एक



लालगंज में अभिनव विकास पुस्तिका का विमोचन करते बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया।

साथ लेकर चलते हैं। विधानसभा और संसद में प्रमोद तिवारी की आवाज जनता के मुददों पर सच बोलने की आवाज हुआ करती है। उनकी विशिष्टता है कि वह आज संसद में जब भी बोला करते हैं सभापति के आसन से उनके भाषण पर कोई रोक टोक नहीं हुआ करती। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के भी प्रदेश की जनता की आवाज उठाने मे दिये जा रहे योगदान को संघर्ष की बडी ताकत कहा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी के प्रतिनिधि संतोष

**प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आयोजित सद्भावना सभा मे पहुंचे सांसद तनुज पुनिया**

द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र ने मुख्य अतिथि का प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्रम प्रदान कर सारस्वत सम्मान किया।

अध्यक्षता सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संयोजन कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संचालन सह संयोजक एवं अधिवक्ता विकास मिश्र ने किया। स्वागत प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने आभार व्यक्त किया।लोक गायक श्रीकांत, प्रेमचन्द्र व प्राची शुक्ला ने विनय शुक्ला ने गीतों एवं लोकगायक अमर बेदर्दी ने सोहर की प्रस्तुति दी। विधायक आराधना मिश्रा मोना के निर्देशन में मुख्यअतिथि व कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान डा. प्रशान्तदेव शुक्ल, इरफान अली, अरूण पाण्डेय, महेन्द्र शुक्ल, केडी मिश्र, दृगपाल यादव, लालजी यादव, विभवभूषण शुक्ल, रामकृपाल पासी, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, डा. अमिताभ शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, महासचिव रवीन्द्र मिश्र, रिंकू सिंह परिहार, रघुनाथ सरोज, अरविन्द सिंह, लल्लन सिंह, डॉ. डीपी ओझा, इं. सुनील पाण्डेय, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, डॉ. नागेन्द्र अनुज समेत लोग मौजूद रहे।

### प्रमोद के जन्मदिन पर आज होंगे विविध आयोजन

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर मंगलवार 16 जुलाई को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विविध कार्यक्रम होंगे। सुबह आठ बजे लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर हवन पूजन, साढ़े नौ बजे अस्पतालों मे फल वितरण कर प्रमोद तिवारी के दीर्घायु होने की मंगलकामना की जाएगी। संयोजक ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि बाबा घुइसरनाथ धाम में सामूहिक प्रार्थना के साथ लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर शाम पांच बजे से सामूहिक संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ का कार्यक्रम भी होगा।

## एक नजर

### कादीपुर में वारंटी गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कोतवाली के राघवपुर गांव के रामरूप पुत्र सोनई के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने रामरूप को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### अयोध्या में भी उठी परशुराम चौक बनाने की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक अयोध्या में राम वनपथ मार्ग पर पड़ने वाले चौराहा रिकाबगंज का नाम बदलकर परशुराम चौक करनी की मांग उठाई है। संगठन ने सुलतानपुर मे परशुराम चौक का डीएम आवास के पास जो कि रामवनगमन मार्ग पर है, उसका नाम नगर पालिका की बोर्ड में परशुराम चौके नाम से पास हो गया है। संगठन अयोध्या में अपना कार्य 7 माह पूर्व संगठन का बिस्तार चालू किया है। जिसमे ब्राह्मण बंधुओ मे काफी उत्साह है। संगठन से जुड़ कर समाज हेतु कार्य करने की इच्छा जताई। संगठन के जिला उपाध्यक्ष उमंग तिवारी के नेतृत्व में नगर महापौर को ज्ञापन दिया।

### मेडिकल स्टोर का दरवाजा तोड़कर हजारों की चोरी



**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर बाजार कस्बा स्थित चंद्र बली मेडिकल स्टोर में रविवार देर रात चोरी हो गई। पीड़ित कमलेश द्विवेदी ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे दूकान बंद करके अपने घर अमेठी जिले के शाहगढ़ चले गये थे। सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे जब दुकान खोलने आये तो दरवाजा टूटा मिला। दूकान में जाकर देखा तो गल्ले से आठ-दस हजार रुपये गायब थे। चोर दुकान से नकदी चुराकर फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पर नामजद तहरीर देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

## ऑनलाइन हाजिरी का विरोध तेजः शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने बनाया है संयुक्त मोर्चा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं के बिना ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक बताते हुए शिक्षकों को विरोध तेज होता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को तिकोनिया पार्क में धरना दिया है। हजारों की संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के माध्यम से सात सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है।

शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं अनुचरों के ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बीते सोमवार से ही काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों अटेवा, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एवं कर्मचारियों का एक संयुक्त मोर्चा बनाते हुए डिजिटल हाजिरी से सम्बंधित होने वाली विभिन्न समस्याओं पर विचार करने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पांडेय एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सरकार समस्त बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की 17140, 18150 की वेतन विसंगति, शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों को समान कार्य के लिए समान वेतन, 31 ईएल, 15 हॉफ डे सीएल, कैशलेस मेडिकल सुविधा, पुरानी पेंशन सहित कई मांगे कई वर्षों से ठंडे बस्ते में डाल दिया है। समस्त कार्य अभी तक शिक्षकों के व्यक्तिगत मोबाइल से जबरदस्ती करा रही है। आए दिन नए नए प्रयोग विद्यालयों में किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों की मूलभूत आवश्यक शिक्षण व्यवस्था में सभी ऑनलाइन करके व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में उपस्थिति संबंधित व्यावहारिक आदेश वापस लिया जाए, अन्यथा प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। जिला मंत्री दिनेश उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त मोर्चा ने प्रदर्शन करते हुए 7 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि संदीप वर्मा सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष ने समस्त एसआरजी, एआरपी, प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षक संकुल आह्वान किया है कि 16 जुलाई को कोई भी डीसीएफ नहीं भरेगा।

मोर्चा के सह संयोजक एवं मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि सभा को संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष मालती सिंह, प्रदेश मंत्री अनिल, योगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विनय पाण्डेय, मांडलिक मंत्री अयोध्या शमीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, वैभव भटनागर, आदर्श शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा, महामंत्री प्रदीप यादव, प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जूनियर संघ दूबेपुर अध्यक्ष राजीव मिश्र, अटेवा के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी व श्रद्धा सिंह आदि ने संबोधित किया।



ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कलेक्ट्रेट गेट के पास प्रदर्शन करते हुए संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी व शिक्षकगण। अमृत विचार



डिजिटलीकरण के विरोध में बीएसए कार्यालय पर ज्ञापन देते प्राशिसं के पदाधिकारी। अमृत विचार

### बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर :** बीएसए कार्यालय के समक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों समेत हजारों आक्रोशित शिक्षक सोमवार को पहुंचे। यहां डिजिटलीकरण उपस्थिति व्यवस्था वापस लेने समेत अन्य मांगों को लेकर प्रभारी बीएसए को ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि लंबित विभिन्न समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया। यहां जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय, मंत्री हृषिकेश भानु सिंह, मीडिया प्रभारी निजाम खान, जिला संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र नारायण मिश्रा, अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव समेत अन्य रहे।

# संजय सिंह के मामले में सुनवाई टली

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पर विचाराधीन आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में मौका लिए जाने के कारण सुनवाई 25 जुलाई के लिए टल गई है।

आम आदमी पार्टी के सासंद संजय सिंह व उनके 12 समर्थकों पर 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज कराया था। सभी पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान हसनपुर में आम आदमी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम पत्नी मक़सूद अंसारी के पक्ष में बिना अनुमति जनसभा करने का आरोप है। मुकदमे में बीते सप्ताह सांसद संजय सिंह ने विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में हाजिर होकर जमानत कराई थी, जबकि आरोपी मकसूद, सिकंदर, शहबान, इन्द्रीश, अजय गौड़, धर्मराज, जगदीश प्रसाद, सुकई, सलीम, जलील, जीसान और मोहम्मद सलाम पहले से जमानत पर हैं।



▸▸ आप सांसद पर चल रहा आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला

### दुराचार के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**सुलतानपुर :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व घर में सोई युवती से दुराचार करने के आरोपी चन्द्रमौली की जमानत जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक 21 नवंबर 2020 की रात घर में सोई युवती से वृषकेतु, चन्द्रमौली व दिनमणि मिश्र ने कट्टे व बन्दूक के बल पर गैंगरेप किया तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी चन्द्रमौली की जमानत पर हुई सुनवाई में जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद आरोपी चंद्रमौली मिश्र की जमानत खारिज कर दी।

## रेप व हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

▸▸ एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कोतवाली पुलिस ने युवती के साथ दुराचार कर हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिए जाने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बीते बृहस्पतिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती को घर से बुलाकर उसके साथ दुराचार करने के बाद उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंके जाने के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर गांव के ही विकास पांडेय के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को आरोपी विकास पांडेय को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर संदेह के आधार पर पूछ ताछ करने के लिए पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति को हिरासत में लेने के विरोध में रविवार को रात में गांव के कुछ लोगों ने गांव से मुख्य सड़क पर मिलने वाली सड़क पर जाम लगाने की तैयारी कर रहे थे। तभी इसकी भनक पुलिस को लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंडा पटक कर भीड़ को तीतर वितर कर दिया। भीड़ की तरफ से पुलिस टीम पर ईट पत्थर भी फेके गए, किंतु किसी को लगा नहीं। मृतका के घर पूर्व विधायक भगेलू राम सहित राजनीतिक दलों के नेताओं ने जाकर संवेदना व्यक्त की है। सोमवार को क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजेश गौतम ने निरीक्षण गृह में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को बुलाकर मामले में निष्पक्ष जांच करने का निर्देश दिया है।

## सीडीओ ने दी काम में सुधार लाने की चेतावनी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान की द्वितीय समीक्षा बैठक में अभियान के प्रति उदासीन अधिकारियों को अपने में सुधार लाने की चेतावनी दी। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का कार्य राज्य स्तर से कम पाया गया, इसके साथ ही साथ पशुपालन विभाग का भी कार्य कम पाया गया है। दोनों अगले सोमवार तक अपने कार्यों में सुधार लाएं। विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में अभियान के कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। यहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी, जिला मलेरिया अधिकारी बंसीलाल, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला व अन्य रहे।

## साक्ष्य के अभाव में दो आरोपी बरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के गंगेव दहलवा में पांच साल पूर्व घर में घुसकर मारपीट, अपमानित करने व हत्या की धमकी देने के दो आरोपियों को कोर्ट मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने सभी आरोपों से बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय के मुताबिक गंगेव दहलवा निवासी नजमा ने दोस्तपुर थानाक्षेत्र के नई बस्ती निवासी जावेद खान, खुर्शीद खान और अफसाना पर 6 जून 2019 की शाम चार बजे की घटना दिखाते हुए केस दर्ज कराया था। दौरान विवेचना पुलिस ने मात्र जावेद खान और खुर्शीद खान पर आरोप पत्र कोर्ट भेजा। कोर्ट ने विरोधाभासी बयान दिए जाने के कारण दोनों आरोपियों को बरी कर दिया।

# धर्म दर्शन

## माघ


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्रीवर्मलनरेश के प्रधान-अमात्य के पौत्र थे, माघ! शिशुपालवध महाकाव्य के रचयिता। दानशील इतने कि एक दिन पास में एक मुद्रा भी नहीं रही। इस स्थिति में एक ब्राह्मण आया, बोला, पुत्री की शादी करनी है। आपसे याचना करने आया हूं। अब माघ क्या करते? याचक खाली हाथ जाय, यह भी तो ठीक नहीं। पत्नी सो रही थी। चुपचाप उसके एक हाथ का कंगन निकाल लिया। पत्नी जग गयी। क्या बात है? माघ बोले, चोरी करने आया था, चोरी कर ली। पत्नी ने पूछा तो सारी बात बता दी। पत्नी ने कहा कि फिर एक ही कंगन क्यों? दूसरा भी दीजिए। प्रसन्नता से दे रही हो न? हां। माघ ने दोनों कंगन ब्राह्मण को दे दिए। ब्राह्मण बोला। आपका काव्य आपको अमर रखेगा। माघ ने पूछा, क्या आपने पढ़ा है? हां! उसमें कोई दोष? वह दोष भी गुण ही सिद्ध होगा। माघ समझ गए कि यह ब्राह्मण भी कोई असाधारण विद्वान ही है। उसी मनस्थिति में माघ ने लिखा था। अर्थाः न सन्ति न च मुंचति मां दुराशा, त्यागान्न संकुचति दुर्ललितं मनो में। यांच्या च लाघवकरी स्ववधे च पापं, प्राणाः स्वयं व्रजत किन्नु विलंबितेन। धन तो पास में है नहीं लेकिन दुराशा ने मुझे छोड़ा भी नहीं है। मेरा लाड़ से भरा हुआ मन त्याग से संकुचित भी नहीं हुआ। किसी से मांगू तो यह गौरव की क्षति है, आत्महत्या करूं तो यह पाप है, अरे मेरे प्राण, तुम अब स्वयं ही क्यों नहीं निकल जाते? क्यों देर कर रहे हो ?

## पतित पावनी मां सरयू




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक


सरयू की निचली धारा नेपाल के ब्रह्मदेव मण्डी के पास पहुंच अपना नया नाम शारदा प्राप्त करती है। यहां निर्मित बांध ही "शारदावैराज" के नाम से प्रसिद्ध है। यदि कुमायूं वासियों तथा लौकिक बोली की 'सरजू' या हमारी सरयू की गहराई से छान-बीन की जाय तो बागेश्वर नगर के पास यह गोमती से संगम करती है। इसी संगम पर बागनाथ का प्राचीन मंदिर है। भगवान बागेश्वर नाथ (शिव) के नाम पर ही इस शहर का नामकरण हुआ है। बागेश्वर से नीचे उतरने के बाद सरयू में इसमें क्रमशः भ्रापदीगाड, चौगरखा कीघाटगाड, जालौरगाड,भौरगाड, अलकनंदी, गनियागाड और पनार जैसी छोटी नदियों (आजकल के मैदानी नाले जैसी) विलीन हो जाती हैं। यों तो हर संगम स्थानीय लोगों के लिए पवित्र होता है, किन्तु रामेश्वर नामक स्थान पर सरयू से लगभग तिगुना अधिक जलराशिवाली राम गंगा नदी का मिलन होता है। सुन्दर और मनोहर वनों, घाटियों और गांवो से गुजरती, सरयू लगभग 145 किलोमीटर की यात्रा के बाद 'पंचमेश्वर' में महाकाली या काली नदी में समा जाती है। महाकाली, काली, काली गंगा एवं नेपालियों की कर्णाली या कर्नाली नदी, चीन अधिकृत तिब्बत के पठार में हिमालय के उत्तरी ढलानों से निकल कर के भारत-नेपाल की सीमा रेखा बनाती ब्रह्मघाट नामक स्थान पर उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश और नेपाल की सीमा पर शारदा नाम धारण कर लेती है। इसका दो तिहाई भाग जहां उत्तराखण्ड या उतरांचल मे पड़ता है, वहीं मात्र लगभग एक तिहाई नेपाल में पड़ता है। बनबसा के निकट नेपाल, उत्तरप्रदेश और उत्तराखण्ड/उतरांचल की सीमा पर यह नदी विद्या की देवी के नाम पर कुछ समय और दूरी के लिए 'शारदा' नामधारी बन जाती है। शारदाही उत्तरप्रदेश में प्रवेश करते ही अंग्रेजों के दिए नाम घाघरा से पहाचानी जाने लगती है।

बनबसा स्थित शारदा बैराज का निर्माण सन 1928 में तत्कालीन अंग्रेज़ी सरकार के समय में, उत्तर प्रदेश में सिंचाई हेतु किया गया। यही बांध या बैराज भारत और नेपाल के बीच आवागमन का प्रमुख सेतु बना। 96 साल पुराना यह बैराज वर्षों से अपने नवीनीकरण की आस लगाए हुए है। बहराईच जनपद में पहुंचते-पहुंचते घाघरा पुनः 'सरयू' अथवा 'सरजू' कहलाने लगती है। बहराईच, गोण्डा, अयोध्या, फैजाबाद तथा बस्ती और अंबेडकर नगर के जनमानस के लिए पतित पावनी सरयू, मऊ, देवरिया बलिया में शोर करती घर्घर निनादिनी "घाघरा" के नाम से जानी जाने वाली सरकारी अभिलेखों की तीन देशों (तिब्बत, भारत और नेपाल) से होकर बहने वाली घाघरा, किन्तु उत्तर प्रदेश-बिहार के धर्म प्राण हिन्दुओं के लिए तो "रामप्रिया" सरयू उ.प्र. की पूर्वी तथा बिहार की पश्चिमी सीमा सारन छपरा पर गंगा मे विलीन हो जाने वाली घाघरा, अपने तट पर अयोध्या के अतिरिक्त "दोहरी घाट" जैसी पावन स्थली की भी धारिका है। इस पौराणिक अनश्रुति से बहुत कम लोग परिचित हैं कि 'दोहरी घाट' वह पवित्र स्थान है, जहां विदेहराज के धनुष यज्ञ में सफलता प्राप्ति के बाद महादेवी सीता आदि अन्य विदेह कन्याओं एवं बारातियों के साथ लौटते श्रीहरि विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम एवं छठवें अवतार भगवान परशुराम की भेट और विवाद हुआ था। जनपद मऊ से लगभग 45 कि.मीटर दूर स्थित दोहरी घाट घाघरा या सरयू का तटवर्ती अति प्राचीन कस्बा है जो अपने अति प्राचीन मान्य "श्री गौरी-शंकर मन्दिर" के लिए प्रसिद्ध है। कुछ समय पूर्व ही, दोहरीघाट में गौरी शंकर घाट के निकट सरयू नदी से चांदी या रजत निर्मित एक सुन्दर शिवलिंग की प्राप्ति हुई है। इस भव्य शिवलिंग का वजन पचास किलो से भी अधिक बताया जाता है। उक्त शिवलिंग को स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षित रखा गया है। पास ही में 'जानकी मंदिर' भी है। शिवरात्रि के दिन यहां पर सदियों से एक भव्य मेले का आयोजन होता रहा है। इस अवसर पर हजारों शिवभक्त जलाभिषेक करते है। इस प्रकार सरयू को दिया भगवान शिव का शाप यहां आते-आते आशुतोष भगवान शिव की कृपा से स्वत :समाप्त हो जाता है।

## वर्ग पहेली-132

**बाएं से दाएं**
2. 1. एक प्रसिद्ध औषधि 2. रसौत, रसांजन।
4. आधा पागल, लगभग मूर्ख।
6. माल ढोने वाला, माल ले जाने वाला।
8. 1. सोच, चिंता 2. गरज़, ध्यान, ख़याल।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. घने और लंबे बालों वाली दाढ़ी 2. बड़ा दांत।
3. 1. सटपट की ध्वनि 2. संकोच और घबराहट की स्थिति।
4. एक पौधा जिसकी जड़ रेशम पर रंग चढ़ाने के काम आती है।
5. 1. डंडा, बांस की लंबी लकड़ी, लट्ठ 2. बड़ा डंडा 3. 4. सहारा
7. लाल या पीले रंग का चींटा जो प्राय: झुंड में पेड़ों के पत्तों में झोंझ बनाकर रहते हैं, कपिला।




### वर्ग पहेली -131 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 ढी | | | 2 ज़े |
| | 3 आ | ल | ता | | र |
| | रो | | | 4 ल | |
| 5 अ | प | मा | 6 नि | त | |
| | फ | | 7 क | री | 8 ब |
| | ल | | र | | सं |
| 9 सं | क | र | | | ती |

## सुडोकू -45

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | | | 8 | 5 |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 3 | | 2 | | | 7 | | 9 |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | 4 | 9 | | | | 8 | 1 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | 1 | | | 9 | | 3 | |
| | 2 | 6 | | 1 | | 5 | | |
| 3 | 9 | | | | 4 | | 7 | |

### सुडोकू -44 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08 .33 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- विशाखा 17 जुलाई 02 .14 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज प्रेम संबंधों में आरोप प्रत्यारोप जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। शांतिपूर्वक विवादों को सुलझाएं। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के मध्य दांपत्य सुख में कमी का आभास हो सकता है। पारिवारिक दायत्व को निभाने की कोशिश करें।

**वृष** – आज किसी साथी से मनोबल पा कर आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने के योग हैं। किसी प्रियजन का शुभ समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी के प्रति आकर्षण का भाव रहेगा। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज प्रेम संबंधों में निकटता आयेगी। पति-पत्नी के मध्य आपसी समझ विकसित होने से संबंधों में सुधार होगा। ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्यक्रम का आमंत्रण प्राप्त होगा। माता-पिता से सहयोग एवं सानिध्य पाकर खुद को अभिभूत महसूस करेंगे।

**कर्क** – आज प्रेम संबंधों में आया तनाव दूर होगा। संबंधों में निकटता बढ़ेगी। प्रेम संबंध में दांपत्य जीवन में विशेष आकर्षण रहेगा। पति-पत्नी सुखद एवं आनंददायक समय व्यतीत करेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा। कार्य क्षेत्र में सहयोगियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा।

**सिंह** – आज संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा। प्रेम संबंधों में निकटता आएगी। माता-पिता से प्रेम विवाह की बात करना सार्थक सिद्ध होगा। गृहस्थ जीवन में पति पत्नी एक दूसरे के प्रति विशेष आकर्षण का भाव रहेगा।

**कन्या** – आज संतान के कारण मन खिन्न रहेगा। माता-पिता को लेकर परिवार में वाक युद्ध हो सकता है। आपको अपनी वाणी एवं क्रोध पर संयम रखना होगा। किसी पुराने मित्र को कोई तकलीफ होने से आपका मन अशांत बना रहेगा।

**तुला** – आज आपको अपने क्रोध व वाणी पर संयम रखना होगा। प्रेम संबंधों में आई दूरियां समाप्त होगी। विवाह योग्य लोगों को अपनी विवाह से संबंधित कार्य में आने वाली विभिन्न बाधाओं को लेकर चिंता बनी रहेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति करने हेतु अपने घर से दूर जाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। अपने मित्र को कोई विशेष उपहार देंगे। जिससे आपके संबंध और मजबूत बनेंगे। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर उलझने बढ़ेगी। अपने व्यक्तिगत मतभेदों को स्वयं हल करने की कोशिश करें।

**धनु** – आज मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में परस्पर मतभेद करने से तनाव बढ़ सकता है। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्यक्रम का आमंत्रण प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों में आपको नवीन दायित्व मिल सकते हैं। जिससे आप भावुक हो सकते हैं।

**मकर** – आज अपने खास मित्रों के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ किसी पर्यटक स्थल की यात्रा पर जाने की योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में पति-पत्नी के बीच गलत फहमी हो सकती है। बातचीत के दौरान सतर्क रहें। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – आज प्रेम संबंधों में व्यर्थ तर्क वितर्क से बचें। अन्यथा बात बिगड़ जाएगी। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक समस्याओं को लेकर आपसी मतभेद हो सकते हैं। परिवार में किसी बाहरी व्यक्ति के कारण तनाव उत्पन्न हो सकता है। किसी प्रियजन का घर से दूर जाना हो सकता है।

**मीन** – आज साथी से प्रेम प्रस्ताव मिलने के संकेत मिल रहे हैं। पूर्व से चले आ रहे प्रेम प्रसंग में सुख एवं आनंददायक समय व्यतीत करेंगे। अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। प्रेमी वर्ग में खुशियों का संचार होगा। दांपत्य जीवन में जीवनसाथी से प्रेम एवं सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- कृष्णा अर्जुन – सुबह : 11 .53
- सिंह इज किंग – शाम : 05 .55

**&pictures**
- हसीना मान जाएंगी – सुबह : 10 .49
- लिंगा – रात : 07 .30

**SONY PIX**
- 2012 – सुबह : 10 .52
- द मैकेनिक – रात : 07 .20

**ZEE CINEMA**
- धमाल – सुबह : 11 .56
- पथु थल – रात : 08 .30

**colors CINEPLEX**
- आंदोलन – सुबह : 08 .33
- वेलकम – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू- अगर नारियल के पेड़ पर चढ़ जाऊं,
तो क्या इंजीनियरिंग कॉलेज की लड़कियां दिख जाएंगी
बंटी- जरूर और हाथ छोड़ दोगे तो मेडिकल कॉलेज की लड़कियां भी दिख जाएंगी।

पापा- नालायक, तूने मम्मी से ऊंची आवाज में बात की।
बेटा- मुझे पता है पापा आपको जलन हो रही है।
पापा- नहीं, मुझे कैसी जलन।
बेटा- क्योंकि आप ऐसा नहीं कर सकते।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल :** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति :** बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,250 |
| सोना रवा | 73,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# देश का निर्यात 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पर, व्यापार घाटा भी बढ़ा

## कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक से आयात में 5% की बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात की तुलना में आयात अधिक बढ़ने से व्यापार घाटा जून में 20.98 अरब डॉलर पर था

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद जून में भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.56% बढ़कर 35.2 अरब डॉलर हो गया जबकि इस महीने आयात भी बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक बढ़ने से जून में आयात में 5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 56.18 अरब डॉलर हो गया।

निर्यात की तुलना में आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा जून में बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में व्यापार घाटा 19.19 अरब डॉलर था। मई में वस्तु निर्यात 9.1% बढ़कर 38.13 अरब डॉलर था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पहुंच था। कुल मिलाकर, इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में वस्तु निर्यात 5.84% बढ़कर 109.96 अरब डॉलर हो गया जबकि इसी अवधि में आयात 7.6% बढ़कर 172.23 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-जून, 2024 में व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 56.16 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 62.26 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि देश से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर से आगे निकल सकता है। 2024-25 की पहली तिमाही में वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 200 अरब डॉलर रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय निर्यात को बढ़ावा देने के लिए छह प्रमुख क्षेत्रों (इंजीनियरिंग, कपड़ा और परिधान, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवा, रसायन एवं प्लास्टिक और कृषि) और 20 देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जून में कच्चा तेल आयात 19.62% बढ़कर 15 अरब डॉलर रह। तिमाही में ये 23% बढ़कर 51.5 अरब डॉलर हो गया।

# खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले बैंकों को कर्जदार का जानना होगा पक्ष

मुंबई, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों पर निर्देश में किया संशोधन

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों को शामिल करने के लिए मूल दिशानिर्देश में संशोधन किया। कोर्ट ने अपने आदेश में बैंकों से खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले कर्जदारों की बात सुनने के लिए कहा था।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर तीन संशोधित मूल दिशानिर्देश सिद्धांत-आधारित हैं। ये संचालन व्यवस्था और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन की निगरानी में निदेशक मंडल की भूमिका को मजबूत करते हैं। आरबीआई ने कहा कि मूल निर्देशों में जरूरी है कि केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाली इकाइयां (विनियमित संस्थाएं) सुप्रीम कोर्ट के 27 मार्च, 2023 के फैसले को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों/संस्थाओं के खातों को धोखाधड़ी की श्रेणी में रखने से पहले समयबद्ध तरीके से प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

एसबीआई बनाम राजेश अग्रवाल मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने किसी खाते को धोखाधड़ी की श्रेणी में डालने से पहले कर्ज लेने वाले की बातों को सुनने के अधिकारों की वकालत की। बयान के अनुसार, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के तहत कर्जदारों को नोटिस दिया जाना चाहिए, फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के निष्कर्षों को समझाने का अवसर दिया जाना चाहिए और उनके खाते को मास्टर निर्देशों के तहत धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने से पहले संबंधित बैंकों को उन्हें अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। आरबीआई ने कहा कि उसके दायरे की इकाइयों में धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों व पर्यवेक्षकों को समय पर सूचना देने के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) और खातों में गड़बड़ी में अवगत कराने को लेकर चीजें और दुरुस्त की गई हैं। निर्देश में वित्तीय संस्थानों में मजबूत आंतरिक लेखापरीक्षा और नियंत्रण ढांचा स्थापित करने की जरूरत भी बतायी गयी है।

# बीएसई की कंपनियों की पूंजी हुई 455 लाख करोड़

- निवेशकों की संपत्ति में 3.85 लाख करोड़ का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सोमवार को 455 लाख करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है।

बाजार में तेजी से कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 4,55,06,566.48 करोड़ के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बाजार की दो दिन की तेजी में निवेशकों की संपत्ति में 3.85 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया है। वहीं कारोबारी सत्र के दौरान भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, मारुति और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### बजट को लेकर सकारात्मक रुख से बाजार में तेजी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है। साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शुरुआती परिणाम के साथ पीएसयू सचकांक में मजबूती आई है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इंडियन ओवरसीज बैंक 7.35 प्रतिशत चढ़ा। केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियनन बैंक में भी तेजी रही। मझोली कंपनियों के शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई मिडकैप 0.95 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# अडाणी समूह पर फैसले की समीक्षा से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जांच सीबीआई को सौंपने से मना करने की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका की रद

उच्चतम न्यायालय ने अडाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने 5 मई के अपने आदेश में कहा था कि समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं है।

पीठ नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा याचिका खारिज की जाती है। इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। इसके पहले इस साल तीन जनवरी को शीर्ष अदालत ने शेयर कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था।

पीठ ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की व्यापक जांच कर रहा है और इसका आचरण भरोसा जगाता है। याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में त्रुटियां थीं और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे।

### एजीआर के बकाया की खामियों पर सुनवाई करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित बकाया में कथित त्रुटियों को सुधारने की दूरसंचार कंपनी की याचिका को विचार के लिए सूचीबद्ध किए जाने संबंधी दलीलों पर सोमवार को गौर किया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता हरीश साल्वे की दलीलें सुनीं। कंपनी ने कहा कि एजीआर बकाया में कथित त्रुटियों को ठीक करने की मांग करने वाली पिछली याचिकाओं को खारिज करने के खिलाफ दायर उपचारात्मक याचिका को अभी तक पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### ट्रेन से टकराने से बाघ की मौत, दो शावक घायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी रेलवे स्टेशन के पास मिडघाट पर आज ट्रेन से टकराने से एक बाघ की मौत हो गई और दो शावक घायल हो गए। रेंजर महिपाल सिंह के अनुसार बुधनी रेलवे स्टेशन के पास तीसरी रेलवे लाइन पर ट्रेन से टकरा कर एक बाघ की मौत हुई है, जबकि दो शावक घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर फॉरेस्ट की टीम मौके पहुंची। सिंह ने कहा कि रेस्क्यू टीम और चिकित्सकों का अभी इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रेन से टकराकर कई वन्य जीव मौत की आगोश में जा चुके हैं। इसको देखते हुए पूर्व में ट्रेन के ट्रैक किनारे फेंसिंग लगाने का केंद्र सरकार ने फॉरेस्ट विभाग से कहा था।

### सुरक्षा बलों ने जम्मू, डोडा रियासी में ली तलाशी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू, डोडा और रियासी जिलों में सोमवार को कुछ संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि एक ग्रामीण ने तीन लोगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी थी जिसके बाद सोमवार को तड़के जम्मू के अखनूर सेक्टर में लोअर घरोटा, थाथी और आसपास के इलाकों में पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों ने संयुक्त अभियान चलाया। दो घंटे से अधिक समय के अभियान के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। डोडा जिले के कोटी वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने सेना की सहायता से सुबह करीब साढ़े नौ बजे घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान जारी है, लेकिन अभी तक आतंकवादियों की मौजूदगी का पता नहीं लगा है।

# प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा रोजगार की स्थिति गंभीर : कांग्रेस

## सरकार ने महिलाओं के अवैतनिक घरेलू काम को भी रोज़गार के रूप में किया दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- महासचिव रमेश ने कहा- मोदी ध्यान भटकाने और वास्तविकता से इनकार करने में लगे हैं

कांग्रेस ने देश में आठ करोड़ नौकरियों के सृजन से संबंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने तथा ध्यान भटकाने का काम किया है, जबकि हकीकत यह है कि रोजगार के मोर्चे पर स्थिति गंभीर है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार की तरफ से जिस रोज़गार वृद्धि का दावा किया जा रहा है उसमें महिलाओं के किए जाने वाले अवैतनिक घरेलू काम को भी रोज़गार के रूप में दर्ज किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में कार्यक्रम में कहा था कि आरबीआई के अनुसार, आठ करोड़ नौकरियां उपलब्ध हुईं जिसने बेरोजगारी पर फर्जी बातें फैलाने वालों की बोलती बंद करा दी। रमेश ने कहा, हर नौकरी के लिए लाखों युवा आवेदन कर रहे हैं, मोदी ध्यान भटकाने व वास्तविकता से इंकार करने में लगे हैं।

### महंगाई को लेकर मोदी पर तीखा हमला

कांग्रेस ने महंगाई को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब का निवाला छीनकर अपने दोस्तों को देते हैं इसलिए महंगाई से पीड़ित गरीब की तकलीफ से उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। जनता पर महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला। सब्जियों से लेकर खाने की वस्तुओं में बेतहाशा महंगाई दर्ज हुई है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा, खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.68% बढ़ी है जबकि दालों की महंगाई 21.64% और सब्जियों की महंगाई 38.76% तक बढ़ चुकी है।

### नेताओं की सुरक्षा को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए

कांग्रेस ने भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाने के बाद सोमवार को कहा कि नेताओं की सुरक्षा के मुद्दे पर घटिया राजनीति नहीं होनी चाहिए। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और पूरे गांधी परिवार के खिलाफ झूठ फैलाकर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व के विरुद्ध लोगों को भड़का रहे हैं।

# ट्रेनी आईएएस खेडकर के माता-पिता का पता नहीं लगा पाई पुणे पुलिस

- पिस्तौल से धमकाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुणे, एजेंसी

पुलिस विवादों में घिरी परिवीक्षाधीन (ट्रेनी) आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता से भूमि विवाद को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मामले में अभी तक संपर्क नहीं कर पाई है। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पूजा की मां मनोरमा द्वारा किसान को पिस्तौल दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनके और पति दिलीप के अलावा पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

अधिकारी ने बताया कि पुणे ग्रामीण पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के साथ एक दल शहर के बानेर रोड स्थित मनोरमा व दिलीप के बंगले पर पहुंचा था लेकिन दरवाजे बंद थे। पुलिस पुणे और अन्य इलाकों में तलाशी ले रही है। पौड पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है, लेकिन खेडकर दंपति पूछताछ के लिए थाने नहीं आए हैं और उन्होंने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए हैं। उनके मिलने पर पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह मामला सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के कुछ दिन बाद दर्ज किया गया था, जिसमें मनोरमा पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में पिस्तौल लेकर कुछ लोगों के साथ बहस करती नजर आ रही थीं।

### समिति के समक्ष अपना पक्ष रखूंगी : पूजा खेडकर



**मुंबई।** परिवीक्षाधीन आईएएस पूजा खेडकर ने सोमवार को कहा कि वह उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच कर रही केंद्रीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगी और सत्य की जीत होगी। खेडकर (34) सिविल सेवा परीक्षा में चुने जाने के लिए कपटपूर्ण तरीके का इस्तेमाल करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन्होंने खुद को कथित तौर पर शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय का बताया था। खेडकर ने वाशिम में कहा, मैं समिति के समक्ष अपना पक्ष रखूंगी। मुझे लगता है कि समिति जो भी निर्णय लेगी, वह सभी को स्वीकार्य होना चाहिए।

# सीबीआई ने संभाली छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती घोटाले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग के पूर्व अध्यक्ष व सचिव के खिलाफ प्राथमिकी और आवासीय परिसरों पर छापा

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) में कथित भर्ती घोटाले की जांच संभाल ली है जिसमें तत्कालीन अध्यक्ष, अधिकारियों और नेताओं के परिजनों को 2020-22 के दौरान जिला कलेक्ट्रेट और पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एजेंसी ने तत्कालीन सीजीपीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी, तत्कालीन सचिव जेके ध्रुव और अन्य के खिलाफ कथित भाई-भतीजावाद और अपात्र बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों और परिचितों की जिला कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षकों और ऐसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रावीण्य सूची में आगे बढ़ाने के आरोप में एक प्राथमिकी दर्ज की है।

सीबीआई ने रायपुर और भिलाई में सोनवानी और ध्रुव व अन्य के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सोनवानी के बेटे नितेश का चयन एसडीएम, बड़े भाई के बेटे साहिल का उपाधीक्षक और उनकी बहन की बेटी सुनीता का श्रम अधिकारी, उनके बेटे की पत्नी निशा का एसडीएम व उनके भाई की रिश्तेदार दीपा का जिला आबकारी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है।

# मुख्तार अंसारी को भोजन में दिया गया जहर : उमर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अपेक्षित उपचार नहीं दिए जाने का सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लगाया आरोप

गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष आरोप लगाया कि उनके पिता को भोजन में जहर दिया गया था और उन्हें अपेक्षित उपचार नहीं दिया गया, जिससे हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई। मऊ सदर क्षेत्र से पांच बार विधायक रहे अंसारी की 28 मार्च को उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के अस्पताल में हृदयाघात से मृत्यु हो गई थी।

न्यायमूर्ति ॠषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी द्वारा 2023 में दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें बांदा जेल में उनके पिता की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया था, जहां उन्हें रखा गया था। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने मुठभेड़ की आशंका जताई थी। जांच की मांग करते हुए अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने याचिका में की गई प्रार्थना में संशोधन का अनुरोध करते हुए आवेदन दाखिल किया है।

# त्रिपुरा हिंसा : आगजनी से भागे 300 ग्रामीण नहीं लौटे अपने घर

अगरतला, एजेंसी

- धलाई जिले में दो गुटों में झड़प में युवक की मौत के बाद हुई थी आगजनी

त्रिपुरा के धलाई जिले में दो गुटों के बीच झड़प में 19 वर्षीय एक युवक की मौत के बाद हुई आगजनी के कारण भागे करीब 300 ग्रामीण अबतक अपने घर नहीं लौटे हैं। अधिकारियों ने सोमवार बताया कि गंडाट्विजा गांव में आगजनी से प्रभावित ग्रमीणों ने 12 जुलाई से ही राज्य की राजधानी अगरतला से करीब 110 किलोमीटर दूर राहत शिविरों में शरण ले रखी है।

उन्होंने बताया कि धलाई के जिलाधिकारी साजू वाहिद ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सुरक्षा एवं मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। एसडीएम चंद्रजॉय रियांग ने को बताया कि हमलावरों द्वारा कम से कम 40 घरों को क्षतिग्रस्त किया गया और 30 दुकानों में लूटपाट की गई। प्रभावित परिवार इस समय गंडाट्विजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शरण लिए हुए हैं। 12 जुलाई की रात हुई हिंसा में चार मोटरसाइकिल को भी आग के हवाले कर दिया गया। गंडाट्विजा में हालात में सुधार हुआ है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। आगजनी से प्रभावित 80 परिवारों को मुआवजा देने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# धन विधेयक पर सुनवाई के लिए विचार करेगा कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को दी गई चुनौती

उच्चतम न्यायालय उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सोमवार को तैयार हो गया, जिनमें राज्यसभा को कथित तौर पर दरकिनार करने के लिए आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को चुनौती दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायूमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया था कि दलीलें पूरी हो चुकी हैं और याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने की जरूरत है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब मैं संविधान पीठ का गठन करूंगा, तब निर्णय लूंगा। इससे पहले, अदालत ने कहा था कि वह आधार अधिनियम जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता पर विचार करने के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ का गठन करेगी। इसका मकसद आधार अधिनियम और यहां तक कि धन शोधन निवारण अधिनियम में संशोधन को धन विधेयक के रूप में पेश करने के बाद धन विधेयक पर उपजे विवाद का समाधान करना था।

### सीजेआई के सेवानिवृत्त होने से पहले फैसला आने की उम्मीद: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद में कई विधेयकों को धन विधेयक के रूप में पारित किये जाने से जुड़े मामले पर सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय के संविधान पीठ गठित करने के निर्णय का सोमवार को स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के इस साल नवंबर में सेवानिवृत्त होने से पहले इस पर फैसला आ जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि सरकार ने धन विधेयक से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 110 का घोर दुरूपयोग किया है। न्यायालय उन याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है।

## के कामराज का योगदान शिक्षा में अद्वितीय : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के. कामराज को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और कहा कि शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि के. कामराज को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। उन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व और गरीबों के उत्थान के प्रयासों के लिए व्यापक रूप से याद किया जाता है। शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उनका योगदान अद्वितीय है। हम उनके आदर्शों को पूरा करने और समाज निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

# राज्यपाल मानहानि मामले पर ममता बोलीं मेरी टिप्पणी में कुछ भी मानहानिकारक नहीं

कोलकाता, एजेंसी



- कलकत्ता हाईकोर्ट में दाखिल याचिका का ममता ने किया विरोध

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को अपने इस बयान पर दृढ़ता से कायम रहीं कि महिलाओं ने राजभवन में जाने को लेकर भय जताया था। ममता ने मुख्यमंत्री और टीएमसी के अन्य नेताओं के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे में अंतरिम आदेश के लिए राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका का विरोध भी किया।

बोस ने अपने वकील के माध्यम से बनर्जी, दो नवनिर्वाचित विधायकों और टीएमसी की एक अन्य नेता को राजभवन में कथित घटनाओं के संबंध में आगे कोई टिप्पणी करने से रोकने का अनुरोध किया। इस पर बनर्जी के वकील एसएन मुखर्जी ने न्यायमूर्ति कृष्ण राव के समक्ष दलील दी कि उनकी (ममता) टिप्पणी जनहित के मुद्दों पर एक निष्पक्ष टिप्पणी थी और मानहानिकारक नहीं थी। मुख्यमंत्री के अपने बयान पर कायम रहने की बात कहते हुए मुखर्जी ने दलील दी कि उन्होंने केवल राजभवन में कुछ कथित गतिविधियों पर महिलाओं की आशंकाओं को दोहराया था।

**पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी टीम, 26 से शुरू होगा पदकों की जीत का सिलसिला, 28 सदस्यीय दल की अगुवाई करेंगे नीरज**

# एथलेटिक्स टीम पर खर्च की सबसे अधिक धनराशि

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक 10 दिन शेष

**470 करोड़ रुपये इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर खर्च किए**

सिर्फ एक ओलंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले तोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए। इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पिछले ओलंपिक चक्र में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए थे। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस खेलों में चोपड़ा की अगुआई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा है कि पिछली बार सात पदक को देखते हुए इस बार उम्मीदें अधिक है। देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है। भारत ने पेरिस खेलों के लिए बैडमिंटन में पांच कोटा हासिल किए हैं। पीवी सिंधू (महिला एकल), एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) और अश्विनी तथा तनीषा (महिला युगल) शामिल हैं। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम को पिछले तीन साल में 41.29 करोड़ रुपये की राशि मिली जबकि तीरंदाजी पर सरकार ने 39.18 करोड़ रुपये खर्च किए। पहलवानों को कोष से 37.80 करोड़ मिले जबकि भारोत्तोलन के खाते में 26.98 करोड़ आए। घुड़सवारी को 95 लाख रुपये के साथ सबसे कम वित्तीय सहायता मिली। टेनिस को एक करोड़ 67 लाख रुपये जबकि गोल्फ को एक करोड़ 74 लाख रुपये की मदद मिली। नौकायन (3.89 करोड़), तैराकी (3.9 करोड़), पाल नौकायन (3.78 करोड़) और जूडो (6.3 करोड़) पर भी 10 करोड़ रुपये से कम खर्च हुए।

स्टार खिलाड़ी अचंता शरत कमल की अगुआई वाली टेबल टेनिस टीम को सरकार ने 12 करोड़ 92 लाख की वित्तीय सहायता दी। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में सिंधू के साथ शरत कमल भारत के ध्वजवाहक होंगे। निशानेबाजों को 45 विदेशी दौरे मिले जबकि इसके बाद टेनिस (40), एथलेटिक्स (31), टेबल टेनिस (28), कुश्ती (27), तीरंदाजी (24), मुक्केबाजी (23), नौकायन (22), हॉकी (18), जूडो (15), गोल्फ (12) और तैराकी (11) का नंबर आता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान निशानेबाजी में 41 राष्ट्रीय शिविर आयोजित किए गए जो सभी 16 खेलों में सबसे अधिक है। तीरंदाजी 41 शिविर के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद एथलेटिक्स (36), हॉकी (33), मुक्केबाजी (17), नौकायन (16), कुश्ती (15) और बैडमिंटन (13) का नंबर आता है।

## कोहली ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है। कोहली ने कहा भारत के खेलप्रेमियों से 118 सदस्यीय भारतीय ओलंपिक दल का समर्थन करने के लिए कहा। कोहली ने कहा जब वे ट्रैक और फील्ड, कोर्ट या रिंग में उतरेंगे। हर चौराहे, नुक्कड़ पर इंडिया... इंडिया... का शोर गूंजगा। भारतीय दल को शुभकामनाएं।

## टेबल टेनिस दल में खिलाड़ियों से ज्यादा सहयोगी स्टाफ

**नई दिल्ली।** जर्मनी के सारब्रकेन में पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटी भारतीय टेबल टेनिस टीम में खिलाड़ियों से ज्यादा संख्या सहयोगी स्टाफ की है। ओलंपिक से पहले तीसरी बार भारत के मुख्य कोच के तौर पर लौटे इटली के मास्सिमो कोंस्टेंटिनी के साथ राष्ट्रीय कोच के तौर पर पूर्व खिलाड़ी सौरव चक्रवर्ती हैं। इसके अलावा सरकार ने टीम के साथ जाने के लिए चार निजी कोचों को मंजूरी दी है चूंकि महिला टीम की तीनों सदस्य निजी कोच ले जाना चाहती हैं। नौ सदस्यीय सहयोगी स्टाफ में दो मालिशिये और एक फिजियो भी हैं जबकि छह खिलाड़ी (तीन महिला और तीन पुरुष) टीम में हैं। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ अपने निजी कोच लेकर जाएंगी।

# अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार जीती ट्रॉफी

## कोपा अमेरिका के फाइनल में लौटारो मार्टिनेज के दम पर कोलंबिया को 1-0 से हराया, मेस्सी चोटिल

गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी



कोपा अमेरिका का खिताब जीतने के बाद जश्न मनाती अर्जेंटीना की टीम। ● एजेंसी

अर्जेंटीना ने दूसरे हाफ में लियोनेल मेस्सी के पैर में लगी चोट से उबरते हुए कोलंबिया को 112वें मिनट में लौटारो मार्टिनेज के गोल के दम पर 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका फुटबॉल खिताब जीत लिया। इसी के साथ अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका का खिताब जीता। वहीं, मेस्सी को दौड़ते हुए गिरने से चोट लगी।

गोल करने के बाद मार्टिनेज ने बेंच पर जाकर अपने कप्तान को गले लगाया। हार्ड रॉक स्टेडियम पर दर्शकों के उपद्रव के कारण मैच 1 घंटा 20 मिनट विलंब से शुरू हुआ। अर्जेंटीना ने 2021 कोपा अमेरिका और 2022 विश्व कप के बाद तीसरा बड़ा खिताब जीतकर स्पेन की बराबरी कर ली जिसने 2008 और 2012 यूरो चैंपियनशिप के अलावा 2010 विश्व कप जीता था। अर्जेंटीना ने इसके साथ ही कोलंबिया का फरवरी 2022 से चला आ रहा 28 मैचों का अपराजेय अभियान भी रोक दिया। मार्तिनेज 97वें मिनट में मैदान पर उतरे और जियोवानी लो सेल्सो के पास को गोल में बदला। यह उनका 29वां अंतर्राष्ट्रीय गोल और इस टूर्नामेंट में पांचवां गोल था। आखिरी सीटी बजने पर लड़खड़ाकर चलते दिखे मेस्सी ने अपने सीनियर साथियों 36 वर्ष के निकोलस ओट्टामेंडी और एंजेल डि मारिया को ट्रॉफी लेने साथ बुलाया। डि मारिया अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने जा रहे हैं। तीनों एक दूसरे के गले मिले।

डि मारिया ने कहा इसे बयां नहीं किया जा सकता। ऐसा होना था। मैने कल रात डिनर पर सभी से कहा कि मैने इसका सपना देखा है और यही वजह है कि यह मेरा आखिरी कोपा अमेरिका टूर्नामेंट है। मैने इसे जीतने का सपना देखा था। संभवतः अपना आखिरी कोपा अमेरिका खेल रहे 37 वर्ष के मेस्सी ने टूर्नामेंट में एक गोल किया। आठ बार के बलोन डि ओर विजेता मेस्सी जैसे ही मैदान पर गिरे, उन्होंने बेंच की तरफ देखा मानो उन्हें लग गया था कि अब टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल सकेंगे। उन्होंने अपना दाहिना जूता निकाला और उनके टखने में सूजन दिख रही थी।

### प्रशंसकों के हुड़दंग से 1 घंटा 20 मिनट देरी से शुरू हुआ फाइनल मैच

**मियामी।** अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल में रविवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में किकऑफ से पहले सैकड़ों प्रशंसकों ने सुरक्षा द्वार तोड़ दिए जिसके कारण खेल शुरु होने से पहले ही आयोजकों को भारी व्यवधान को नियंत्रित करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ी। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में प्रशंसकों को मियामी गार्डन में कार्यक्रम स्थल के दक्षिण-पश्चिम प्रवेश द्वार के पास बाधाओं को पार करते और पुलिस और सुरक्षा कर्मचारियों के सामने से भागते हुए दिखाया गया है। चीख-पुकार सुनाई दे रही थी और कुछ लोगों को फ्लोरिडा की भीषण गर्मी में चिकित्सा उपचार प्राप्त करते देखा जा सकता था। स्थानीय समयानुसार, कम से कम 30 मिनट के लिए स्थगित किया। बयान में कहा गया है, हम सभी से धैर्य रखने और हमारे अधिकारियों और हार्ड रॉक स्टेडियम कर्मियों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने के लिए कह रहे थे। अनियंत्रित व्यवहार से आपको बाहर निकाल दिया जाएगा या गिरफ्तार करेंगे। 65 हजार से अधिक की भीड़ की उम्मीद थी।



टखने में चोट लगने के बाद निराश बैठे मेस्सी। ● एजेंसी

### आर्थिक संकट से जूझ रहे अर्जेंटीना को मिला जश्न का मौका

**ब्यूनस आयर्स।** आर्थिक संकट से जूझ रहे अर्जेंटीना के फुटबॉलप्रेमी पिछले 24 दिन में अपना हर दुख दर्द भूल गए और लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली टीम को कोपा अमेरिका खिताब जीतते देखकर कुछ पल के लिये ही सही, उन्हें जश्न मनाने का मौका मिला। 18 दिसंबर 2022 को अर्जेंटीना के विश्व कप जीतने के जश्न के साक्षी रहे डिएगो सासेरेस ने कहा शानदार। यह जीत भी खूबसूरत है। लगातार दूसरी बार कोपा अमेरिका जीतने के साथ ही अर्जेटीना में जीत के जश्न और आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हो गया। अर्जेंटीना यूं तो बरसों से आर्थिक संकट से जूझता आया है लेकिन आज सालाना मुद्रास्फीति की दर 270 प्रतिशत रही और देश की साढे.चार करोड़ आबादी में से 60 प्रतिशत गरीबी में जी रहे हैं।

## खेल डायरी

### इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के दौरे पर नहीं जाएंगे कमिंस

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे जबकि मिचेल स्टार्क टी-20 शृंखला नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी-20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे मैच खेलने हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि यह पहले से तय था कि अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के मद्देनजर कार्यभार प्रबंधन के तहत कमिंस नहीं खेलेंगे। मिचेल मार्श टीम के कप्तान होंगे। युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को वनडे और टी-20 दोनों टीमों में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया 50 ओवरों के प्रारूप में विश्व कप चैंपियन है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताsब भी जीता है लेकिन टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा।

### अनाहत, बावा विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में

**चेन्नई।** भारत के अनाहत सिंह और शौर्य बावा अमेरिका के ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कियों और लड़कों के वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। यह पहला मौका होगा जब दो भारतीय एक ही वर्ष में प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में भाग लेंगे। यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार अनाहत ने लगातार तीसरे वर्ष अंतिम आठ चरण में जगह बनाई है। 5/8 वरीयता प्राप्त 16 वर्षीय महिला राष्ट्रीय चैंपियन ने चौथे दौर में जापान की अकारी मिडोरिकावा (9/16) को 11-6, 13-11, 11-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की नादियान एलहामामी (3/4) से होगा। इस बीच, शौर्य बावा (17/32) भी अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टबिल्स (17/32) पर 11-5, 13-11 11-9, 5-11 से जीत के साथ लड़कों के एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### रंधावा स्विस सीनियर में संयुक्त सातवें स्थान पर

**जिनेवा।** भारत के ज्योति रंधावा लीजैंड टूर के स्विस सीनियर ओपन गोल्फ में संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जबकि जीव मिल्खा सिंह संयुक्त 20वें स्थान पर रहे। स्वीडन के जारमो सेंडेलिन ने आखिरी दौर में 67 और कुल दस अंडर 200 के स्कोर के साथ खिताब जीता। 50 पार के खिलाड़ियों के लिए होने वाले इस टूर्नामेंट में रंधावा ने छह अंडर स्कोर करके शीर्ष दस में जगह बनाई। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए और दो बोगी किए। भारत के जीव ने पांच बर्डी लगाए और तीन बोगी किए।

### शुभंकर स्कॉटिश ओपन में 39वें स्थान पर

**नार्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा जेनेसिस स्कॉटिश ओपन में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। रविवार को अपना 28वां जन्मदिन मनाने वाले शर्मा ने आठ अंडर से स्कोर किया और शीर्ष दस में जगह बनाने के करीब थे लेकिन ट्रिपल बोगी करके नीचे खिसक गए। उन्होंने आठ अंडर 282 स्कोर किया। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैक ने खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कुल 18 अंडर से स्कोर किया और एडम स्कॉट से एक शॉट आगे रहे।

### गुकेश सातवें स्थान पर रहे, कारुआना ने जीता खिताब

**जाग्रेब (क्रोएशिया)।** भारत के डी गुकेश सुपरयुनाइटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर रहे, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। गुकेश ने प्रतियोगिता में 14 अंक बनाए जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती 11 अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। कारुआना ने यहां सुपरवेट क्लासिक में जीत दर्ज करने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 27 अंक बनाकर नॉर्वे के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन के रिकॉर्ड की बराबरी की। कारुआना को खिताब जीतने पर 40,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली।

## टेस्ट-वनडे खेलता रहूंगा : रोहित



**डलास (अमेरिका)।** पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह चुके भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह कम से कम कुछ समय तक टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे।

रोहित वेस्टइंडीज में विश्व कप जीतने के बाद से ब्रेक पर हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैच भी नहीं खेलेंगे। सैतीस वर्ष के रोहित ने यहां एक समारोह में कहा कम से कम कुछ समय तक तो आप मुझे खेलते देखेंगे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सत्र और चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित ही कप्तान होंगे।

### वेविन ने रोहित को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** ऑर्बिया बिजनेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर वेविन ने हाल ही में टी-20 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान रहे रोहित शर्मा को भारत के लिए अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। इस अवसर पर ऑर्बिया इंडिया के अध्यक्ष रणधीर चौहान ने कहा वर्षों से वेविन भारत के विभिन्न शहरों और समुदायों में उच्च गुणवत्ता के प्लम्बिंग और ड्रेनेज सिस्टम उपलब्ध कराते हुए विकसित देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। हमें अब रोहित शर्मा को अपनी कंपनी का चेहरा बनाने की खुशी है।

## सात्विक-चिराग को ओलंपिक के लिए अनुकूल ड्रॉ मिला

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार पुरुष युगल टीम को 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में अनुकूल ड्रॉ मिला है। सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (27 वर्ष) की जोड़ी को तीसरी वरीयता मिली है।



स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी को ग्रुप सी में रखा गया है जहां फजर अल्फियां और मोहम्मद रियान एरदियांतो की इंडोनेशिया की छठे नंबर की जोड़ी उनकी सबसे कड़ी प्रतिद्वंद्वी होगी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में मार्क लैम्सफस और मर्विन सीडल की जोड़ी और लुकास कोर्वी तथा रोनन लेबर की जोड़ी से भी भिड़ना है।

## बारबोरा की शीर्ष 10 में वापसी अल्काराज तीसरे स्थान पर

लंदन, एजेंसी

विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं जबकि महिला एकल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंच गईं।

क्रेजिकोवा ने शनिवार को फाइनल में पाओलिनी को पराजित करके अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस जीत से चेक गणराज्य की 28 वर्षीय खिलाड़ी 22 पायदान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में कार्लोस अल्काराज लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बनने के बावजूद पहले की तरह तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। यानिक सिनर इस प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। अल्काराज ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। जोकोविच पहले की तरह दूसरे नंबर पर काबिज हैं। महिला वर्ग में इगा स्वियातेक पहले की तरह शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## बॉलीवुड हलचल

## अक्षय की सरफिरा ने वीकेंड के दौरान कमाए 12 करोड़ रुपये

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा ने अपने पहले वीकेंड के दौरान भारतीय बाजार में 12 करोड़ रूपये की कमाई की। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है। सरफिरा पहले दिन ने देशभर में 2 .50 करोड़ रूपये का कलेक्शन किया ।रिलीज के दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में उछाल देखने को मिला। दूसरे दिन सरफिरा ने 4 .25 करोड़ रुपये की कमाई की। तीसरे दिन फिल्म सरफिरा ने 5 .25 करोड़ की कामई की। फिल्म सरफिरा ने अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में भारतीय बाजार में 12 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है।

## विक्की-एमी के साथ तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री



**मुंबई।** फिल्म बैड न्यूज के गाने मेरे महबूब मेरे सनम में विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ त्रिप्ती डिमरी की शानदार केमिस्ट्री नजर आ रकी है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। एनिमल के बाद विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ बैड न्यूज में उन्हें वापस स्क्रीन पर देखने के लिए प्रशंसक उत्साहित हैं। फिल्म के पिछले दो गानों तौबा तौबा और जानम में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, मेरे मेहबूब मेरे सनम गाने में तृप्ति डिमरी बॉलीवुड हीरोइन की तरह दिख रही हैं। विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी काफी हॉट दिख रही है, वहीं एमी विर्क के साथ उनकी जोड़ी बहुत प्यारी है। विक्की कौशल और त्रिप्ती डिमरी की फिल्म बैड न्यूज का तीसरा गाना, मेरे मेहबूब मेरे सनम, शाहरुख खान, जूही और सोनाली की फिल्म डुप्लिकेट के मशहूर गाने का नया संस्करण है।

**चैंपियंस ट्रॉफी** पीसीबी ने मांगा जबाव, भारत के मैचों को लेकर आईसीसी से हाइब्रिड मॉडल पर बात करेगा बोर्ड

# सरकार ने अनुमति नहीं दी बीसीसीआई लिखित में दे

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी के एक सूत्र ने यह बात कही। मेजबान बोर्ड चाहता है कि मामला जल्दी से सुलझाया जाए क्योंकि टूर्नामेंट अगले साल फरवरी मार्च में होना है।

आईसीसी की सालाना कांफ्रेंस 19 जुलाई को कोलंबो में होगी जिसमें हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा एजेंडे में नहीं है। इसके तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगी। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा अगर भारत सरकार ने अनुमति नहीं दी है तो उसे लिखित में देना होगा और बीसीसीआई को चाहिए कि आईसीसी को वह पत्र तत्काल दे। उन्होंने कहा हम लगातार कह रहे हैं कि बीसीसीआई पांच छह महीने पहले टूर्नामेंट के लिए टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में आईसीसी को लिखित में सूचित करे। बीसीसीआई हमेशा से कहता आया है कि पाकिस्तान में खेलने का फैसला सरकार का होगा और 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे।

पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होगा और फाइनल नौ मार्च को लाहौर में होगा। फाइनल में एक दिन रिजर्व का होगा। बीसीसीआई सूत्रों की माने तो टीम पाकिस्तान नहीं जाने वाली और ऐसी दशा में आईसीसी प्रबंधन अतिरिक्त बजट आवंटन कर सकता है।

### केंद्रीय अनुबंध के समय में होगी कटौती, वेतन में नहीं

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को अपने केंद्रीय अनुबंध का समय तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया लेकिन खिलाड़ियों के वेतन में कटौती नहीं की जाएगी। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी द्वारा लाहौर में बुलाई गई बैठक में यह फैसले किए गए। बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड के अधिकारी ने कहा चयनकर्ताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा। पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी दी गई थी। अधिकारी ने कहा कि पीसीबी ने सभी केंद्रीय और घरेलू अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक तीन महीने में फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

अद्भुत नजारा



पनामा के पेडासी में इगुआना द्वीप के पास करतब दिखाती एक हंपबैक व्हेल। • एजेंसी

## सीरिया में संसदीय चुनाव की शुरुआत

**दमिश्क।** सीरिया में चुनाव के लिए सर्वोच्च न्यायिक समिति ने सोमवार को पीपुल्स असेंबली के चौथे विधायी कार्यकाल के लिए मतदान शुरू होने की घोषणा की। सरकार-नियंत्रित क्षेत्रों में कुल 8,151 मतदान केंद्रों में स्थानीय समयानुसार सुबह 7:00 बजे से शाम सात बजे तक मतदान चलेगा। एकदिवसीय चुनाव में पीपुल्स असेंबली की 250 सीटों के लिए 1516 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए उतरे हैं। मतदान में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु का प्रत्येक नागरिक मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। सर्वोच्च न्यायिक समिति के अध्यक्ष न्यायाधीश जिहाद मुराद ने एक बयान में कहा कि मतपेटियों का खुलना एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुरुआत है।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बोले- मेरी मौत नियत कर दी गयी थी

मिलवॉकी, एजेंसी

- रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मिलवॉकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट से बात की
- पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाएगा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में उन पर हुए जानलेवा हमले के बाद उनकी मौत नियत कर दी गयी थी तथा उन्होंने इस घटना को एक विचित्र अनुभव बताया।

घटना के बाद अपने पहले साक्षात्कार में 78 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने रूढ़िवादी अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्हें लगता है कि वे भाग्य या भगवान की कृपा से बच गये। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार से शुरू हो रहे रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए मिलवॉकी जाते समय न्यूयॉर्क पोस्ट से बात करते हुए कहा, मेरे बारे में यह माना जा रहा था कि मैं यहां नहीं रहूंगा, मेरी मौत नियत कर दी गयी थी। सम्मेलन में उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामित किया जाएगा। उन्होंने कहा, सबसे अविश्वसनीय बात यह थी कि मैंने न केवल अपना सिर घुमाया, बल्कि सही समय पर और सही मात्रा में घुमाया। उन्होंने यह भी कहा कि जो गोली उनके कान को छूती हुई निकली, उससे उनकी आसानी से मौत हो सकती थी। ट्रंप ने कहा, मेरी मौत नियत कर दी गयी थी, मेरे बारे में माना जा रहा था कि मैं यहां नहीं रहूंगा। उन्होंने इस पूरी घटना को एक विचित्र अनुभव बताया। इस हमले में एक दर्शक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन पर हमला करने वाले 20 वर्षीय बंदूकधारी भी मार गिराया गया, जिसका नाम थॉमस मैथ्यू क्रुक्स था।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, ट्रंप ने अपने दाहिने कान पर सफेद पट्टी बांध रखी थी, लेकिन उनके सहयोगियों ने कोई तस्वीर लेने की अनुमति नहीं दी। ट्रंप ने कहा, अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा, उन्होंने इसे चमत्कार बताया।




कैलिफ़ोर्निया के हंटिंगटन बीच पर रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में लोगों ने रैली निकाली। • एजेंसी

## एक नजर

### जर्मनी में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मन शहर लॉटलिंगन, बाडेन-वुर्टेमबर्ग में गोलीबारी की एक घटना में संदिग्ध सहित तीन लोगों की मौत हो गई है। बिल्ड अखबार ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेज दिया गया है। अखबार ने बताया कि संदिग्ध ने अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बनाया। जांचकर्ताओं ने बताया कि गोलीबारी घरेलू विवाद के कारण हुई हो सकती है। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की है कि स्थिति नियंत्रण में है।

### अर्जेंटीना में डेंगू के पांच लाख से ज्यादा मामले

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत से अब तक डेंगू के 520,037 मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले साल की तुलना में डेंगू का प्रकोप 3.17 गुना ज़्यादा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान बुलेटिन के अनुसार इस साल के पहले 27 हफ़्तों में स्वास्थ्य अधिकारियों ने डेंगू के 520,037 मामले दर्ज किए। बुलेटिन के अनुसार सबसे ज़्यादा मामले 60.7 प्रतिशत मध्य क्षेत्र में दर्ज किए गए उसके बाद उत्तर-पश्चिम में 24.1 प्रतिशत और उत्तर-पूर्व में 13.1 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण 392 मौतें दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में घटना दर प्रति 100,000 निवासियों पर 1,141 मामले है जो 13 सप्ताह से घट रही है। मृतकों में सबसे आम लक्षण बुखार, सिरदर्द, मतली और उल्टी, दस्त और पेट दर्द थे।

### बर्मिंघम में गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** बर्मिंघम के एक क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि इससे पहले शहर के ही एक घर के बाहर इसी तरह की घटना में एक छोटे बच्चे समेत तीन लोग मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बर्मिंघम पुलिस के अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि शनिवार देर रात 11 बजे के बाद एक नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी की घटना में कई लोगों के मारे जाने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिट्जगेराल्ड ने कहा कि बर्मिंघम दमकल एवं बचावकर्मियों ने क्लब के पास फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया, जबकि क्लब के अंदर दो महिलाओं के शव मिले। उन्होंने बताया कि 10 लोगों को घायल अवस्था में बर्मिंघम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया और नौ अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है।

### भूस्खलन में लापता हुए तीन लोगों की मौत

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान के एहिमे प्रांत में शुक्रवार तड़के हुये भूस्खलन के कारण ढहे एक घर में फंसे तीन लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार अग्निशामक दल और पुलिस ने एहिमे प्रान्त के मात्सुयामा में आपदा प्रभावित क्षेत्र की तलाशी ली और शनिवार दोपहर को दो पुरुष तथा एक महिला को पाया। बाद में पुष्टि की गई कि तीनों वहीं लोग है, जो शुक्रवार को भूस्खलन से क्षतिग्रस्त घर के मलबे के नीचे दब गये थे। मृतकों में एक पुरुष, एक महिला और उनका पुत्र शामिल है जो भूस्खलन से पहले एक लकड़ी के घर में रह रहे थे। गौरतलब है कि स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह करीब चार बजे एक पहाड़ से करीब 50 मीटर चौड़ी और 100 मीटर ऊंची ढलान ढह गई जिससे मिट्टी बहकर आस-पास के घरों के ऊपर जा गिरी जिसमें लकड़ी का एक घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। किसी के लापता होने की कोई खबर नहीं है।

# पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा

## इद्दत मामले में पार्टी प्रमुख को राहत मिलने के बाद की गई कार्रवाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले की घोषणा की है। पाकिस्तानी न्यूज़ पोर्टल डॉन की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर संघीय सरकार द्वारा प्रतिबंधों की घोषणा रणनीति के तहत हो सकती है, ताकि इस पार्टी को नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनने से रोका जा सके। यह घोषणा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षित सीटों के मामले में पीटीआई और इद्दत मामले में पार्टी प्रमुख को राहत दिए जाने के बाद की गई है।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शीर्ष अदालत और सांसदों द्वारा आरक्षित सीटों और पीटीआई से जुड़े सांसदों के निर्णयों पर नियोजित प्रतिबंध अभी निर्धारित नहीं किया गया है। सूचना मंत्री अत्ता तरार ने इस्लामाबाद में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि अगर देश को आगे बढ़ना है तो वह पीटीआई के रहते ऐसा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि संविधान का अनुच्छेद 17 सरकार को राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है।

### खान की पार्टी ने प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को हताशा में उठाया गया कदम बताया

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने उस पर प्रतिबंध लगाये जाने के सरकार के फैसले को लेकर सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पार्टी ने कहा कि यह कदम हताशा में उठाया गया है और संघीय प्रशासन में घबराहट का संकेत देता है। पाकिस्तान सरकार ने ऐलान किया है कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता को लेकर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को प्रतिबंधित किया जाएगा और खान (71) एवं उनकी पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाएगा। खान 200 से अधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी करार दिया गया है और वह अभी रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सूचना मंत्री द्वारा बताए गये कारणों में गोपनीय दस्तावेज लीक और चुनावी धांधली एवं राजनीति से प्रेरित मामलों पर अमेरिकी संसद का प्रस्ताव शामिल है। लेकिन इन मामलों में कोई दम नहीं है। पीएमएल-एन अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का नेतृत्व चिर प्रतिद्वंद्वी नवाज शरीफ कर रहे हैं और यह उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ नीत सत्तारूढ़ गठबंधन में बड़ा घटक दल है। खान की पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सीनेट सदस्य अली जफर ने जियो न्यूज से कहा कि संघीय सरकार हताशा में आकर पार्टी को प्रतिबंधित करने का प्रयास कर रही है क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने आरक्षित सीटों के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिया है।

## पाकिस्तानी सेना की छावनी पर हमला 17 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सेना के छावनी क्षेत्र में सोमवार तड़के हुए हमले में कम से कम आठ सुरक्षाकर्मी और नौ नागरिक घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना प्रांत के बन्नू जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 4:45 बजे हुई। जहां एक आत्मघाती हमलावर ने छावनी के एक गेट पर सेना के तेल टर्मिनल के वाहन को टक्कर मार दी जबकि उसके तीन से चार साथी हथगोले फेंककर क्षेत्र में घुसने में सफल रहे।

सूत्रों ने बताया कि हमलावरों में से एक को सुरक्षा अधिकारियों ने मार गिराया है जबकि क्षेत्र में तलाशी और निकासी अभियान जारी है। आस-पास के घरों के टूटे शीशे से एक पुलिस अधिकारी समेत नागरिक घायल हो गए और उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया। सूत्रों ने कहा, घायल सैनिकों की सही संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन उनमें से एक अधिकारी समेत आठ को जिले के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक किसी भी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में ओली ने ली शपथ



काठमांडू में राष्ट्रपति निवास पर पद की शपथ के बाद नवनिर्वाचित केपी ओली (दाएं) को बधाई देते हुए निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल (बाएं)। • एजेंसी

काठमांडू, एजेंसी

- ओली नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे

के.पी. शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और वह नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो हिमालयी देश में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना करेगी। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) तथा अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनीफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में पौडेल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह आधे घंटे से अधिक देरी से शुरू हुआ। एक समाचार पोर्टल के अनुसार, पार्टी के भीतर विवाद के चलते नेपाली कांग्रेस सरकार में शामिल होने के लिए अपने मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने में विफल रही, जिसके कारण ही शपथ ग्रहण समारोह में देरी हुई। राष्ट्रपति ने दो उप प्रधानमंत्री, प्रकाश मान सिंह और बिष्णु पौडेल को भी शपथ दिलाई। इसके अलावा 19 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली।

## नेपाल बस हादसे में अभी तक 11 शव बरामद किए गए

**काठमांडू।** नेपाल में यात्रियों से भरी दो बसों के बीते शुक्रवार को भूस्खलन के मलबे के साथ बह जाने की घटना में नदी से बचावकर्मियों ने अब तक कुल 11 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बचावकर्मियों को लापता बसों और उनमें सवार लगभग 50 लोगों की तलाश के दौरान अलग-अलग स्थानों पर शव मिले।

सरकारी प्रशासक खीमा नंदा भुसाल ने बताया कि सात शवों की पहचान कर उनके रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है। मृतकों में तीन भारतीय हैं और बाकी चार नेपाली नागरिक हैं। उन्होंने बताया कि नदी से चार और शव बरामद किए गए हैं, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि वे बसों में सवार थे या नहीं। उन्होंने कहा, जब तक जरूरत होगी, हम तलाश जारी रखेंगे और इसे बंद करने की हमारी कोई योजना नहीं है। हम तब तक काम करेंगे जब तक सभी लोग नहीं मिल जाते। दोनों बसें 65 यात्रियों को ले जा रहीं थीं और शुक्रवार की सुबह काठमांडू से लगभग 120 किलोमीटर पश्चिम में सिमलताल के पास भूस्खलन के मलबे में बहने के बाद बसें, बारिश के पानी से उफनती त्रिशूली नदी में जा गिरीं।

## बाल मजदूरों को मुक्त कराने की याचिका पर जारी किया नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से उस याचिका पर जवाब तलब किया, जिसमें अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है, जिनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी।

# अस्पताल की लिफ्ट में दो दिन तक फंसा रहा शख्स

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- दो लिफ्ट ऑपरेटर तथा एक ड्यूटी सर्जेंट को निलंबित कर दिया

केरल में तिरुवनंतपुरम के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 59 वर्षीय व्यक्ति दो दिन तक लिफ्ट के भीतर फंसा रहा लेकिन लिफ्ट के संचालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। जब लिफ्ट को सोमवार सुबह नियमित कामकाज के लिए चालू किया गया, तब उसमें व्यक्ति के फंसे होने की जानकारी मिली। प्रशासन ने जिम्मेदारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि उलूर निवासी रवींद्रन नायर शनिवार से यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज के ओपी ब्लॉक की लिफ्ट में फंसे हुए थे और जब लिफ्ट ऑपरेटर नियमित कामकाज के लिए लिफ्ट चालू करने आया तो उसने नायर को बाहर निकाला। नायर एक चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उन्हें विस्तृत चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया, वह पहली मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में चढ़े थे लेकिन उन्होंने दावा किया कि लिफ्ट नीचे आ गयी और खुली नहीं। वह मदद के लिए चिल्लाए लेकिन कोई नहीं आया। उनका फोन भी बंद था। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने जांच के आदेश दिए हैं और इस संबंध में एक रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस घटना के संबंध में तीन स्टाफ सदस्यों - दो लिफ्ट ऑपरेटर तथा एक ड्यूटी सर्जेंट को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह सामने आयी जब लिफ्ट ऑपरेटर ने नियमित कामकाज के लिए लिफ्ट चालू की।

## सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 23 लोगों की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के उत्तरी कोर्डोफन राज्य में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 23 नागरिक मारे गए है। गैर-सरकारी समूहों ने रविवार को यह घोषणा की।

एक अनौपचारिक कानूनी निकाय मशाद ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि आरएसएफ मिलिशिया ने उत्तरी कोर्डोफन राज्य के अल-राहद इलाके के कई गांवों में नरसंहार किया जिसमें कम से कम 23 नागरिक मारे गए और अन्य घायल हो गए। बयान में बताया गया कि यह घटना उस समय हुई जब आरएसएफ बल ने अल-रहाद शहर से आ रहे तथा उम रवाबा शहर के उत्तर में उम सिमाइमा गांव के साप्ताहिक बाजार की ओर जा रहे कई वाहनों को रोका और लोगों पर गोलियां चला दीं।

# नाटो के साथ तनाव के बीच चीन और रूस का संयुक्त नौसैन्य अभ्यास शुरू

बीजिंग, एजेंसी

चीन और रूस की नौसेनाओं ने रविवार को दक्षिणी चीन में एक सैन्य बंदरगाह पर संयुक्त अभ्यास शुरू किया। चीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे वक्त में हो रहा है, जब कुछ दिन पहले उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों ने बीजिंग को यूक्रेन में युद्ध का निर्णायक समर्थक बताया था।

चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दोनों देशों की वायु सेना ने हाल में पश्चिमी और उत्तरी प्रशांत महासागर में गश्त की और इस अभ्यास का अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है तथा इसमें किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाया गया।



- अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना

यह अभ्यास रविवार को गुआंगडोंग प्रांत में शुरू हुआ और इसके जुलाई मध्य तक जारी रहने की संभावना है। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने शनिवार को बताया था कि इस अभ्यास का उद्देश्य सुरक्षा खतरों से निपटने और वैश्विक व क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता बनाए रखने की क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। इसमें मिसाइल रोधी अभ्यास, समुद्री हमले और वायु रक्षा शामिल है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि चीनी और रूस नौसेना ने झांगजियांग शहर में उद्घाटन समारोह के बाद अभ्यास किया।

पिछले सप्ताह नाटो देशों के साथ चीन के तनाव के बाद यह संयुक्त अभ्यास हो रहा है। वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन में बीजिंग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा गया था कि चीन, रूस के साथ अपनी तथाकथित बिना सीमा वाली साझेदारी और रक्षा औद्योगिक आधार का बड़े पैमाने पर समर्थन कर यूक्रेन के खिलाफ उसके युद्ध में निर्णायक रूप से बढ़ावा देने वाला बन गया है। इसके जवाब में चीन ने नाटो पर दूसरों की कीमत पर सुरक्षा पाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था और उससे एशिया में ऐसी अराजकता न फैलाने के लिए कहा था।

खगोल विज्ञान

हमारे सौर मंडल का सर्वाधिक चर्चित पिंड है प्लूटो, 2006 में अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक में बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया था

# नई परिभाषा की संस्तुति के बाद हमारे सौर परिवार का नौवां ग्रह बनेगा प्लूटो

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ग्रह की श्रेणी से बाहर किए जाने के बाद विवादों में रहा बौना ग्रह प्लूटो एक बार फिर चर्चाओं में है। ग्रहों को लेकर पुनः एक बार फिर नई परिभाषा गढ़ी गई है। जिसे अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की अगस्त में प्रस्तावित बैठक में रखा जाएगा। यदि नई परिभाषा को संस्तुति मिल जाएगी तो एक बार फिर हमारे सौर परिवार में ग्रहों की संख्या नौ हो जाएगी।

प्लूटो हमारे सौर मंडल का अभिन्न सदस्य है। खोज के बाद इसे सौर मंडल के नौवें ग्रह के रूप में पहचान मिली थी और ग्रह की श्रेणी में था। मगर 2006 में हुई अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक प्लूटो के लिए बुरी खबर लेकर आई और उसे ग्रह की जगह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। इस बैठक में ग्रह की परिभाषा बदल दी गई थी। जिस कारण प्लूटो के ग्रह की सदस्यता भंग कर दी गई। इस बैठक ने वैज्ञानिकों को दो वर्गों में विभाजित कर दिया और हमारे ग्रह नक्षत्रों की दुनिया में सर्वाधिक चर्चा का केंद्र बन गया। प्लूटो की खोज 18 फरवरी 1930 में हुई। अन्य ग्रहों की तरह प्लूटो भी सूर्य की परिक्रमा करता है। पृथ्वी के 247.68 वर्ष के बराबर इसका एक वर्ष होता है। यानी सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में बेहद लंबा समय तय करना पड़ता है। इसकी वजह सूर्य से बहुत अधिक दूरी है। जब यह सूर्य के करीब होता है तो दूरी 4.4 अरब किमी रह जाती है और जब दूर पहुचता है तो 7.4 अरब किमी होती है। जिस कारण इसे सूर्य का एक चक्कर पूरा करने में लंबी यात्रा करनी पड़ती है। आकार में भी यह बहुत छोटा है, जो हमारे चंद्रमा का एक तिहाई है। कभी-कभी यह नेप्च्यून की कक्षा के भीतर पहुंच जाता है। इसके ग्रह की श्रेणी से बाहर करने की एक बड़ी वजह नेप्च्यून की कक्षा में प्रवेश करना रहा है। यह कुईपर बेल्ट में घिरे रहने वाले पिंडों के समान नाइट्रोजन की बर्फ से ढका रहता है। माना जाता है कि प्लूटो सौर मंडल के अवशेष मलवे से बने चट्टान का पिंड है। प्लूटो को नग्न आंखों से नही देखा जा सकता है। सूर्य की रोशनी को प्लूटो तक पहुंचने में पांच घंटे से भी अधिक समय लग जाता है। बहरहाल अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ की बैठक में प्लूटो को ग्रह की श्रेणी के पक्षधर वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लूटो को अवश्य ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया जाएगा।



सौर मंडल की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### जीवन की कोई संभावना नहीं

प्लूटो पर जीवन की कोई संभावना नजर नहीं आती है। क्रूइशांक विश्वविद्यालय सेंट्रल फ्लोरिडा के वैज्ञानिकों ने प्लूटो पर शोध करके यह जानकारी दी है। प्लूटो की धुरी 120 डिग्री पर झुकी हुई है। जिस कारण सूर्य की परिक्रमा करते समय इसकी जलवायु में परिवर्तन देखने को मिलता है। जिसमें मिथेन की बर्फ इसके वायुमंडल में हाइड्रोकार्बन की धुंध में बदल जाती है और बर्फ के रूप में बरसकर इसकी सतह को ढक देता है। प्लूटो में अभी कई रहस्य छिपे हुए हैं। जिनका भविष्य में खुलासा होना बाकी है।

### अशुभ माना इसलिए नाम प्लूटो

यूनानी रोमन आख्यानों के अनुसार प्लूटो को मृत्युलोक का देवता माना जाता है। जहां हमेशा घना अंधेरा रहता है। वहीं हमारी पौराणिक कथाओं में प्लूटो को यमराज माना जाता है। इसलिए इस प्लूटो को भारतीयों ने यम कहना शुरू कर दिया। खगोलविदों अनुसार यहां सूर्य की किरणें नहीं पहुँचती थीं, जिस कारण यहां अंधेरा रहता था इसलिए उन्होंने भी इसका नाम प्लूटो पसन्द किया। वहीं खगोलविद परसिवल लावेल के नाम के अक्षर पी व एल को आधार मानकर भी इसे प्लूटो की संज्ञा दी गई।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आश्रय दे सकने वाली गुफा की पुष्टि की

**केप कैनावेरल (अमेरिका)।** वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर एक गुफा होने की पुष्टि की है, जो उस स्थान से ज्यादा दूर नहीं है जहां 55 वर्ष पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, वहां सैकड़ों और गुफाएं हो सकती हैं जिनमें भविष्य में अंतरिक्ष यात्री आश्रय ले सकते हैं। इतालवी वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक टीम ने सोमवार को बताया कि चंद्रमा पर एक बड़ी गुफा होने के सबूत मिले हैं। यह अपोलो 11 के लैंडिंग स्थल से महज 250 मील (400 किलोमीटर) दूर सी ऑफ ट्रैंक्विलिटी में स्थित है। यह गड्ढा, वहां खोजे गए 200 से अधिक अन्य गड्ढों की तरह, एक लावा ट्यूब के ढहने से बना था।